आज का मौसम | 29.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.40 | सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार


| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 333, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना - 12




■ डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान - 12



■ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम - 13



■ जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज - 14

# ईरान-इजराइल जंग में झुलसा पश्चिम एशिया

## मध्य पूर्व में महायुद्ध का आगाज

## इजराइल-अमेरिका के हमलों के जवाब में ईरान ने सात देशों में अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना

## तेहरान से तेल अवीब तक आसमान में अंगारे और जमीन पर धुआं, ट्रंप की हुंकार-ईरान में सत्ता परिवर्तन का वक्त

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसियां**

इजराइल ने अमेरिका के सहयोग से शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किये। हमलों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के आवास के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। हमलों के जवाब में ईरान ने शनिवार को भीषण पलटवार करते हुए सात देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया। तेहरान से लेकर तेल अवीव तक, आसमान मिसाइलों की रोशनी से दहक रहा है और जमीन पर चारों ओर तबाही का धुआं है।

ईरान ने जवाबी हमले इजराइल के अलावा बहरीन, यूएई, इराक, कुवैत और कतर में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए हैं। इजराइल के हमलों में ईरान में करीब 85 छात्राओं की मौत हो गयी। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नासिरजादेह और ईरान के प्रमुख रक्षा बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमाडंर मोहम्मद पाकपोर की इन हमलों की मौत हो गयी। ईरानी स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि श्री ख़ामेनेई फिलहाल तेहरान में नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कई जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। ईरान की न्यूज़ एजेंसी 'फार्स' ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ, न्याय प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई, और आर्मी कमांडर-इन-चीफ अब्दोलरहीम मौसवी हतामी ज़िंदा और ठीक हैं। एजेंसी ने बताया कि कतर में तैनात और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाली खास टेक्नोलॉजी से लैस 5,000 किलोमीटर की रेंज वाला अमेरिकी एफपी-132 रडार नष्ट हो गया है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते हैं।



ईरान के तेहरान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुआं उठता देख लोग। ● एजेंसी

### अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में ले ईरान की जनता : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ट्रंप ने 'बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा कि जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।

### एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली/दुबई :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष ने वैश्विक एयर ट्रैफिक को संकट में डाल दिया है। सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाओं में बड़े बदलाव किए हैं। एयर इंडिया का यू-टर्न : दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI 139 को ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से ठीक पहले बीच रास्ते से वापस दिल्ली बुला लिया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी पश्चिम एशिया के तनावग्रस्त क्षेत्रों की अपनी सभी उड़ानें तत्काल प्रभाव से रोक दी हैं। कंपनी स्थिति की निगरानी कर रही है और यात्रियों को रिफंड का विकल्प दे रही है।

### भारतीय दूतावास ने तुरंत पंजीकरण कराने की सलाह दी

**यरूशलम।** भारत ने शनिवार को इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें ' सतर्क रहने की सलाह दी है। वर्तमान में 40 हजार से अधिक भारतीय नागरिक इजराइल में रहते और काम करते हैं। दूतावास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि इजराइल में रहने वाले भारतीय नागरिक, जिन्होंने अभी तक दूतावास में पंजीकरण नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना पंजीकरण करा लें। इसने कहा, "पंजीकरण से दूतावास को आपसे तुरंत संपर्क करने और मौजूदा स्थिति के दौरान आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। परामर्श में कहा गया, "सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के नजदीक रहें इसी बीच तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर यरुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह के लिए अध्ययन संबंधी सभी गतिविधियों को रद्द कर दिया है। हिब्रू विश्वविद्यालय में लगभग 170-180 भारतीय विद्यार्थी हैं, जिनमें से ज्यादातर शोधकर्ता हैं।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### आंध्र: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 21 की मौत

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने से कम से कम 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री कंदुला दुर्गेश ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस त्रासदी की पुष्टि की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय इकाई के भीतर लगभग 30 लोग मौजूद थे।

# होली पर 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को मिला तोहफा


● लोकभवन में सिलिंडर रीफिल को 1,500 करोड़ की धनराशि की गई वितरित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उन्होंने 1500 करोड़ रुपये जारी किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक भी सौंपे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उक्त क्रम में ही होली और दीपावली पर पात्र परिवारों को एक-एक मुफ्त सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। योगी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों को प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी उनके खाते में भेजी जाती है।

**300 रुपये में मिलने लगा एचपीवी वैक्सीन :** स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है। इसे निःशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी बताया कि महिलाओं को मजबूत आर्थिक आधार देने को 'लखपति दीदी' और शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प आंत्रोप्रेन्योर मार्ट) जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।



### 15 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के जीएसटी चोरी के आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम था। आरोपी को नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दाखिल किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पैन व दस्तावेजों के आधार पर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकार को आर्थिक चपत लगाई। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

# जीएसटी चोरी गैंग का सरगना आगरा से गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद**

● चार फर्जी फर्म बना कर किया 200 करोड़ का लेनदेन

● एसआईटी ने मुख्य आरोपी आगरा निवासी पुनीत को पकड़ा

मुरादाबाद में करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बिलिंग के जरिए जीएसटी चोरी के एक बड़े घोटाले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि साइबर सेल और एसआईटी ने गिरोह के सरगना पुनीत को आगरा के सदर बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 11 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 29 चेकबुक, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक पासपोर्ट की छायाप्रति, आठ सिम कार्ड, 32 किरायानामा, पांच मुहर, दो इंकपैड, एक लैपटॉप, एक पीसी, दो बिल्टी बुक तथा 1220 रुपये बरामद किए गए हैं।



पुलिस गिरफ्त में गैंग का मुख्य अभियुक्त।

एसपी क्राइम ने बताया कि मामले में राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा, रेंज-बी मुरादाबाद के प्रधान सहायक आदित्य प्रताप सिंह की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी पुनीत पुत्र बिशम्बर सिंह, निवासी नई आबादी ताल फिरोज खान, मधु नगर थाना सदर बाजार आगरा, फर्जी फर्मों के जरिए बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 2019 में दिल्ली में कपड़े की दुकान पर काम करने के दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने उसकी पत्नी के नाम से जीएसटी फर्म बनवाई। बाद में उसने जीएसटी पोर्टल का यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त कर फर्जी बिल अपलोड करना शुरू कर दिया। बिना माल की आपूर्ति किए केवल पोर्टल पर बिल अपलोड कर इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त किया जाता था।

आरोपी पुनीत ने बताया कि विभिन्न फर्जी फर्मों के माध्यम से खातों में रकम ट्रांसफर कर उसे घुमाया जाता था और कमीशन काटकर नकद राशि संबंधित लोगों को उपलब्ध कराई जाती थी। जांच में पता चला है कि मेसर्स आरके. इंटरनेशनल के खाते में लगभग 88 करोड़ रुपये, मेसर्स मैग्ना एंटरप्राइजेज के खाते में करीब 57 करोड़ रुपये तथा सुश्री वान्या एंटरप्राइजेज के खाते में लगभग 122 करोड़ रुपये की बिल ट्रेडिंग की गई।




## न्यूज ब्रीफ

### युवती को होटल बुलाने पर युवक को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** फोन पर 20 हजार रुपये की बात कहकर युवती को होटल में बुलाना भारी पड़ गया। युवती अपने परिवार वालों को साथ लेकर होटल पहुंच गई। इसके बाद युवक को युवती व उसके परिवार वालों ने जमकर पीटा। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शहर में एक अस्पताल में काम करने के लिए आती थी। इसी दौरान एक युवक ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। युवक ने शुक्रवार को युवती को बार-बार फोन करना शुरू कर दिया।20 हजार रुपये का लालच देकर नेशनल हाईवे स्थित एक होटल में बुलाने लगा। युवती ने अपने परिवार वालों को जानकारी दी। शनिवार की सुबह युवती अपने परिवार वालों को लेकर होटल पहुंची और युवक को झांसे में लेने के बाद उसे पीटना शुरू कर दिया। युवती के परिवार वालों ने भी युवक को बेल्ट व लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया जिससे वहां हंगामा की स्थिति बन गई। लोगों ने किसी तरह युवक को युवती के परिवार वालों से बचाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पर गिरे व्यापारी को डंपर ने रौंदा, मौत

**चौधरपुर ,अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखुपुर माफी में रईस अंसारी का बड़ा बेटा आसिम की कपड़े की कपड़े की दुकान असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में है। शुक्रवार की शाम वह दुकान बंद कर घर आ रहा था। मंसूरपुर माफी चौकी के पास बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक उछलकर सड़क किनारे जा गिरा जबकि आसिम बीच सड़क पर गिर गया तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। कुचल जाने से पहचान मोबाइल और बाइक से हुई।

### धारदार हथियार से किया घायल

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मों. मुदस्सिर पुत्र शमीम अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी की रात उनका भतीजा मुजस्सिर, अदनान, शमशुद्दीन व तैय्यब (सभी नाबालिग) खड़े थे। दूसरे पक्ष के कई लोग वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के हाथ में धारदार हथियार और डंडे थे, जिससे मुजस्सिर समेत अन्य के सिर में गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# 15 हजार रिश्वत लेता संग्रह अमीन सरकारी आवास से गिरफ्तार

## शस्त्र नवीनीकरण के लिए नो ड्यूज प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर मांगे रुपये

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार :** अमृत विचारः एंटी करप्शन टीम की मुरादाबाद यूनिट ने शाहबाद तहसील में तैनात संग्रह अमीन को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। टीम आरोपी को पकड़कर शाहबाद थाने ले आई।

शाहबाद तहसील के जाहिदपुर गांव निवासी हसमुद्दीन ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी कि संग्रह अमीन ने शस्त्र नवीनीकरण के लिए नो ड्यूज प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत मांगी। शिकायत के बाद निरीक्षक कृष्ण अवतार के नेतृत्व में टीम शाहबाद तहसील पहुंची और जाल बिछा दिया। हसमुद्दीन ने संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी के सरकारी आवास पर उसे जैसे ही 15 हजार रुपये दिए, टीम ने दबोच लिया। अचानक हुई कार्रवाई से आरोपी के होश उड़ गए। गिरफ्तार कर ले जाते समय एंटी करप्शन टीम और अमीन के बेटे के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। टीम आरोपी को शाहबाद थाने लाई, जहां कानूनी कार्यवाही पूरी की गई। अधिकारियों के अनुसार आरोपी को शनिवार को शाहबाद थाने में ही रखा जाएगा। बाद में न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी की जाएगी।


रिश्वत लेने के आरोप प्रेम शंकर तिवारी को ले जाती एंटी करप्शन टीम। ● अमृत विचार

### शिकायत के बाद बिछाया गया था जाल

सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया था। निर्धारित रकम के साथ जैसे ही संग्रह अमीन ने रुपये लिए, टीम ने मौके पर ही उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम द्वारा मौके पर ही आवश्यक साक्ष्य भी एकत्रित किए गए।

### तहसील कर्मचारियों में मचा हड़कंप

कार्रवाई की खबर फैलते ही तहसील के अन्य कर्मचारियों में भी हलचल मच गई। अचानक हुई छापेमारी से पूरे परिसर में चर्चा का माहौल बना रहा। कई कर्मचारी चुपचाप अपने-अपने कक्षों में सिमट गए, जबकि आमजन के बीच भी इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

## लखनऊ में चमकेगी मुरादाबाद की प्रतिभा

**बरेली, अमृत विचार :** कला जगत के लिए गर्व का क्षण है कि बरेली की दो और मुरादाबाद की एक कलाकृति का चयन लखनऊ में विश्व महिला दिवस पर होने वाली प्रदर्शनी के लिए किया गया है। 70 उत्कृष्ट कलाकृतियों में से निर्णायक मंडल तीन श्रेष्ठ कृतियों को चुना।

कन्या महाविद्यालय, आर्य समाज, भूड़, बरेली के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित की गई महिला चित्रकला प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हो गया। इसमें बरेली से शिवि शर्मा और विधि रस्तोगी की कलाकृतियों ने अपनी सृजनात्मकता, विषय-वस्तु और प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। वहीं मुरादाबाद से सारिका राय की विशिष्ट शैली से बनाई कलाकृति को चुनकर उसे विशेष स्थान में शामिल किया गया।

चयनित तीनों कलाकारों की कृतियां अब लखनऊ में आयोजित विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएंगी। चयन निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. मंजू सिंह, डॉ. गीता अग्रवाल, प्रो आनंद लखटकिया ने किया।

## गो तस्करी का एक और आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, पाकबड़ा

- मास्टरमाइंड अशफाक उर्फ भूरा अभी भी फरार

**अमृत विचार :** गो तस्करी के एक आरोपी को पाकबड़ा पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चार दिन पहले कार में 9 क्विंटल गोमांस भरकर ले जा रहे दो लोगों को पुलिस ने थाना क्षेत्र की चौकी ग्रोथ सेंटर क्षेत्र में यूसुफपुर नगलिया गांव के पास चेकिंग के दौरान पकड़ लिया था। जिनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा था। उन्होंने बताया था कि कार चोरी की है और नंबर प्लेट भी फर्जी है। वसीम उर्फ मामा पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बरगैन थाना पटियाली जिला कासगंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

पूछताछ में वसीम ने बताया कि अशफाक उर्फ भूरा दिल्ली में मिलने गया था। कहा कि रमजान का महीना चल रहा है मीट की ज्यादा मांग है। एक-दो दिन में कुछ लड़के रुपये के साथ गाड़ी लेकर गांव भेज दूंगा। तुम लोग छुट्टा घूम रही गाय का इंतजाम कर लेना। इस पर उसने


पुलिस की गिरफ्त में तीसरा आरोपी।

साथी को गाय की तलाश में लगा दिया। जंगल में गोवध कर मांस उसी गाड़ी में भरकर दिल्ली भेज देता था।

24 फरवरी को अशफाक की मांग पर दिन में ही गांव निवासी परिचित अर्जुन वाल्मीकि और धर्मा व ग्राम रामपुर थाना राजा का रामपुर जिला एटा निवासी राहुल को जंगल में तलाश कराकर गोवंश की सुनसान जगह बंधवा दी थी। पुलिस ने बताया कि मास्टरमाइंड अशफाक उर्फ भूरा अभी भी फरार है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 1,130.65 लाख से सात सड़कों के निर्माण को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए जारी की गई 53.57 लाख रुपये की धनराशि

**अमृत विचार :** जिले में सात संपर्क मार्गों के नव निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल गई है। सरकार ने सभी कार्यों के लिए 1,130.65 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर प्रांतीय खंडव निर्माण खंड-वन के कार्यों को हरी झंडी देकर 53.57 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी।

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में वाजिदपुर से गुलडिया संपर्क मार्ग 1.280 किलोमीटर के लिए 163.10 लाख स्वीकृत हुए ,जिसमें 7.88 लाख रुपये की धनराशि विभाग को मिल गई। चटकाली से मासूम मियां की मजार तक के मार्ग की लंबाई 1.5 किमी है, जिसके लिए 135.93 लाख स्वीकृत की गई, जिसमें 6.50 लाख रुपये जारी हुए। एक किलोमीटर वाले हीरापुर से बेगमपुर महदूद कलमी मार्ग के लिए 83.17 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर 3.87 लाख रुपये भेजे गए। पाकबड़ा मैनाठेर मार्ग से एसएस स्कूल होते हुए ग्राम महलकपुर माफी तक मार्ग की 0.820 किमी की लंबाई है जिसके लिए 99.55 लाख के सापेक्ष 4.74 लाख रुपये की धनराशि भेजी। गदईखेड़ा से हरपाल नगर संपर्क मार्ग की लंबाई 1.800 किमी है, जिसके निर्माण के लिए 301.19 लाख स्वीकृत हुए है। जिसमें 14.45 लाख दिए गए।

दौलारी रेलवे फाटक से नवाबपुरा तक मार्ग की लंबाई 1.675 है। 223.49 लाख स्वीकृत कर 10.76 लाख रुपये की धनराशि जारी की। हुसैनपुर छिरावली से नानपुर तक मार्ग की लंबाई 1.500 किमी के लिए स्वीकृत 115.22 लाख में 5.37 लाख की धनराशि मिली गई है।

## ट्रक से टकराई गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली चालक गंभीर घायल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पीछे से एक ट्रक में जा टकराई। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने चालक को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत है।

शनिवार की दोपहर अमन अब्बास पुत्र आलम निवासी एचौड़ा कम्बोह जिला संभल गन्ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर राणा शुगर मिल काशीपुर रोड पर जा रहा था। थाने के सामने से पुल के नीचे उतर रहा था। तभी ब्रेक न लगने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। जिससे चालक की गंभीर रूप से घायल हो गया। हाईवे पर जाम की स्थिति हो गई। लोगों ने किसी तरह चालक को निकाला। पुलिस ने चालक को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को हाईवे से हटवाकर पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

## दोनों फैक्ट्रियों में आयकर टीम का सर्वे तीसरे दिन जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पूर्व सांसद के समधी नईम खान और पार्टनर मुनन खां की फैक्ट्री में चल रहा सर्वे
- मामले में बड़ी कार्रवाई का अंदेशा, तीन दिन बीतने पर भी जांच जारी

**अमृत विचारः** आयकर विभाग दिल्ली की टीम को थाना गंज क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएन इंडस्ट्री के नाम की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्रियों में डेरा डाले हुए करीब 60 धंटे बीत चुकी हैं। ऐसे में अब बड़ी कार्रवाई की आहट हो रही है, टीम को सर्वे में खामी का अंदेशा है। ऐसे में रामपुर शहर में ये बड़ी चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि फैक्ट्री में आने-जाने पर पूर्ण पाबंदी है, ऐसे में कार्रवाई को लेकर आयकर टीम का आधिकारिक बयान का इंतजार है।

दोनों फैक्ट्री मुरादाबाद के पूर्व सांसद और सपा नेता एचटी हसन के समधी नईम खां उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन खां की हैं। आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने गुरुवार सुबह करीब दस बजे दोनों फैक्ट्री में सर्वे शुरू किया था। गुरुवार के बाद शुक्रवार और अब शनिवार का दिन भी बीत गया। शनिवार देर रात तक टीम प्लाईवुड


गंज थाना क्षेत्र बगी गांव में एमएन प्लाईवुड फैक्ट्री का बंद गेट। ● अमृत विचार

फैक्ट्री में मौजूद है और छानबीन जारी है। आयकर विभाग टीम को 60 घंटे से ज्यादा हो गए हैं। ऐसे में बड़ी कार्रवाई की ओर अंदेशा है। मामला बड़े स्तर पर गड़बड़ी का हो सकता है।

क्योंकि नईम खान उर्फ बब्लू और मुनन खां शहर के रसुखदार माने जाते हैं और लकड़ी के बड़े कारोबारियों में शुमार है। गुरुवार को दोनों के आवासों पर भी छानबीन की थी, लेकिन शुक्रवार को घरों से आयकर विभाग की टीम चली गई थी। आयकर विभाग दिल्ली की टीम करीब 10 से ज्यादा गाड़ियों में नईम खां उर्फ बब्लू व पार्टनर मुनन खां की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्री पहुंची थी। इसके साथ एक टीम मोहसिन ए आजम कॉलोनी स्थित नईम खान व शौकत अली रोड स्थित मुनन खां के आवासों पर पहुंची थी। लेकिन शुक्रवार को टीम आवास से फैक्ट्री चली गई। हालांकि टीम आवास से कुछ दस्तावेज लेकर निकली है।

नईम खान उर्फ बब्लू और मुनन खां दोनों पार्टनरशिप में प्लाईवुड की फैक्ट्री चलाते हैं।

आयकर विभाग के अधिकारी फैक्ट्री कर्मचारियों से लगातार पूछताछ कर रही हैं। जबकि मजदूरों और मालिकों के मोबाइल तक टीम ने अपने कब्जे में ले रखे हैं। टीम कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर, खातों की लगातार जांच कर रही है। किसी को भी अंदर या बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई है। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन की बेटी का निकाह नईम खान के बेटे से हुआ है। जबकि मुनन खान की बेटी की शादी नईम के दूसरे बेटे के साथ हुई है। नईम और मुनन भी आपस में समधी हैं।

## निर्मित चकों के विरुद्ध आई आपत्तियों की सुनवाई


किसानों की शिकायत सुनते चकबंदी विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सदर तहसील के कोहनकू गांव में लगी चौपाल

**अमृत विचार :** चकबंदी आयुक्त के निर्देश के क्रम में सदर तहसील के कोहनकू गांव में ग्राम चौपाल लगा। जिसमें चकबंदी अधिकारी जुबैर अहमद ने किसानों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने निर्मित चकों के विरुद्ध आई आपत्तियों की सुनवाई कर निस्तारण करने का निर्देश सहायक चकबंदी अधिकारियों को दिया।

ग्राम कोहनकू में धारा-20 का प्रकाशन हो चुका है। चकबंदी अधिकारी ने सहायक चकबंदी अधिकारी के स्तर पर बनाए गए चकों पर आई आपत्तियों की सुनवाई में आपत्तिकर्ताओं का पक्ष सुना। चकबंदी अधिकारी ने कहा कि यदि कोई किसान निर्मित चकों से असंतुष्ट है तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। सहायक चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिया कि निर्विवाद प्रकृति के विरासत के प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करें।

## खेलते समय ट्रांसफार्मर की चपेट में आया बच्चा, झुलसा

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक नगर में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। जहां क्षेत्र के ग्राम कारिंगा हाल निवासी मोहल्ला असदुल्लापुर लक्ष्मी का पुत्र अजय(11) मोहल्ला अब्दुल्लापुर में खुले में लगे ट्रांसफार्मर में खेलते समय करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसी के साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया। शोर की आवाज से आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे जहां लोगों ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर बच्चे को ट्रांसफार्मर से अलग किया और नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया। आक्रोशित लोगों ने इसे बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए कहा कि कई बार शिकायत की गई थी लेकिन ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर फेंसिंग नहीं कराई गई।

## वन रेंजर के निलंबन से वन कर्मियों में हड़कंप

संवाददाता, स्वार

- वन अधिकारियों की भूमिका पर उठे रहे गंभीर सवाल

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के मिलकखानम स्थित पीपली वन में प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटान लगातार जारी है। ताजा घटनाक्रम में पंजाब से साढ़े चार सौ क्विंटल खैर की लकड़ी बरामदगी प्रकरण में दो तस्करों से पचास लाख रुपये लेकर छोड़ने के मामले में सलारपुर रेंज के वन रेंजर ठाकुर विजय सिंह के निलंबन के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

विभागीय कार्रवाई के बावजूद वन क्षेत्र में कटान पर प्रभावी रोक नहीं लग पाना कई सवाल खड़े कर रहा है। पीपली वन में रात के अंधेरे के साथ साथ दिनदहाड़े भी कुल्हाड़ियों और आरों की आवाज गूंजती रहती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को वन में गूंजती आवाज सुनाई नहीं देती। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग पूरी ईमानदारी से निगरानी करे तो अवैध कटान पर तत्काल अंकुश लगाया जा सकता है। अवैध कटान रोकने में नाकाम रहने पर पूर्व में वन रेंजर मुजाहिद हुसैन को भी निलंबित किया जा चुका है और कई वन कर्मियों पर गाज गिर चुकी है। इसके बाद भी पीपली वन में हालात जस के तस बने हुए हैं। जिलाधिकारी ने भी पीपली वन में हो रहे अंधाधुंध कटान को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। बावजूद इसके प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई जारी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो पीपली वन का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

## चकबंदी बवाल में आरोपी प्रधान पति सहित दो जेल भेजे

**सैफनी, अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर चंद्रपुर कला गांव में चकबंदी सीओ टीम के साथ पहुंचे थे। इस दौरान गांव के ठाकुर व सैनी पक्ष के बीच चकबंदी को लेकर विवाद होने लगा था, उस समय लोगों ने मामला शांत करा दिया था। लेकिन मामला शाम के समय एक बार और तूल पकड़ गया और सैनी पक्ष के लोगों ने डेयरी से दूध लेने आए दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए दो लोगों को गोली मार दी थी। मामले में मनीष प्रताप और कृष्ण पाल सिंह ने ग्राम प्रधान पति राजेश उर्फ राजवीर, वीरेंद्र, गोपाल व हरवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शनिवार को मामले के आरोपी ग्राम प्रधान पति राजेश उर्फ राजवीर पुत्र मेवाराम और हरवीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया।

## महिला की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया, तहरीर दी

**अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के कागा नगला गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए केमरी थाने में तहरीर दी है।


मृतक कलेश्वरी देवी।

बदायूं जिले की मूल निवासी कलेश्वरी देवी (38 वर्ष) की शादी करीब सात साल पहले कागा नगला गांव में सुरजीत सिंह के साथ हुई थी। महिला के भाई दिग्वेंद्र सिंह राठौर ने हत्या का मामला बताते हुए कहा कि बहनोई सुरजीत सिंह बहन के साथ शादी के बाद से ही मारपीट करता था। बहन के कई बार गर्भपात कराए था। आरोप है कि सुरजीत सिंह का अपनी भाभी से अवैध संबंध हैं, जिसके चलते उन्होंने कलेश्वरी की हत्या कर दी है। घटना के बाद मायके पक्ष के लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे, जहां सुरजीत सिंह भी मौजूद थे।

भाई ने मामले में केमरी पुलिस को तहरीर दी है। केमरी थाना पुलिस ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पति सुरजीत सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि जिन संबंधों का आरोप लगाया जा रहा है, उनकी भाभी की शादी सात वर्ष पहले ही कहीं और हो चुकी है। सुरजीत ने खुद को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## उद्यमिता के लिए नवाचार, नैतिकता व सहयोग अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टिमिट में राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) के आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर के तत्वावधान में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नवाचार प्रेरित उद्यमिता सतत विकास के लिए रणनीतियों पर टीएमयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि नवाचार, नैतिकता, सहयोग और संस्थागत समर्थन के जरिए ही सशक्त और सतत उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सकता है।


टीएमयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोलते विशेषज्ञ व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विवि इंदौर के प्रबंधन अध्ययन संस्थान की पूर्व निदेशक प्रो. संगीता जैन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अत्यंत सक्षम तकनीक है, फिर भी अंतिम निर्णय मानवीय विवेक और दूरदर्शिता पर होना चाहिए। सलाह दी कि एआई का उपयोग मजबूत नैतिक चिंतन और उत्तरदायी व्यवहार के साथ किया जाए जो नवाचार समाज के व्यापक हित में हो। मंगलायतन विवि अलीगढ़ के डॉ. सिद्धार्थ जैन ने उद्यमिता में तनाव प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। मुरादाबाद के सीए व एंटरप्रेन्योर अभिनव अग्रवाल ने बताया कि व्यक्तिगत खुशी और कार्य संतोष के बिना सफलता अधूरी है, इसलिए करियर विकास का सामंजस्य व्यक्तिगत कल्याण से होना चाहिए।

टीएमयू के कुलपति व आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर के अध्यक्ष प्रो. वीके जैन ने नेतृत्व, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण व सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

टिमिट के निदेशक व आईएसटीडी के सचिव प्रो. विपिन जैन ने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नवाचार आधारित उद्यमिता ही सतत विकास की कुंजी है। राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डॉ. चंचल चावला, डॉ. सतेन्द्र आर्य, डॉ. विभोर जैन, डॉ. मोहित रस्तोगी, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. चारुल वर्मा, दीप्ति वर्मा, अंशु चौहान आदि की मौजूदगी रही।

## असद की हत्या में आलमगीर व फैजान गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना नागफनी क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम संपत्ति विवाद में कारोबारी असद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। साले मजाहिर हुसैन की तहरीर पर थाना नागफनी पुलिस ने जफर हुसैन पुत्र मुजफ्फर हुसैन, सैफुल, हुसैन, आलमगीर, मोहम्मद फैजान तथा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

शनिवार को थाना नागफनी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि वारदात के समय मजाहिर हुसैन बहनोई असद के साथ मौजूद थे। तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया और


पुलिस गिरफ्त में आरोपी आलमगीर और फैजान। ● अमृत विचार

- जफर समेत चार आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

रात में संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आलमगीर और मुख्य आरोपी जफर के दामाद मोहम्मद फैजान को काली माता मंदिर के समीप घटिया स्थान से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मृतक असद और जफर के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस का मानना है कि इसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चल रहे अन्य चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**इफ्तार**
01 मार्च
सुन्नी : 6 :18
शिया : 6 :29

**सहरी**
02 मार्च
सुन्नी : 5 :16
शिया : 5 :11

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### फॉल्ट से छह घंटे गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के दीवान का बाजार, ढहरिया, तहसील स्कूल, मंडी चौक मोहल्ला समेत कई इलाकों में शनिवार सुबह से बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके चलते 25 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने छह घंटे बिजली संकट झेला। होली के त्योहार पर घरों में कामकाज में महिलाओं को दिक्कत हुई। सुबह छह बजे 132 केवी विवेकानंद विद्युत केंद्र की सप्लाई लाइन में फाल्ट के कारण पीटीसी ,पीलीकोठी, दौलत बाग विद्युत के 25 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के संकट से दोपहर 12 बजे तक जूझना पड़ा। फॉल्ट से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से पहले फोन नहीं उठाया जिससे उपभोक्ताओं को बिजली सुचारू होने की जानकारी नहीं मिली। 11 बजे मौके पर पहुंचकर फाल्ट को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर किया। जिसके एक घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

### बस परिचालक से टेंपो चालकों ने की मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तिकोनिया बस स्टैंड पर शनिवार सुबह बस खड़ी करने को लेकर विवाद में एक निजी बस परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 17 निवासी मो. फारूख काशीपुर–मुरादाबाद रोड पर चलने वाली एक निजी बस में परिचालक है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह करीब 9 :10 बजे उसकी बस मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा पहुंची। बस खड़ी करने के स्थान पर पहले से एक टेंपो खड़ा था। उसने टेंपो चालक से वाहन थोड़ा आगे–पीछे करने को कहा तो वह नाराज हो गया और गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने अपने कुछ साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने मिलकर उसके साथ हाथापाई की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच–बचाव कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### मेड़ तोड़ने का विरोध करने पर पीटा

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पहाड़पुर में खेत की मेड तोड़ने के विरोध पर ग्रामीण को बुरी तरह से मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव के जंग बहादुर पुत्र डोली राम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 27 फरवरी को वह अपने खेत पर गया था। वहां खेत पर घास छील रहा था। शाम के वक्त 6 बजे गांव के खिलेंद्र पुत्र रघुवीर आ गया। खिलेंद्र ने कुछ दिन पहले उसके खेत की मेड तोड़ दी थी और कुछ पेड़ भी तोड़ दिए। जब एक पौधा मिट्टी से निकालकर उसे दिखाया तो वह आग बबूला हो गया और गाली–गलौच करने लगा। गाली देने से मना किया तो तो उसके हाथ से खुरपी छीन कर जान से मारने की नीयत से गर्दन पर तथा दाएं हाथ पर वार किया जिससे उसकी गर्दन व हाथ में गंभीर चोटें आई। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जल निगम नगरीय के कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

## प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने अनुपस्थित उद्यान अधिकारी व दुग्ध विकास प्रबंधक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने उत्तर प्रदेश जलनिगम नगरीय के कार्यों की धीमी प्रगति और समीक्षा बैठक में अनुपस्थित उद्यान अधिकारी व दुग्ध विकास प्रबंधक पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने डीएम अनुज सिंह को निर्देश दिया कि वह अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करें।

प्रभारी मंत्री शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास, निर्माण कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक से उद्यान अधिकारी व दुग्ध विकास के प्रबंधक नदारद थे। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। डीएम को इन अधिकारियों से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करें क्योंकि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

● **विकास, निर्माण कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक**

उन्होंने डीएम से कहा कि नये विकास कार्यो के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध करा दें। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उप निदेशक कृषि ने बताया कि किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत जिले में 3,42,516 किसान लाभान्वित हुए हैं। फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 1419 को योजना का लाभ मिल चुका है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जिले में नये गन्ना मूल्य भुगतान के अन्तर्गत 94.41 प्रतिशत का भुगतान कराया जा चुका है। एआर को-आपरेटिव ने ऋण वसूली की प्रगति को ठीक बताया। उन्होंने पशुधन विभाग की निराश्रित गोवंश संरक्षण तथा मा. मुख्यमंत्री गोवंश सहभागिता योजना का क्रियान्वयन ठीक से करने का निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी से जिले के स्कूलों में बिजली कनेक्शन, शौचालयों को ठीक कराने के लिए कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाएं। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत 69.06 प्रतिशत प्रगति हुई है।



सर्किट हाउस में बैठक लेते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार। ● अमृत विचार

उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में 117 प्रतिशत तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत 75.41 प्रतिशत प्रगति हुई है।

प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग(भवन खंड), लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को समय से पूरा कराने, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा पंडित नगला बाईपास मुरादाबाद-चंदौसी मार्ग पर स्थित लेवल क्रासिंग संख्या-1ए पर रेल ऊपरी गामी सेतु निर्माण की प्रगति बढ़ाने के लिए कहा। साथ ही उ.प्र. जल निगम नगरीय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति कम होने पर मंत्री ने नाराजगी जताई। प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया।

कहा कि पानी सड़कों पर न बहे इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सिंचाई जल संसाधन यूपीसीएलडीएफ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, राजकीय निर्माण निगम लि., सीएनडीएस, नगर निगम, उ.प्र. वक्फ विकास निगम लिमिटेड और उ.प्र. प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड आदि कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### अपराधों की वृद्धि पर तनी प्रभारी मंत्री की भृकुटि

जिले में संगठित व साइबर क्राइम के बढ़ते अपराधों पर प्रभारी मंत्री की भृकुटी तन गई। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध में त्वरित व कड़ी कार्रवाई हर हाल में हो, साइबर क्राइम की घटनाओं में वृद्धि पर इसे नियंत्रित करने के लिए सतत निगरानी और सतर्कता रखने का निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियों को दिया।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलें पर्याप्त दवाएं

प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि शहर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी से पूछा कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि शरीफनगर, रतनपुर कलां आदि में पीएचसी पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध है।

### सीयूजी पर आने वाली कॉल रिसीव करें

बैठक में कई जन प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर फोन करने पर कॉल न उठाने पर नाराजगी दिखाई। कहा अधिकारी सीयूजी नंबर पर आने वाली फोन कॉल जरूर रिसीव करें और यदि व्यस्त हैं तो बाद में रिटर्न कॉल अवश्य करें।

# मंत्री ने किया सेवन वंडर पार्क का उद्घाटन

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने शनिवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना नया मुरादाबाद के सेक्टर-2 स्थित सेवन वंडर पार्क का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश में अपने तरह का अनूठा पार्क है। इससे मुरादाबाद मंडल ही नहीं आसपास के कई जिलों व दूसरे प्रदेशों के लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

प्रभारी मंत्री ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, डीएम अनुज सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल व अन्य जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने भ्रमण कर सराहना करते हुए कहा कि सेवन वंडर पार्क बहुत आकर्षण है। यह नागरिकों को मनोरंजन का अवसर प्रदान करने के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि लोगों को इस पार्क में आने पर एक अलग अनुभव मिलेगा। यहां ताजमहल, चीन की दीवार, पिरामिड, एफिल टावर, रोमन कोलोसियम, क्राइस्ट द रिडीमर, माचू पिच्चू, लाल किला और कोणार्क मंदिर जैसी ऐतिहासिक इमारतों की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं।




लोकार्पण करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार, महापौर विनोद अग्रवाल व विधायक रामवीर सिंह।

### विकास कार्यों में लापरवाही की शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी में शनिवार को बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें जन प्रतिनिधियों ने जिले में चल रहे विकास कार्यों में लापरवाही व धीमी प्रगति की शिकायत की। जिस पर उन्होंने इसे ठीक कराने का आश्वासन दिया। बैठक में लाइनपार क्षेत्र में सीएम ग्रिड के अन्तर्गत चल रहे कार्यों में देरी व सड़कों के गड्ढे आदि के चलते नागरिकों को हो रही परेशानी की शिकायत की। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में कई जगह गंदगी होने, कूड़ा उठान में शिथिलता का मुद्दा भी उठा। विभिन्न मार्गों व चौराहों पर लगे महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई में उपेक्षा की बात भी सामने आई। जिस पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब लेने व शिकायतों को दूर कराने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला व अन्य पदाधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी भी मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी के करीब युवक की हत्या में एक को पकड़ा

**कुंदरकी, अमृत विचार:** पुलिस चौकी से 10 कदम की दूरी पर बदमाशों ने शुक्रवार की रात नमाज पढ़ कर लौट रहे दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा भाई बच गया। वीडियो में दिख रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

गांव रूपपुर निवासी एवं हाल निवासी कुंदरकी नफीस अहमद पुत्र जब्बार हुसैन ने बताया कि वह अपने भाई अनीस अहमद और भतीजे ऐराज के साथ शुक्रवार की रात तरावीह की नमाज पढ़ कर लौट रहे थे। घर के पास चार बदमाश खड़े थे। बदमाशों ने गोलियां चला दीं जिसमें अनीस को मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वही हत्याकांड के संबंध में एक युवक ने वीडियो वायरल कियाजिसमें वह पिस्टल दिखाते हुए वारदात को अंजाम देने का दावा कर रहा है। वीडियो वायरल करने वाले युवक का नाम मोहम्मद अरमान निवासी मोहल्ला कन्या इंटर कॉलेज कुंदरकी, मूल निवासी ग्राम ढकिया जुम्मा है।

# 21 जोड़े एक दूसरे के हुए, 57 का विवाह के लिए कराया परिचय



वर–वधु को आशीर्वाद देते संस्था के पदाधिकारी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **आशियाना फेज एक स्थित एक होटल में किया गया आयोजन**

**अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति रक्षा समिति एवं अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से शनिवार को आशियाना फेज एक स्थित एक होटल में हिन्दू विवाह सम्मेलन व युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 21 कन्याओं का विवाह हुआ। 57 का परिचय कराया गया।

आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी, साध्वी शिवान्या, राजेश रस्तोगी, सोमनाथ पोपली, अनिल सिक्का और भामाशाहों के द्वारा नव विवाहित जोड़ों को वैवाहिक जीवन में उपयोग की सामग्री प्रदान कर कन्यादान किया गया। इस आयोजन में युवाओं ने अंतर्जातीय विवाह को अंगीकार कर समाज को नई दिशा दी। यज्ञ गायत्री परिवार और आर्य समाज की ओर से कराया गया। संतोष नारंग और मीनू विज ने नेतृत्व किया।

21 जोड़ों की बरात बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकली जिसमें आयोजकों के साथ ही परिवारों के सदस्यों ने खूब नृत्य किया। इस दौरान मनीष पोपली, डॉ. अजय पोपली, डॉ. विशेष गुप्ता, अमित गुप्ता, संजीव गुप्ता, सोनाली सरोज, सोनू पाल, कुमकुम पाल, मेजर जेपी सिंह, अरविंद अग्रवाल जॉनी, सरदार गुरविंदर सिंह,शालिनी अग्रवाल, ममता चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 20 लाभार्थियों को दिए सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **अतिथियों ने पात्र लाभार्थियों को वितरित किया नया कनेक्शन**

**अमृत विचार :** लखनऊ के लोकभवन में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल सिलेंडर की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका प्रसारण शनिवार को पंचायत भवन सभागार में लाभार्थियों व अधिकारियों ने देखा। इस दौरान स्थानीय स्तर पर 20 लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक दिया गया। साथ ही नये कनेक्शन को भी वितरित किया गया।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, एमएलसी विजय बहादुर पाठक, डीएम अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने भी लखनऊ में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में चेक वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद 20 लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल सिलेंडर की सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। लाभार्थियों में राहीन पत्नी मोहम्मद शकील, सुमैला पत्नी शमीम खान, अंजली पत्नी रंजीत, माया पत्नी बबलू, रीमा पत्नी सुभाष, अनीता पत्नी जगदीश, पूनम पत्नी कपिल, प्रकाशो पत्नी बब्लू, शिवानी पत्नी सुभाष रावत आदि शामिल रहीं। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि पांच परिवारों को नया कनेक्शन वितरित किया गया।

## प्रोत्साहन सेवा में पहले दिन दोपहर तक सामान्य रही स्थिति

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** होली पर्व के अवसर पर प्रोत्साहन अवधि के बावजूद उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अतिरिक्त बस सेवाओं में फिलहाल कोई विशेष बदलाव नहीं किया गया है। रोडवेज की बसें पूर्व की भांति नियमित समय सारिणी के अनुसार संचालित हो रही हैं। शनिवार को ही तीन दिन के अवकाश के चलते सरकारी कर्मचारियों और अन्य यात्रियों का घर लौटना शुरू हो गया है।

दोपहर बाद रोडवेज डिपो पर यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई। हालांकि सुबह के समय भीड़ सामान्य रही। रोडवेज के एआरएम ने अनुराग यादव ने बताया कि शाम और रात के समय यात्रियों की भीड़ और बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए विभिन्न मार्गों पर बसें बढ़ाई जाएंगी।

# कवियों ने रचनाओं से लोगों को होली के रंग में रंगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से बुध बाजार स्थित एक होटल में शनिवार को स्वदेशी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को होली के रंग में रंग दिया।

मंच के पदाधिकारियों ने स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आत्मीयता का संदेश देने वाला उत्सव है। समारोह का मुख्य आकर्षण हास्य-व्यंग्य काव्य पाठ रहा। सुप्रसिद्ध हास्य कवि फक्कड़ मुरादाबादी ने चुटीली शैली में शादी के पश्चात मित्रबर जब अपनी ससुराल पधारे ,पूछने लगे वहां किसी से मनोरंजन का साधन प्यारे सुनाया। मनोज वर्मा 'मनु'ने होली पर होलियारो देखो दम भर कसर न रखना, रंगों का त्योहार है सुनाकर रंग भर दिया। संचालन प्रांत महिला प्रमुख अंजू त्रिपाठी व महानगर महिला प्रमुख नीलम जैन ने किया। बच्चों ने होली गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार के भारतीय वन अनुसंधान एवं शैक्षिक परिषद के सदस्य के रूप में नामित होने पर सभी ने उनका अभिनंदन किया। प्रांत संयोजक कपिल नारंग एवं विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा को स्वदेशी में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



स्वदेशी होली मिलन समारोह में मौजूद पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

● **स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वदेशी होली मिलन समारोह आयोजित**

इस दौरान कुलदीप सिंह, एके अग्रवाल, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, रेनू गुप्ता, मनोज गुप्ता, सतीश अरोरा, ओमवीर सिंह, रंजीत सिंह, अनुराग सिंह, जोगेंद्र पाल सिंह, श्यामवीर सिंह, नरेश अग्रवाल, संस्कार कत्याल, देशरत्न कत्याल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# परीक्षा देकर निकले बच्चों में होली की खुशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार को केंद्रों पर कराई गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल की संस्कृत विषय तथा इंटरमीडिएट के कृषि अभियांत्रिकी, कृषि पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान विषय की परीक्षा 3 केन्द्रों पर हुईं। इस पाली में हाईस्कूल के 235 परीक्षार्थियों में से 223 उपस्थित और 12 अनुपस्थित रहे। वहीं इण्टरमीडिएट में पंजीकृत 122 परीक्षार्थियों में से 118 उपस्थित तथा 4 अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में हाईस्कूल की संगीत वादन तथा इंटरमीडिएट की चित्रकला आलेखन, प्राविधिक एवं रंजनकला विषय की परीक्षा 110 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। हाईस्कूल में पंजीकृत 80 परीक्षार्थियों में से 78 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट में 8502 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 7793 उपस्थित रहे,जबकि 709 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान 3 सचल दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कोई परीक्षार्थी नहीं पकड़ा गया।



साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज पर होली खेलती छात्राएं। ● अमृत विचार

## एक दूसरे से गले मिलकर दी होली की बधाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** यप परिवार की महिला सदस्यों ने होली के उपलक्ष्य में रंगारंग आयोजन में दिल्ली रोड स्थित होटल में किया। सभी ने इस दौरान गेम्स, हाऊजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। रील मेकिंग, श्रेष्ठ परिधान, बैलून, पिचकारी डांस की प्रतियोगिता कराई गई। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने होली पर सावधानी रखने का भी आग्रह किया। कहा खुशियों का त्योहार उमंग व उल्लास से मनाएं। इस दौरान संजना, प्रियंका, शालू, चांदनी, श्वेता, पूजा, अमृता, नीता, प्रीति, सोनिया, ऋतु आदि मौजूद रहीं।



होली पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद यप परिवार की महिला सदस्य। ● अमृत विचार

# स्कूलों में जमकर उड़ा रंग गुलाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में होली के अवकाश से पहले खूब धमाल मचा। मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में होली के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर रंगोत्सव मनाया। बच्चों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और होली गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने पारंपरिक होली गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने होली के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा सुनाई।



प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में होली खेलते बच्चों के संग अध्यापक।

● **प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में रंगारंग आयोजन**

उन्होंने बताया कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन अन्याय और अहंकार के अंत का संदेश देता है,जबकि रंगों की होली आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।कार्यक्रम में शिक्षक जोगेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार, रामचन्द्र तथा विकास कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत



**चौधरपुर, अमृत विचार :** जोया के मोहल्ला चौकीदारान निवासी 40 वर्षीय हाजी खुर्शीद पुत्र मुस्लिम शुक्रवार सुबह ऑटो लेकर जोया से मुरादाबाद जा रहा था। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के चौधरपुर गांव के निकट पीछे से आ रहे वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और हाजी खुर्शीद की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रेम विवाह करने वाली युवती ने लगाई गुहार

**कांठ अमृत विचार :** थाना छजलैट के ग्राम चक हमीदपुर निवासी सीमा ने थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम पहले बिश्नोई निवासी उज्जवल बिश्नोई के साथ गौतम बुद्ध नगर में आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह कर लिया। सीमा ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर अपने मायके पक्ष के लोगों से अपने पति उज्जवल बिश्नोई की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# रंग एकादशी पर ढोल-चौपाई के साथ निकली यात्रा

## शोकाकुल परिवारों में जाकर उठाए गए शोक, लोगों ने रंग गुलाल उड़ाया, क्षेत्र के कई गांवों में निकाली गईं यात्राएं

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृतविचार :** होली पर्व के अवसर पर रंग एकादशी पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से चौपाई निकालकर रंगोत्सव मनाया गया। इस दौरान शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर रंग लगाकर शोक उठाने की परंपरा निभाई गई।

रविवार को नगर सहित देहात क्षेत्रों में महिलाओं ने दिन में शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर रंग खेला, वहीं पुरुषों ने ढोल बजाते हुए घर-घर जाकर रंग लगाया। नगर में बिना ढोल के चौपाई निकाली गई और परंपरा के अनुसार शोक उठाए गए। मान्यता है कि होली से पूर्व यदि किसी परिवार में मृत्यु हो जाती है तो एक वर्ष तक उस घर में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता। रंग एकादशी के दिन रंग लगाकर शोक उठाने के बाद परिवार में शुभ कार्यों की बंदिश समाप्त हो जाती है। शोक उठाने की इस परंपरा में परिवारजन ढोल बजाने वालों को मिठाई, नकद धनराशि व वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हैं।



रंग एकादशी पर ढोल बजाकर चौपाई गाते लोग। ● अमृत विचार



कांठ तहसील में होली खेलते एसडीएम एवं तहसीलदार। ● अमृत विचार

देहात क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में होली के प्रधान सतीश चौधरी की देखरेख में एकादशी की चौपाई निकाली गई और शोकाकुल परिवारों में पहुंचकर शोक उठाया गया। इसके अलावा मानावाला, रूपपुर टंडौला, रतुपुरा, शरीफनगर, सुरजननगर, कुआखेड़ा, मुनीमपुर, बढ़ापुर, राघोवाला, सन्यासीवाला, तरफदलपत, जहांगीरपुर, जटपुरा, मधुपुरी, पाडला, बहादुरनगर, ख्वाजपुर समेत कई गांवों में रंग एकादशी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में निकाली गई चौपाई जुलूस में रुद्धदत्त शर्मा, एमके अग्रवाल, शरद पूठिया, सौरभ अग्रवाल, रिंकू व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमांयुपुर, मनकुआ मकसूदपुर, धारकनंगला आदि में भी रंगभरी एकादशी का जुलूस सादगी एवं शान्तिपूर्ण तरीके से निकाला गया। कस्बा बहेड़ी ब्रह्मनान में जुलूस के दौरान होली की चौपाई पर ढोल की थाप पर युवाओं ने उत्साह पूर्वक नृत्य किया । राजकुमार शर्मा, राजेश रूहेला, पं.सुरेश कुमार शर्मा, पं. आशाराम शर्मा, महन्त अंकित शुक्ला, पवन भारद्वाज, मयंक भारद्वाज, भीमसिंह पाल, कुलदीप रूहेला, त्रिमल सिंह, सुशील शर्मा , राजेश वाल्मीकी, लक्ष्मीकांत कश्यप, राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विभिन्न कार्यालय एवं संस्थानों में खेली गई होली

**कांठ अमृत विचार :** ब्लॉक भीकनपुर में शनिवार को सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग लगाया। खंड विकास अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव ने भी अधिकारी व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। एडीओ जबर सिंह, सचिव सूरज नायक, सौरभ , संजीव ,नरेंद्र ,अंकुल, आशीष व कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील सभागार में एसडीएम संत दास पवार एवं तहसीलदार राजकुमार सिंह ने अधिवक्ताओं स्टाफ एवं पत्रकारों के साथ होली खेली। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आरएस नैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली के गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। राघवेंद्र नैन एवं प्रबंधक डॉ विनीत नैन ने शुभकामनाएं दीं।

## उपभोक्ताओं को कब मिलेगा बिजली की समस्या से छुटकारा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में दिन में काम से कम 8 से 10 बार बिजली की ट्रिपिंग एवं विद्युत समस्याओं से उपभोक्ता परेशान हैं। नगर में कोई भी समय सीमा निर्धारित नहीं है कि कितने बजे से कितने बजे तक बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध होगी। हर आधा या दो घंटे के बाद बिजली की कटौती की जाती है। बिजली टाइपिंग के साथ-साथ विद्युत बिलों में गड़बड़ी हो रही है। बिल को लेकर कनेक्शन काट दिए जाते हैं। कनेक्शन जुड़वाने के लिए संविदा कर्मी सुविधा सुन के बिना कनेक्शन नहीं जोड़ते हैं। इस संबंध में विभागीय उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायत की हुई हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग की आती हैं। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को डांट फटकार कर औपचारिकता पूरी कर देते हैं। राकेश कुमार, संजीव दिवाकर, मोहम्मद यामीन, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश जगदीश आदि उपभोक्ताओं ने शीघ्र ही विद्युत समस्या के समाधान की मांग की है।

## रंग, गुलाल और पिचकारियां खरीदने उमड़े लोग



रंग-गुलाल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** होली के त्यौहार को लेकर नगर व देहात क्षेत्र में गुलाल और रंगों से दुकानें सज गईं। पूरे दिन दुकानों पर रंग और गुलाल खरीदने वालों की भीड़ जुट रही।

नगर व देहात क्षेत्र में परामगत तरीके से बुधवार को होली का त्यौहार बनाया जाएगा। शनिवार को बाजारों रंग और गुलाल, पिचकारियां आदि सामान की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। दुकानों से रंग , मुखोटे, पिचकारियां खरीदते नजर आए। दुकानदारों का कहना है कि बाजारो में होली त्यौहार लेकर रौनक लौट आयी है। मिठाई की दुकान से लोग गुजिया भी खरीदते नजर आए।

## बोरिंग की कुइयां में मिली लाश समरीन की थी

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम बागी गोवर्धनपुर में खेत की बोरिंग की गहरी कुइया में शुक्रवार सुबह युवती का शव मिला। मृतका की शिनाख्त सबरिन उर्फ समरीन पुत्री बाबू निवासी ग्राम कमालपुर उर्फ काफरपुर थाना असमोली के रूप में हुई। बताया गया कि युवती गुरुवार से घर से लापता थी। परिजनों के अनुसार मृतका के पिता बाबू भट्ठे पर चौकीदार हैं और उस रात ड्यूटी पर थे। घर में मां परवीन, बहन तरन्नुम, भाई अजीम, अब्दुल और दो वर्षीय भांजी मौजूद थे। बाबू ने बताया कि जब वह सहरी के समय सुबह घर पहुंचे तो दरवाजा खुला मिला और परिवार के सदस्य गहरी नींद जैसी अवस्था में थे, जबकि बेटी सबरीन घर पर नहीं थी। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## एसडीएम ने सुनीं शिकायतें नौ में दो का निस्तारण



थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एसडीएम विनय सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह ने शिकायतें सुनीं। 9 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका।

थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह ने शिकायतें सुनीं । ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग संबंधी रही। एसडीम ने बताया कि जो शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका है। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक के अलावा हल्का लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

# पुलिस के रेड कार्ड देने पर भड़के संगठनों के लोग पहुंचे कोतवाली

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर प्रशासन द्वारा रेड कार्ड देने पर पदाधिकारी और भाजपा नेता भड़क गए। कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जाहिर की । समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे एसडीएम विनय कुमार सिंह के समझाने पर शांत हुए।

शनिवार की सुबह गांधी पार्क में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए और बैठक की। कहा कि प्रशासन द्वारा होली के त्यौहार के पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारीयों को रेड कार्ड जारी किया है जो सरासर गलत है इसे सहन नहीं किया जाएगा। इसके बाद सभी लोग कोतवाली पहुंचे जहां एसडीएम विनय सिंह ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि रेड कार्ड देना प्रशासनिक कार्रवाई का हिस्सा है परंतु किसी को कोई भी परेशानी नहीं होगी। सभी लोग होली के जुलूस में पुलिस मित्र बनकर प्रशासन के साथ रहेंगे। एसडीएम के आश्वासन के बाद कार्यकर्ता माने। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वास यादव लवली, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उधोग व्यापार मण्डल केके गुप्ता, सिद्धार्थ शेखर, समीर जैन, काली ठाकुर,छवि राज चावला, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।



एसडीएम विनय सिंह से वार्ता करते पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह, विश्वास यादव ।

● कोतवाली में जताई नाराजगी एसडीएम के समझाने पर माने

## आज चार घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**कांठ, अमृत विचार:** रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत उपखण्ड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने अवगत कराया कि विद्युत विभाग द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कांठ को पोषित करने वाली 33 केवी लाइन पर पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाएगा, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।कार्य के दौरान विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई बंद रहेगी। उपकेंद्र से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति नि प्रभावित रहेगी।

# किसानों को गन्ना किस्मों के बारे में बताया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** त्रिवेणी शुगर मिल रानीनांगल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को आधुनिक तकनीकों से जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को कृषक जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मिल उपाध्यक्ष वी. वेंकटरथनम ने लाल सड़न रोग से बचाव के लिए फसल चक्र अपनाने, स्वस्थ बीज चयन करने तथा बीज शोधन के बाद उन्नतशील गन्ना प्रजातियों को०-0118, 15023, 98014, को०लख०-14201, 16202 व 94184 आदि की बुवाई करने की अपील की।

महाप्रबंधक (गन्ना) टीएस यादव ने मिल द्वारा दिए जा रहे अनुदान, मृदा परीक्षण एवं भूमि सुधार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। ट्रैश मल्चर के उपयोग एवं पेड़ी फसल में बेहतर फुटाव के लिए इथाफोन प्रयोग की जानकारी भी साझा की। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हसमुल हसन ने गन्ना विभाग की विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। प्रगतिशील किसान गजेन्द्र सिंह,गन्ना प्रबंधक प्रदीप सिंह, संजय सिंह सहित राजपाल सिंह, संजीव विश्नोई, यादराम सिंह, बलवीर सिंह, नवल सिंह एवं नवीन विश्नोई समेत लगभग 250 किसान एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कृषक गोष्ठी में विचार रखते गन्ना अधिकारी । ● अमृत विचार

● बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर वृहद कृषक गोष्ठी आयोजित

## छात्रा से छेड़छाड़ मनचला पकड़कर पुलिस को सौंपा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले की नाबालिग छात्रा अध्ययन सामग्री लेने जा रही थी। पोस्ट ऑफिस के पास एक युवक ने उसे रोककर अश्लील व भद्दी टिप्पणियां कीं और उसका हाथ पकड़ लिया। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और छात्रा को छुड़ाया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़कर 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। इसी बीच आरोपी ने कार्रवाई करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, लेकिन लोगों ने उसे नहीं जाने दिया। बताया जाता है कि डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर आरोपी पास के एक मकान में घुस गया, जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### खोया-पाया सूचना

सूचित हो कि मेरा उत्तर प्रदेश आवास विकास का आवंटित भवन संख्या 12/138 जो सेक्टर 12, बुद्धि विहार मुरादाबाद में स्थित है का किराया किस्त अनुबंध पत्र की मूल कॉपी जिसका रजिस्टर्ड दिनांक 17.06.2010 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7535 पृष्ठ संख्या 219 से 236 पत्रांक 8500 पर पृष्ठकृत है, दिनांक 24.02.2026 को घर से मझोला, लाइनपार, मुरादाबाद जाते समय मूल प्रति कहीं गिर गई है। इसकी FIR थाना मझोला मुरादाबाद में कर दी गई है। विनीत सैनी, पुत्र अलक राम सैनी, मुरादाबाद

### सम्बन्ध विच्छेद

मेरी पत्नी पुष्पा देवी व पुत्र धर्मेंद्र सिंह एवं हरित व पुत्री स्वाती पत्नी शुभम निवासी- बुद्धि विहार, तहसील व थाना मुरादाबाद गलत संगत में पड़ गए हैं। मुझे सभी लोग जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। मैं इन सभी को अपनी चल-अचल संपत्ति से वेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। इन सभी लोगों से मुझे जान का खतरा है। इनके द्वारा किए गए बुरे कर्मों के यह स्वयं उत्तरदाई होंगे। हरिओम सिंह पुत्र स्व हरपाल सिंह निवासी- ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा, तहसील व थाना-कांठ, जिव मुरादाबाद

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## बच्चों ने किया वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन, दिखाए मॉडल



बच्चों के बनाए मॉडल देखते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** डींगरपुर स्थित हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में विज्ञान दिवस के मौके पर बच्चों ने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में मिसाइल नमूना, चंद्रयान नमूना, ट्रक नमूना, पवन चक्की, जल टरबाइन, अम्ल-क्षार परीक्षण, हृदय नमूना, डीएनए नमूना जैसे आकर्षक मॉडल प्रमुख रहे। बच्चों ने प्रकाश संश्लेषण, डॉ. सी.वी. रमन का चित्र, मानव पाचन तंत्र, जल चक्र जैसे विषयों पर चित्र भी बनाए। रितिका, गुलाम जिलानी, सिदरा, अफ्फान समेत कई छात्रों का प्रदर्शन खास रहा। कार्यक्रम में प्रबंधक महमूद जावेद, प्रधानाचार्य मशहूर अहमद, मुख्य अतिथि जिलानी पाशा व डींगरपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे। शिक्षकों में मोहम्मद वसीम, शहनवाज हुसैन, हिमांशु शर्मा, प्रतीक भटनागर, जेबा परवीन, अनुषा परवीन, मायरा परवीन का सहयोग सराहनीय रहा।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बिलारी

● 45 लाख रुपये ठगने का लगाया गया आरोप

**अमृत विचार :** लोन दिलाने के नाम पर 45 लाख रुपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव हसनपुर रूप निवासी समरपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह ने कोतवाली में सोनकपुर के गांव उमरारा के प्रकाश पुत्र खेमकरण के अलावा बिलारी थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर गनेश के केदार सिंह पुत्र रामकुमार, ढकिया नरू के अखिलेश कुमार पुत्र रामसेवक, चंदौसी तहसील के गांव भुलावई के दिनेश कुमार पत्र सुखलाल के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि उक्त लोगों से उनके रिश्तेदार विजेंद्र और विकास कुमार ने मिलवाया था। उन्होंने फर्जी व जाली दस्तावेज से 45 लाख रुपए की ठगी कर ली और लोन दिलाने के बाद पैसा अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। इस मामले में अब एक नया अभियुक्त विवेचना में सामने आया। पुलिस ने हीरा सिंह उर्फ बंटी पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी कृष्ण धाम कॉलोनी कस्बा बिलारी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।



ठगी का आरोपी।

## न्यूज डायरी

### वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं स्वाधीनता का उद्घोष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संस्कार भारती की महानगर इकाई की ओर से शनिवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्कार भारती महानगर इकाई के अध्यक्ष डॉ काव्य सौरभ रस्तोगी ने की। मुख्य अतिथि संस्कार भारती मेरठ प्रांत के प्रांतीय महामन्त्री इंद्रपाल शर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ. महेश दिवाकर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य वक्ता मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं है बल्कि भारत की स्वाधीनता का उद्घोष है। इंद्रपाल शर्मा ने संस्कार भारती के इतिहास और साहित्य एवं कलाओं के लिये संस्कार भारती के समग्र भारत में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। संचालन संयुक्त रूप से विवेक निर्मल और आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने किया। राजीव प्रखर, मयंक शर्मा, अशोक विद्रोही, वीरेंद्र सिंह ब्रजवासी, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने वंदे मातरम पर आधारित काव्य पाठ किया। इस दौरान यशपाल सिंह खामोश, डॉ. नवनीत गोस्वामी, माधव शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. पूनम बंसल, डॉ. राकेश जायसवाल, डॉ. जन्मेजय सूर्यवंशी, राकेश बलोदी, अशोक विश्नोई, अशोक गाबा, प्रह्लाद राय( रंगकर्मी), अभिषेक, सारिका रस्तोगी, देवेन्द्र सिंह, निर्मल मेहता,नकुल त्यागी, राम सिंह निशंक, अरुण मोहन शंखधार, विशाल अग्रवाल, सविता गुप्ता सहित अन्य की मौजूदगी रही।



### बाजार गुलजार, गुलाल और पिचकारियों की धूम

**कांठ, अमृत विचार :** रंगों का त्योहार होली नजदीक आते ही बाजार गुलजार हो गए हैं। हर ओर रंग-बिरंगे गुलाल आकर्षक पिचकारियां और तरह-तरह की होली से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों को भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब केमिकल युक्त रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बाजारों में गुलाल के साथ साथ अलग अलग फ्लेवर के इत्र मिले गुलाल भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। बच्चों के लिए तरह-तरह की आकर्षक पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियों से लेकर वाटर गन तक कई नए डिजाइन बाजार में आए हैं। दुकानदार बताते हैं कि इस साल स्पाइडरमैन, डोरेमोन और बैटमैन जैसी पिचकारियां बच्चों को काफी पसंद आ रही हैं। होली के चलते बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे व्यापारियों में खासा उत्साह है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में पहले से अधिक रौनक है, और बिक्री भी अच्छी हो रही है।



### आविषा रावत ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल की छात्रा आविषा रावत ने राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन एवं खेल निदेशालय के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में 25 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। आविषा रावत ने इसमें स्वर्ण पदक जीता। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सचिन घावरी ने छात्रा को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आविषा की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उम्मीद जताई कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी छात्रा की इस सफलता पर खुशी जताई।



### छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**बिलारी,अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं ने होली पर्व पर रंगोली बनाकर उसे सुंदर-सुंदर प्राकृतिक रंगों से सजाया। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने होली पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें बुराइयों को भस्म कर अच्छाइयों को ग्रहण करने का संदेश देता है। भैया बहनों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें निशा, काजल,रचना, शीतल, नितल, आरती, गौरी, शिवानी आदि बहनों की टोली प्रथम रही। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य के अलावा सजल राघव, आकांक्षा रहे।



**इफ्तार** 01 मार्च
सुन्नी : 6:18
शिया : 6:27

**सहरी** 02 मार्च
सुन्नी : 5:05
शिया : 5:08

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

### गरीबों और मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है रमजान

# अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर जामा मस्जिद के इमाम बताते हैं कि माहे रमजान गरीबों और मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो कंजूसी नहीं करनी चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है। गरीब चाहे वह अन्य धर्म के क्यों न हो, उनकी मदद करने की शिक्षा दी गयी है। दूसरों के काम आना भी एक इबादत है। रोजा खुद पर काबू रखने की तरबियत देता है। हममें परहेजगारी पैदा करता है।

रमजान का महीना कभी 29 दिन का तो कभी 30 दिन का होता है। तीस दिन के रोजे के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। रोजे को अरबी में सौम कहा जाता है, इसलिए इस मास को अरबी भाषा में माह-ए-सियाम भी कहते हैं। फारसी में उपवास को रोजा कहते हैं। भारत के मुस्लिम समुदाय पर फारसी जुबान का प्रभाव ज्यादा होने के कारण उपवास को फारसी शब्द ही उपयोग किया जाता है। रमजान उल मुबारक में की गई नेकियों का अल्लाह सत्तर गुना ज्यादा सवाब देता है।

रमजान का महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। बताते हैं कि पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.) से आपके किसी सहाबी ने पूछा अगर हममें से किसी के पास इतनी गुंजाइश न हो कि किसी रोजेदार का इफ्तार करा सकें। तब हजरत नबी एक करीम ने फरमाया कि एक खजूर या पानी से ही इफ्तार करा दिया जाए।



मौलवी मोहम्मद फैजान खां।

"जकात, सदका, फित्रा, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरूरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी समझा और माना जाता है। अपनी जरूरीयात को कम करना और दूसरों की जरूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज्यादा कर देता है। माहे रमजान में गरीबों, मुस्तहीकों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें अल्लाह की रहमत बरसेगी। -

**मौलवी मोहम्मद फैजान खां**, इमाम शहर जामा मस्जिद

## मस्जिद हाजी शराफत में तरावीह में कुरान मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान के महीने में नमाज-ए-तरावीह के दौरान तोपखाना प्राणपुर रोड स्थित मस्जिद हाजी शराफत में शुक्रवार रात दसवीं तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ। मौलवी राहिल खान ने कुरान शरीफ सुनाया और हाफिज मो. अनस सामा और इमाम मौलाना मुशर्रफ सैफी रहे।

कुरान मुकम्मल होने पर मौलवी राहिल खान ने रोजेदारों से इबादत कर नेक राह पर चलते हुए अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा करने और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। मस्जिद के सदर शरफुज्जमा खां ऊर्फ गुड्डू ने मिठाई का वितरण किया। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मौलाना मुशर्रफ सैफी, जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन, आयशा होटल के डायरेक्टर कमरुज्ज़मा खान ऊर्फ बबलू, एडवोकेट मोअज्जम खान, बब्बू अली, मारूफ पाशा, मास्टर अख्तर, फईम अली, अरशद अली एडवोकेट, मुस्तफा पाशा, हाफिज वाजिद अली, हाफिज मो फ़वाजिल, नासिर अली, हाजी महबूब अली, बाबू पधान, फुरकान अली, मो. उस्मान समेत सैकड़ों रोजदार मौजूद रहे।



हाफिजों के साथ जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन व अन्य।

- **हाफिजों को फूलों की माला पहनाकर किया स्वागत**

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ .फैजान अशरफ को पीएचडी की उपाधि



**सैफनी, अमृत विचार :** नगर निवासी डॉ . फैजान अशरफ पुत्र मास्टर नूरुद्दीन ने शनिवार को यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली के वार्षिक दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी उन्होंने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश हायर एजुकेशन कमीशन के माध्यम से आयोजित चयन प्रक्रिया में उर्दू विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार फैजान अशरफ क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। जिससे परिवार सहित नगर के लोगों में खुशी का माहौल है।

### बीएसए ने कर्मियों के साथ खेली होली



**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, वित्त एवं लेखाधिकारी, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### इबादत में दिखावा नहीं होना चाहिए

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मठ वाला कब्रिस्तान स्थित मस्जिद गौसिया में जलसा हुआ। इसमें इमाम मौलाना मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने कहा कि इबादत की रूह और उनकी जान खुलूस और हुस्ने नीयत है। अगर नियत पाकीजा नहीं होता बड़े से बड़ा अमल बे वजन और बे हैसियत हो जाता है। कहा कि इबादत में दिखावा नहीं होना चाहिए। मौलाना ने कहा कि कुरआन मजीद में अल्लाह ने बार-बार इस हकीकत से रूबरू कराया है कि बंदे के जाहिरी आमाल से ज्यादा उसके दिल की कैफियत को देखा जाता है। इस्लाम में नमाज, रोजा, जकात, हज, कुर्बानी और सदका जैसी अजीम इबादात उसी वक्त मकबूल होती हैं, जब उनका मकसद रजा-ए-इलाही हो। इन्हीं इबादात में एक अजीम इबादत रोजा भी है, जिसे अल्लाह ने अपनी तरफ से खास निस्बत अता फरमाई है। रमजान दरअसल नियत की तरबियत का महीना है।

# मिलावटखोरों पर शिकंजा, 145 किग्रा. मिठाई नष्ट कराई

### अभियानः होली पर खाद्य विभाग की टीम ने रामपुर और मिलक में की कार्रवाई, 3 नमूने संग्रहित किए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को मिठाई की दुकानों पर छापामारी अभियान चलाया। खाद्य विभाग टीम ने 145 किग्रा. मिठाई नष्ट की और 3 नमूने संग्रहित किए।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने होली पर आम जनमानस को सुरक्षा को देखते हुए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए है। शनिवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने अभियान के तहत विशेष छापामार कार्रवाई की। इसमें केमरी, मिलक-बिलासपुर रोड, रामपुर स्थित हसन स्वीट हाउस के स्वामी नवी हसन से छेना रसगुल्ला एवं गोले का पेड़ा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान करीब 2,040 रुपये कीमत की 15 किग्रा. दूषित मिठाई को मौके पर नष्ट कराया। इसी क्रम में ग्राम कमौरा निकट मोबाइल टावर, तहसील मिलक स्थित रसगुल्ला निर्माता व भंडारणकर्ता सूरजभान बघेल के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का एक नमूना लिया गया। साथ ही लगभग करीब 13,000 रुपये कीमती की 130 किग्रा. दूषित छेना मिठाई को नष्ट कराया। विभिन्न खाद्य पदार्थों के 3 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप संबंधित धाराओं में वाद दायर किया जाएगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार एवं अजरा बी मोहम्मद मौजूद रहे।



दूषित मिठाई को गड्ढे में दबाते खाद्य विभाग अधिकारी।

### होली पर 2 से 4 मार्च तक थानों पर मजिस्ट्रेटों की होगी तैनाती

**रामपुर, अमृत विचार :** होली का मुख्य पर्व 2 मार्च से 4 मार्च तक मनाया जाएगा। 2 को होलिका दहन होगा, जो देर रात्रि तक चलेगा। 4 मार्च को दुल्हेंडी पर रंग खेला जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार द्विवेदी ने कानून व्यवस्था की बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी 2 मार्च से 4 मार्च तक मजिस्ट्रेटों के रूप में थानों पर लगाई है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट व ड्यूटी पर लगाए गए समस्त मजिस्ट्रेट होलिका दहन के पूर्व से ही अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण कर संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर लें। सभी अपना मोबाइल 24 घंटे चालू रखेंगे। बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। संवाद के लिए जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम रहेगा। जिसके लिए 9068309528, 0595-2350404 एवं व्हाटसएप नंबर 9045299525 जारी किए है। कंट्रोल रूम में रेवेन्यू इंस्पेक्टर नगर पालिका परिषद रामपुर शमीम अहमद की ड्यूटी 2 से 4 मार्च तक लगी है।

### इन अधिकारियों की हुई तैनाती

थाना कोतवाली में वक्फ निरीक्षक मोमिन अंसार, थाना गंज में अवर अभियंता लोकनिर्माण विभाग प्रांतीय खंड आरिफ, थाना सिविल लाइंस में अवर अभियंता नलकूप मो. रूबैद, थाना स्वार में अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड मो. आजम, थाना टांडा में उप निबंधक टांडा हबीब अहमद सिद्दीकी, थाना अजीमनगर में अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सनी अनवर, थाना मिलक खानम में रेंजर तहसील स्वार मुजाहिद हुसैन, थाना बिलासपुर में उप निबंधक बिलासपुर जुबैदा बी, थाना खजुरिया में अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड अकील अहमद, थाना केमरी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहबुद्दीन दोस्त, थाना मिलक में अवर अभियंता नलकूप मो. जावेद, थाना भोट में अवर अभियंता सिंचाई अजमल हुसैन, थाना शहजादनगर में अवर अभियंता लघु सिंचाई नजर अंसारी, थाना पटवाई में विपणन निरीक्षक मरगूब हुसैन, थाना शाहबाद में सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण मो. शकील खान, थाना सैफनी में सहायक चकबंदी अधिकारी शाहबाद सुलेमान आलम, महिला थाना में अवर अभियंता (सिविल) लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड उमामा रहमानी की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है।

## फूलों की होली के साथ बच्चों ने खेला रंग गुलाल

**स्वार, अमृत विचारः** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं डॉ. दीपचंद मौर्य सरस्वती शिशु मंदिर में होली अवकाश से पूर्व वंदना सभा के बाद फूलों की होली धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने हिरण्यकश्यप व प्रह्लाद की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रह्लाद सुरक्षित रहे और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। साथ ही श्रीकृष्ण-राधा के प्रेम के प्रतीक ब्रज में मनाए जाने वाले रंगोत्सव का उल्लेख किया। बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा ने गुलाब, गेंदा व गुड़हल के फूलों से बच्चों पर पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पुरातन छात्र सुमित कुमार सैनी, प्रिंस सैनी, अंकित वर्मा, कार्यालय प्रमुख नरोत्तम मौर्य, ब्रजकिशोर मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार, संजय सिंह, गौरव सिंह, नीरज कुमार, अनिल सागर, प्रकाश बाबू, दिलीप कुमार, सुनीता रानी मौर्य, पूजा टैगोर, वंदना प्रमुख बहनें, लक्ष्मण प्रसाद, नीलम कुमारी उपस्थित रहे।

## हाईवे पर लगा तीन घंटे जाम



बिलासपुर के नैनीताल हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन एवं लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को नैनीताल हाईवे पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। नगर के मुख्य मार्ग पर लगभग तीन घंटे तक लगे भीषण जाम के कारण पर्यटकों और निवासियों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति इतनी विकराल थी कि हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। लोगों के अनुसार नगर में सड़कों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण हाईवे संकरा हो गया है।

वीकेंड होने के कारण नैनीताल जाने वाले पर्यटकों की भारी संख्या के चलते दबाव बढ़ गया और देखते ही देखते पूरा मार्ग ठप हो गया। इस जाम की जद में नगर के अंतरिम मार्ग भी आ गए। जाम में फंसे बच्चों और बुजुर्गों की हालत पस्त हो गई। बाद में कस्बा चौकी प्रभारी योगेश सिंह ने जैसे-तैसे कड़ी मशक्कत कर जाम को खुलवाया यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर नो-पार्किंग जोन सख्ती से लागू किया जाए और अतिक्रमण हटाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

- **अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों से संकरा हुआ हाईवे**

## पीपली वन में अवैध कटान की निष्पक्ष जांच की मांग

**मसवासी, अमृत विचार:** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव कुमारिया कलां गांव निवासी व पीपली बन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है कि पीपली बन में अवैध कटान धड़ल्ले के साथ हो रहा है। जिसमें वन कर्मियों की भूमिका संदिग्ध है। वन के बीट नंबर 9,10,11, में कीमती खैर, शीशम, सागौन, के पेड़ थे। वन माफिया ने मिलीभगत कर अवैध रूप से कटान कर लिया है। इस मामले की शिकायत पूर्व में अधिकारियों की गई थी लेकिन शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। जिससे बन माफिया के हौसले बुलंद रहे और वन से बेशकीमती पेड़ काटे गए पंजाब के जंगल से जो वन की लकड़ी बरामद हुई है। वह वन अफसरों की ही मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने शासन से वन में हुए अवैध कटान की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषी वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# स्कूलों में उड़ा रंग-गुलाल, बच्चों ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्कूलों में बच्चों ने शनिवार को खूब होली खेली और वातावरण में रंग-गुलाल उड़े। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि 4 मार्च को रंग खेला जाएगा। बाजारों में रंगों और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। पिचकारियों में गननुमा ऑटोमेटिक पिचकारी, रंग उड़ाने वाले पेपर और रंगीन पटाखे आए हैं। रंग बिखेरने वाले सिलेंडर भी बाजार में हैं।

बाजार में पिचकारियों की कीमत 120 रुपये से शुरू होकर 1400 रुपये तक है। वहीं 2 केजी रंग बिखेरने वाले सिलेंडर की कीमत 650 रुपये तक है। साल की शुरुआत में होली सबसे बड़ा पर्व होता है। इस बार होली 3 मार्च को है। जबकि दुल्हेंडी 4 को मनाई जाएगी। होली पर्व को लेकर बाजार रंगों और पिचकारियों से सज गए हैं। रंग बिखेरने वाले अलग-अलग वजन के सिलेंडर भी बाजार में छाए हुए हैं। 2 किलो सिलेंडर की कीमत 650 रुपये है। जबकि इससे ऊपर 6 ओर 8 किलो के सिलेंडर हैं। इनकी कीमत 800 और 950 रुपये है। कारोबारी मनोज अग्रवाल के मुताबिक आने वाले दो से तीन-दिनों में रंग गुलाल और पिचकारियों की बिक्री और बढ़ेगी। महेंद्र ने बताया कि उन्हें इस पर्व का इंतजार रहता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर लोग खरीदारी करने निकलते हैं। दुकानदारों का कहना है कि अभी बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। खरीदारी एक-दो दिन में बढ़ जाएगी।



सैदनगर कंपोजिट विद्यालय सरकड़ी में होली मनाने के दौरान बच्चों के साथ शिक्षक।

- **4 मार्च को खेला जाएगा होली का रंग, बाजारों में त्योहार की रौनक**



छुट्टी होने के बाद होली के रंग में रंगे छात्र।

# होली के त्योहार को लेकर अलर्ट हुआ पुलिस -प्रशासन



शाहबाद के खंदेली में मेले से पूर्व जायजा लेते सीओ। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार होली को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस बेहद सतर्क है। शनिवार को सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने शाहबाद थाना क्षेत्र के खंदेली गांव में लगने वाले मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला कमेटी से वार्ता की गई। कमेटी ने मेला स्थल कर पर्याप्त पुलिस बल की मांग की। सीओ देवकीनंदन ने खंदेली मेला कमेटी से कहा कि मेले के दौरान होने वाली घोड़ों की दौड़ मार्ग के आवागमन को पूरी तरह बंद कराकर ही कराएं। वहीं शहर के शिव मंदिर पर लगने वाले चौपाई के मेला स्थल का भी निरीक्षण किया। सीओ देवकीनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी, खंदेली गांव में होने वाली घोड़ों की दौड़ को सुरक्षित रखने के लिए कमेटी को निर्देशित किया गया है।

### ग्राम प्रहरियों को होली पर सतर्क रहने के संदेश



**रामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा आगामी त्योहारों को देखते हुए थाना स्वार व थाना मिलकखानम पर ग्राम प्रहरियों के साथ विशेष गोष्ठी की गई। इस अवसर पर सभी प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था, कानून का पालन और संभावित आपराधिक गतिविधियों पर सतर्क रहने के निर्देश दिए। गोष्ठी के बाद क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा महाशिवरात्रि कांवड़ और डिलारी मेले में अच्छी ड्यूटी करने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया।

### स्थल कब्जामुक्त होगा तो ही मनाएंगे होली



**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के सिंगनखेड़ा मझरा अहमदनगर के लोगों ने होली स्थल से अवैध कब्जे को हटवाकर उसकी हदबंदी कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने होली स्थल पर अवैध कब्जा कर रखा है। यहां दशकों से होलिका दहन हो रही है। प्रत्येक वर्ष होली रखने को लेकर यहां झगड़ा होता है। गांव वालों ने चेतावनी दी है कि अगर होली स्थल पर हदबंदी नहीं कराई तो वह होली नहीं जलाएंगे और ना ही पर्व मनाएंगे। ज्ञापन में जगदीश, लीलाधर, रामकुमार, हरपाल, भजनलाल, मुन्नी लाल, जयपाल, जागन सिंह, नेमी सिंह, चंद्रसेन, प्रदीप कुमार, ज्योति आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

## मिल अधिकारियों ने दिया गन्ना रकबा बढ़ाने पर जोर

**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को राणा शुगर मिल करीमगंज परिसर में गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग द्वारा वृहद किसान गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम हरपाल सिंह, उप गन्ना आयुक्त के पर्यवेक्षण एवं जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य के निर्देशन में मिल प्रशासन के सहयोग से हुआ, जिसमें लगभग 500 किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने की। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधि, उन्नत प्रजातियों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, रैटून फसल की देखभाल तथा कीट-रोग नियंत्रण पर विस्तार जानकारी दी। किसानों को 1500 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति बताई गई। मिल के उपाध्यक्ष अमर शर्मा, उप महाप्रबंधक सतवीर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शासन से मिली स्वीकृति, 4.43 करोड़ से बनेंगी तीन सड़कें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर से लेकर गांवों तक की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके लिए 4.43 करोड़ रुपये की लागत से तीन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। तीनों सड़कों के प्रस्ताव शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भेजे थे, जिन्हें अब शासन की मंजूरी मिल चुकी है।

विधायक ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी सुधरेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कों की हालत खस्ता है।

पिछले दिनों विधायक ने काजीपुरा चौराहे से लेकर ग्राम मिलक निब्बी सिंह तक मार्ग के नव निर्माण, मजिस्ट्रेट के बाग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज वाया ककरौआ आंबेडकर पार्क तक मार्ग का नवनिर्माण एवं बीसरी से मिश्रीनगर मार्ग का नवनिर्माण का प्रस्ताव भेजा था। शासन ने तीनों सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गौरव ने बताया कि तीनों मार्गों के निर्माण में 4.43 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि काजीपुरा चौराहे से ग्राम मिलक निब्बी सिंह तक सड़क के निर्माण में 90.54 लाख रूपये, मजिस्ट्रेट के बाग से ककरौआ आंबेडकर पार्क तक सड़क निर्माण में 105.57 लाख रुपये एवं बीसरी मिश्रीनगर मार्ग के निर्माण में 246.35 लाख रुपये की लागत आएगी।

विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि सड़कों के निर्माण से शहर और गांवों के विकास को गति मिलेगी। साथ ही बड़ी संख्या में लोग लाभांवित होंगे।

- **शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भेजे थे प्रस्ताव**

## पिता-पुत्र पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश में पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला खास स्वार में पुरानी रंजिश में हुए विवाद में मोहल्ले के ही आरोपी सरफराज, तौकीर अली, मतलूब ने इंतखाब हुसैन व पिता अशफाक हुसैन पर हसिया से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। घायल इंतखाब की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरु कर दी थी। शनिवार को कस्बा इंचार्ज अभिनव चौधरी को सूचना मिली कि आरोपी सरफराज भागने की फिराक में बिजली घर पर सवारी के इंतजार में खड़ा है। कस्बा इंचार्ज पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# 17.69 करोड़ से होगा बिलासपुर का विकास, कई प्रस्ताव हुए पास

### पालिकाध्यक्ष ने सभासदों से विकास कार्यों में सहयोग करने का किया आह्वान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को आयोजित नगर पालिका परिषद बिलासपुर की बोर्ड बैठक में 17.69 करोड़ रुपये लाभ प्राप्त होने का बजट पारित हुआ। जिससे नगर क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं जाएंगे। वहीं पालिकाध्यक्ष ने नगर में करवाए जा रहे विकास कार्य के लिए सभासदों से सहयोग किए जाने का आह्वान किया। वहीं दो सभासदों ने बैठक का बहिष्कार किया।


नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल। ● अमृत विचार

शनिवार को पालिका कार्यालय में चेयरमैन चित्रक मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को बोर्ड बैठक हुई। जिसमें अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 58.89 करोड़ रुपये आय एवं 41.20 करोड रुपये का व्यय होने का अनुमान है। इस प्रकार 17.69 करोड़ रुपये का लाभ का बजट पास हुआ। बाद में सदन को एजेंडा पढ़कर सुनाया गया। बैठक में साफ-सफाई, पथ-प्रकाश व्यवस्था, जल आपूर्ति एवं कूड़ा निस्तारण हेतु विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें बोर्ड की सहमति द्वारा विभिन्न प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए, चार नए शौचालय बनाने, शहर में खाली स्थानों पर पार्क एवं महापुरुष व शहीदों की प्रतिमा लगवाने, पालिका परिसर में मीटिंग हॉल, गेस्ट रूम व रिकॉर्ड रूम का निर्माण कराने, नाले चौड़ीकरण, विद्युत पोल शिफ्ट कराने, नगर क्षेत्र में रेडीमेड स्पीड ब्रेकर लगवाने, दुकानों के सामने अतिक्रमण करने पर जुर्माना आरोपित करने के लिए प्रस्ताव रखे गए। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों से आग्रह करते हुए

**● बोर्ड बैठक में बजट पारित, दो सभासदों ने किया बहिष्कार**

कहा कि नगर क्षेत्र को स्वस्थ और सुंदर बनाने के लिए पालिका सहयोग करें। बैठक में सभासद परमजीत कौर पोला, रीतु कुमारी, नाजिम खां, जाकिर हुसैन, भूरा खां, कुशल गर्ग, परवेज खां मामू, आंचल, बबीता रानी, सर्वजीत कौर, डॉ. बलविन्द्र सिंह, फरहा नाज, प्रिया कुमारी, शाहीन जहां, मीनाक्षी रस्तोगी, साधना सक्सैना, शशि सैनी, अनम, अमन वर्मा, वसीम आदि सदस्य मौजूद रहे। संचालन लेखाकार अनिल सक्सैना ने किया। उधर, सभासद मोहसिन खां और फैजान खां ने पालिका क्षेत्र में कार्य न कराने का आरोप लगाते हुए बैठक में हंगामा किया। बाद में आरोप लगाते हुए दो सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते बैठक से चले गए।

## एथलेक्टिस सेंटर में प्रवेश पाने के लिए दौड़े बच्चे

**रामपुर, अमृत विचार :** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को एथलेक्टिस सेंटर में प्रवेश के लिए ट्रायल हुआ। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चों ने ट्रायल में प्रतिभाग किया। एक जिला एक खेल योजना के तहत यह पहल जिले की प्रतिभाओं को नया मंच देने की दिशा में अहम कदम है। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया केंद्र और प्रदेश सरकार के संयुक्त समन्वय से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित एक जनपद एक खेल योजना के तहत आयोजित की जा रही है। ट्रायल के दौरान खेला इंडिया सेंटर के एथलेटिक्स सौरभ कुमार एवं फरहत अली खां मौजूद रहे।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ते बच्चे।

# यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में विकसित देश की जानकारी दी


मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय के तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता के 5 विजेता राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा, उप निदेशक माहे आलम, डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रेनू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित

**● प्रतियोगिता के 5 विजेता राज्य स्तर पर करेंगे प्रतिभाग**

कर किया। प्रतियोगिता में तुबा अहमद, फरहीन समद, खुशी गौतम, महक ठाकुर, मेघा ठाकुर, तालिब हुसैन, अनस, बबली आदि छात्र-छात्राओं ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, तकनीकी प्रगति, सड़क,रेल, वन्दे भारत, अन्तरिक्ष विज्ञान , सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल भारत आदि पर भी फोकस किया। संचालन डॉ. नरेश कुमार व डॉ. घनश्याम सरोज ने किया।

# हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** टांडा-बाजपुर मार्ग पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में तीन महिलाएं घायल हो गई थी। एक महिला को काशीपुर हर सेंटर रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई है।

शुक्रवार को दोपहर बाद एक कार मुरादाबाद दिशा की ओर से टांडा होकर हल्द्वानी जा रही थी। मिलक खोद तिराहे पर ऑटो रिक्शा में तीन महिलाएं सवार थीं। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और घायल महिलाओं को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कुसुम देवी पत्नी नारायण दास ग्राम गक्करपुर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर काशीपुर रेफर किया गया था। यहां शुक्रवार की रात उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। भाई उमेश कुमार चंद्र निवासी बन्नाखेड़ा थाना बाजपुर ने कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार और उसमें सवार लोगों को अपनी हिरासत में ले लिया था। काशीपुर के ही सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल, हालत गंभीर

**सैफनी, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के लालाटिकर गांव निवासी शाहिद हुसैन अपनी बाइक से शुक्रवार को दोपहर बाद नगर में किसी काम से आए थे। काम निपटाकर वो शाम को 5 बजे के समय घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह नगर के दनियापुर रोड पर गोविंद इंटर कॉलेज के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि शाहिद हुसैन बदहवास होकर सड़क पर जा गिरे, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई है। मौके पर जमा लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए उन्हें शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अनियंत्रित कार गड्ढे में पलटी, दो घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर रुद्र-बिलास चीनी मिल के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। दुर्घटनाग्रस्त कार में उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर निवासी विकास कुमार मित्र रविंद्र प्रताप के साथ कार द्वारा मुरादाबाद से वापस घर लौट रहे थे। कार क्षेत्र के रुद्र बिलास चीनी मिल के समीप पहुंची, तभी अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा। कार हाईवे किनारे बने खड्ड में जा गिरी। बाद में लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसे में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पाकर रुद्र बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करवाया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सीबीएसई 10वीं में 1 परीक्षार्थी ने दी संस्कृत की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं में जिले भर में 1 परीक्षार्थी ने संस्कृत की परीक्षा दी। एक परीक्षार्थी ने संस्कृत विषय के लिए पंजीकरण कराया था और वह परीक्षा में शामिल हुआ। जबकि, 12वीं की रसायन विज्ञान की परीक्षा से 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 1639 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 1619 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। सीआरपीएफ स्थित केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र पर सुबह 9 बजे संस्कृत विषय का 1 परीक्षार्थी पहुंच गया । तलाशी के बाद 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10 बजे परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र दिया। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थी ने प्रश्न पत्र को पढ़ा इसके बाद परीक्षा दी। सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा हुई। 10वीं में संस्कृत के एक परीक्षार्थी दी।

# पोस्टर प्रतियोगिता में सोनाक्षी को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला विज्ञान क्लब द्वारा शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भाषण, निबंध, पोस्टर और चार्ट प्रतियोगिताएं हुईं। पोस्टर प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चमरौआ की छाता सोनाक्षी प्रथम रही।

मुख्य अतिथि डायट के प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि हम विज्ञान के द्वारा अपनी दिनचर्या के कामों को आसान बना रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा तेवतिया ने छात्र-छात्राओं को रमन इफेक्ट के बारे में जानकारी दी। विज्ञान संचारक राजू सिंह ने विद्यार्थियों को वह प्रयोग करके दिखाए। पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर सोनाक्षी कस्तूरबा गांधी चमरौआ से रही। रिया कस्तूरबा गांधी बिलासपुर द्वितीय रही। कस्तूरबा गांधी स्वार की सायना तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार कस्तूरबा गांधी



विज्ञान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतियोगी। ● अमृत विचार

**● मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में मनाया गया विज्ञान दिवस**

रामपुर की दिव्या और मॉडल मांटेसरी स्कूल की महक को मिला। मूल्यांकन श्याम रस्तोगी प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सचिन कुमार प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. यासमीन जैदी सहायक प्रोफेसर इंपैक्ट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी व जफर अतीक प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम के अंत में जिला विज्ञान क्लब के जिला


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने सभी का आभार जताया। संचालन अनन्या शर्मा, आंचल व रीतू यादव ने संयुक्त रूप से किया। दस दौरान राजू, अंकुर, अरविन्द कुमार, मीना शर्मा, सुषमा, शोभा गुप्ता, शमीम फातिमा, दीपशिखा, अंजु रस्तोगी, रवि माथुर, राजू कठैत, डॉ. सीमा तेवतिया, डॉ. राजू सिंह, श्याम रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करें

**बिलासपुर, अमृत विचार:** शनिवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। जिसमें छात्रा अरस्मा बी को बेस्ट कैंपर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने की। समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। शिविरार्थियों ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद उपाध्याय ने शिविरार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने शिविर में सीखे गए नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

# किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे अमेरिका से समझौता

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को मोहल्ला भट्टी टोला में शुक्रवार को भाकियू भानु गुट की बैठक हुई। जिसमें संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने स्वामीनाथन आयोग लागू करने एवं किसानों को बिना ब्याज के ऋण दिए जाने की मांग की। कहा कि अमेरिका से समझौता देश का किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कृषि प्रधान देश को किसी भी देश के आगे झुकने की जरूरत नहीं है। हम अपने देश के प्रधानमंत्री से अपील करते है। कि अमेरिका के साथ जो समझौता किया, उसको तत्काल रद्द किया। अगर ऐसा नहीं होता है, तो किसान बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक मार्च को खजुरिया में आयोजित पंचायत को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर मुराद खां, सतनाम सिंह, सुखविंदर सिंह, जरनैल सिंह, असलम खां, सोनू मियां, शाहबेज मियां, गुफरान अली, करीमुद्दीन, नाजिम आदि शामिल रहे। वहीं शनिवार को नवीन मंडी के सामने भाकियू महात्मा टिकैत के कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ज्ञानपाल सिंह यादव ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी हालत में सहन नहीं किया जाएगा।


बैठक में बोलते किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी। ● अमृत विचार

संगठन हमेशा किसानों के लिए संघर्षशील रहेगा। कहा कि सरकारी दफ्तरों में भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। संगठन के जिला महासचिव

**● मोहल्ला भट्टी टोला में हुई भाकियू भानु गुट की बैठक**

हरिशंकर यादव ने कहा कि संगठन एकजुटता से चलता है। इसलिए वह अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़कर संगठन की सदस्यता ग्रहण कराएं। बैठक में नदीम अहमद को नगराध्यक्ष, राशिद अली को ग्राम अध्यक्ष नगरिया कलां, मोहम्मद उमर को ग्राम उपाध्यक्ष भटपुरा तारन, जाकिर हुसैन ग्राम सचिव भटपुरा, उरमान यादव न्याय पंचायत खौदलपुर, अफ़ज़ल शेख को ब्लाक उपाध्यक्ष आसिफ मियां को ब्लाक उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर मोर सिंह यादव, रईस अहमद, सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने शनिवार को शाहबाद स्थित विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), बीएमएम (एनआरएलएम), बाल विकास परियोजना कार्यालय की सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी ने आवास पटल, शिकायत पटल, स्थापना पटल और आंकिक पटल के सहायकों


शाहबाद विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

को निर्देश दिए। उन्हें संबंधित पत्रों को पत्रावलियों में व्यवस्थित ढंग से रखने को कहा गया। साथ ही, शासन, आयुक्त, जिलाधिकारी, जन सुनवाई और आईजीआरएस जैसे विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाली शिकायतों की निर्धारित समय-सीमा में जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ता को भी अवगत कराने के निर्देश दिए गए। सभी पत्रावलियों, पत्रों और निर्माण कार्यों के भुगतान से संबंधित फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत ऑनलाइन संबंधित अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह चौहान भी मौजूद रहे ।

**सुविधा** | **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिला लाभ**

# 24,2319 महिलाओं को मिली नि :शुल्क रिफिल सब्सिडी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली पर जिले में 24,2319 पात्र महिला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ दिया गया। विकास भवन सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किए गए।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की उपस्थिति में लाभार्थी महिलाओं ने लोक भवन, लखनऊ से सीधे प्रसारित मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को


कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुनतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

रसोई के धुएं से मुक्ति मिली है। जिससे उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण एवं जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि योजना के तहत वर्ष में दो रिफिल (होली और दीपावली के अवसर पर) निःशुल्क देने की व्यवस्था है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा 554.07 रुपये एवं केंद्र सरकार द्वारा रुपये 319.43 की सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में अंतरण की जाती है। कार्यक्रम में इंडियन गैस के एरिया मैनेजर ज्योतेश, गैस एजेंसी प्रतिनिधि, लाभार्थी महिलाएं तथा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


नि :शुल्क रिफिल देते डीएम व सीडीओ।

# विज्ञान में जितनी बार प्रयोग करेंगे, मिलेंगे बेहतर परिणाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की सैयद फैकल्टी ऑफ साइंस में शनिवार को विज्ञान दिवस मनाया गया। ''विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'' विषय पर संगोष्ठी हुई। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि जीवन विज्ञान के प्रयोग जैसा है। जितनी बार प्रयोग करेंगे पहले से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कुलपति ने कहा कि विज्ञान किसी देश को नहीं जानता है, क्योंकि ज्ञान मानवता का है और वह मशाल है, जो दुनिया को रोशन करती है। विज्ञान का कोई एक सबसे बड़ा चमत्कार चुनना मुश्किल है। क्योंकि इसने कई क्षेत्रों में असंभव को संभव किया है। साइंस डीन डॉ. स्वाति सिंह ने बताया कि रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस


विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक।

**● मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में मनाया गया विज्ञान दिवस**

मनाते हैं। विज्ञान कभी रुकता नहीं यह निरंतर चलता रहता है। डॉ. गुलरेज निजामी ने बताया कि भारत का भविष्य, एक विकसित राष्ट्र के रूप में, उसकी वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता पर बहुत हद तक निर्भर करता है। संचालन अलीना खान और अजरा फातिमा ने किया। डॉ. गुल अफशा ने आभार जताया। इस दौरान अलीना, अजरा, आलिमा, नूरसबा, पाकीजा, अजहर, गुलफिजा, निशा परवीन, अबूतलहा, डॉ. एसएन सलाम, मोहम्मद आरिफ खान, डॉ. राजेश यादव, डॉ. कलीम, डॉ. गुलरेज़ निजामी, डॉ. तनवीर इरशाद, डॉ. गुल अफशा, डॉ. फरहा रहमान, डॉ. गाजी खान आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### थाना समाधान दिवस में आठ शिकायतें दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों की फरियाद पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी ने सुनीं। थाना समाधान दिवस में मात्र आठ शिकायत दर्ज हुईं, जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची हुई सात शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई। पुलिस क्षेत्र अधिकारी द्वारा थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी में कर्मचारी मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** नहटौर-किरतपुर मार्ग पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुनील (45) पुत्र बसंत सिंह निवासी ग्राम नारगदी, थाना नहटौर अपने साथियों कपिल और कोमल के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया, जबकि कपिल और कोमल का उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** चिरंजी लाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शनिवार को विशेष शिविर का समापन ग्राम बौनावाली डगरोली में हुआ। संस्थान निदेशक पुनीत अग्रवाल ने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण एवं जल शिक्षण विषय पर विशेष महत्व दिए जाने तथा अपनी प्रकृति को बचाने और प्राकृतिक जल संरक्षण स्रोतों को बचाने पर बल दिया। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, विनोद गुप्ता, मनोज कुमार शर्मा, लोकेश कुमार, अतुल शर्मा, अजीत कुमार, अंजनी, अशोक, दीपक, नेहा सागर, प्रियंका, सृष्टि, शीतल, रितिक कुमार, मीनू, सोनिया, कोशिंदर, हिमांशी सहितसभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# फर्जी इलाज दिखा लिया बीमा क्लेम नोएडा के डाक्टर ने की शिकायत

## नोएडा के डॉ. राजीव कुमार चौधरी ने एसपी को दिया प्रार्थनापत्र, कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस कर रही मामले की जांच
- जोया में दो अस्पतालों को बताया गया फर्जी

**अमृत विचार:** जिले में मरीजों का फर्जी तरीके से इलाज दिखाकर लाखों रुपये का बीमा क्लेम कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नोएडा के एक चिकित्सक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस डॉक्टर के आरोपों की जांच कर रही है। स्वास्थ्य महकमे पर भी सवाल उठ रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एओएक्स एनआरआई सिटी निवासी डॉ. राजीव कुमार चौधरी (एमबीबीएस) ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पिछले दिनों एक बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने उनके पास फोन कर मरीज के इलाज और बीमा क्लेम की जानकारी की तो उनका माथ ठनक गया। उन्हें जानकारी मिली कि जोया स्थित डिवाइन हॉस्पिटल व साधना नर्सिंग होम पर कुछ लोग फर्जी तरीके से मरीजों का इलाज दर्शाकर बीमा कंपनियों से क्लेम ले रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक व्यक्ति साहिल पुत्र ओमप्रकाश स्वयं को डॉक्टर बताकर इलाज करता है, जबकि उसके पास मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। इसके अलावा दुष्यंत कुमार बीमा कंपनी से जुड़े सर्वेयर के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज और रिपोर्ट तैयार कर बीमा क्लेम पास कराए जा रहे हैं। यहां तक कि लंबे समय से बंद पैथोलॉजी लैब से ब्लड सैंपल की जांच दिखाकर रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। डॉ. चौधरी का कहना है कि उनके नाम और फर्जी मुहर का इस्तेमाल कर दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में पहले भी थाना डिडौली में शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसपी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कागजों में चल रहे अस्पतालों में इलाज कर लिया जा रहा लाखों का बीमा क्लेम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में फर्जी डॉक्टर के जरिए बीमा क्लेम कराने के आरोपों के बीच एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। जनपद में कई ऐसे निजी अस्पताल और नर्सिंग होम संचालित दिखाए जा रहे हैं, जो न तो स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत हैं और न ही वास्तविक रूप से जमीन पर मौजूद हैं। आरोप है कि इन कथित अस्पतालों का संचालन सिर्फ कागजों में किया जा रहा है। मरीजों के नाम पर फर्जी भर्ती, उपचार और जांच रिपोर्ट तैयार कर बीमा कंपनियों से क्लेम लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस तरह अब तक कई लाख रुपये का क्लेम पास कराया जा चुका है। यह भी आशंका जताई गई है कि पूरे प्रकरण में कई लोगों की मिलीभगत हो सकती है। मामले की निष्पक्ष जांच होने पर बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े का खुलासा होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> डिवाइन और साधना नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत है। पोर्टल पर दर्ज जानकारी में इन दोनों अस्पतालों में डॉ. राजीव चौधरी की कोई डिग्री नहीं लगाई गई है। शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी।
>
> – **योगेंद्र सिंह**, सीएमओ

### रिटायर्ड एडीएम पर फर्जीवाड़े का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने सेवानिवृत्त एडीएम पर करोड़ों की भूमि फर्जी तरीके से हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर गुहार लगाई।

गुलहसन का आरोप है कि एक रिटायर्ड एडीएम ने उनके पिता के नाम दर्ज ग्राम पाइंदापुर की भूमि का वर्ष 2011 में अपने रसोइए के नाम फर्जी बैनामा करा लिया था। बाद में उक्त भूमि को रसोइए के माध्यम से अपने पुत्रों के नाम दान करवा दिया। रसोइया और एडीएम अलग-अलग जाति के हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि प्रभाव का इस्तेमाल कर कागजों में हेराफेरी की गई है। शिकायत में कहा गया है कि विरासत दर्ज होने के बावजूद तहसील न्यायालय में विपक्षी के दबाव के चलते मामले का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बार-बार चक्कर काटने और बहस पूरी होने के बाद भी आदेश पारित नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने डीएम से गुहार लगाई है कि तहसील न्यायालय को आदेशित कर मामले का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाए।

## लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व गैस सिलेंडर दिए



कार्यक्रम में विधायक, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- 1.61 लाख से अधिक परिवार होंगे लाभान्वित

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कार्यक्रम में रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरित की। इस योजना से अमरोहा जिले के 1.61 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। अतरासी रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक और गैस सिलेंडर प्रदान किए। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों तक पहुंचा रही है। डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि उज्ज्वला योजना से माताओं और बहनों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष धनौरा प्रवीण अग्रवाल, नगर पंचायत नौगावां सादात अध्यक्ष जैदी, बृजेश चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, गैस कंपनियों के प्रतिनिधि, अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## फागुन एकादशी पर श्याम रंग में रंगे नजर आए लोग

संवाददाता, मंडी धनौरा

- खाटू श्याम संकीर्तन में गुलाल संग भक्तों ने खेली होली

**अमृत विचार:** फागुन मास की एकादशी पर नगर श्याममय हो उठा। फागुन का मेला छूट न जाए जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और बाबा श्याम को गुलाल अर्पित कर भक्ति संग होली खेली।

नगर के हरदेव बाजार स्थित श्री सत्य नारायण मंदिर में श्री खाटू श्याम संकीर्तन मण्डल द्वारा आमलकी रंग भरी एकादशी पर भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात जोत प्रज्वलित कर किया। भजन प्रवाहक उत्सव अग्रवाल ने गणेश वंदना, गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ कीर्तन की शुरुआत की। इसके बाद भजन गायक राघव वर्मा ने हर ग्यारस को श्याम धनी हम आए तुम्हारे दरबार, होली खेल रहे मेरे श्याम, श्याम बाबा का दरबार बड़ा प्यारा लागे, फागुन का नजारा है, हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया जैसे भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तों ने नारियल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए बाबा श्याम से प्रार्थना की। समापन अवसर पर मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। अतुल वर्मा, अमित गर्ग भोले, देव अग्रवाल, लाभ अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल, राजीव मित्तल, सोनू मित्तल, मोनू मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, आँचल कुमार, शिव चरण, काजल गर्ग, राधिका गर्ग, नीतू जैन, सोनिया अग्रवाल, अनिता वर्मा, नीति अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट में धरना देंगे पेंशनर्स

**अमरोहा, अमृत विचार:** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने 21 अप्रैल को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का ऐलान किया है। संगठन के जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र चिकारा ने बताया कि यह निर्णय गूगल मीट के माध्यम से प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया गया। शिवेंद्र सिंह चिकारा ने बताया कि वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने, पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग का लाभ देने तथा पेंशन कम्यूटेशन की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने की प्रमुख मांगें शामिल रहेंगी। बैठक में यह भी चिंता जताई गई कि आठवें वेतन आयोग का कार्यकाल 18 माह निर्धारित किए जाने के बावजूद अब तक आयोग की ओर से कोई ठोस रिपोर्ट या सिफारिश सामने नहीं आई है। पदाधिकारियों ने कहा कि 21 अप्रैल को देशभर के पेंशनर्स एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें



शिकायतें सुनतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** थाना समाधान दिवस के दौरान शनिवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना अमरोहा नगर में पहुंचकर आमजन की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का समाधान पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करे। दोनों पक्षों को सुनकर तथा अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि अनावश्यक विवाद और तनाव की स्थिति न बने। अधिकारियों ने थाने में संचालित मिशन शक्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां प्राप्त शिकायतों और समाधान दिवस रजिस्टर की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाली महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

### गुलदार का शव मिला

**बिजनौर, अमृत विचार :** शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव नंदगांव मार्ग पर शनिवार की सवेरे एक नर गुलदार का शव मिला। वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि संस्था मस्जिद तेली वाली कमेटी, मौहल्ला राण्ड, टांडा बादली, पोस्ट व तहसील टाण्डा, जिला रामपुर द्वारा सोसाइटी पंजीकरण हेतु आवेदन सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मण्डल में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/पक्ष को उक्त संस्था की संपत्ति, प्रबंधन अथवा स्वामित्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण सहित सहायक निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद अथवा उपजिलाधिकारी, तहसील टाण्डा, जिला रामपुर के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर पंजीकरण की कार्यवाही नियमानुसार कर दी जाएगी।

**– अध्यक्ष, मस्जिद तेली वाली कमेटी मौहल्ला राण्ड, टांडा बादली तहसील टाण्डा, जिला रामपुर**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रभात चंद गुप्ता द्वारा संस्था वेदांशा ग्रीन्स रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन, बेसमेंट एचसी– 48 प्रभात प्लाजा, राम गंगा विहार फेज–2 मुरादाबाद का प्रेसीडेन्ट दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. प्रभात चन्द्र गुप्ता– प्रेसीडेन्ट, 2. सोनाली मेहरा– वाइस प्रेसीडेन्ट, 3. गौरव गुप्ता– सेक्रेट्री, 4. हितेश महाजन– एडिशनल सेक्रेट्री, 5. करन मनचन्दा– ट्रेजरार, 6. उज्जवल अग्रवाल, 7. अजीत कुमार अग्रवाल– एक्सक्यूटिव मेम्बर दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक**

## सिटी डायरी



### चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने खेली होली

**हसनपुर, अमृत विचार :** चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने होली का पर्व हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य वरुण मोहन द्वारा बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली हमें बुराई पर अच्छाई की विजय प्रेम क्षमता आदि का संदेश देती है। उन्होंने सभी को प्राकृतिक रंगों से सुरक्षित एवं पर्यावरण मित्र होली बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक इंद्रेश देवी, निर्देशक चमन लाल शाहिद स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### प्रेम, एकता और उल्लास के साथ मनाया होली महोत्सव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गोलघर स्थित रिसोर्ट में शनिवार को लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन ने होली महोत्सव का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्षा कल्पना शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी सदस्याओं ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नाश्ते का आनंद लेते हुए सभी ने आपसी स्नेह और सौहार्द का संदेश दिया। सुधा शर्मा, कंचन दत्त, सिम्मी अग्रवाल, रेनू, एकता, प्रियंका, बीना, चित्रा, अमिता, पुष्पा, अनुपम, नीरू, विनेश, पूनम, मीनाक्षी, नैना तथा मनु सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

### कार के लिए विवाहिता को घर से निकाला, सात पर रिपोर्ट

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता भदौरा निवासी पूनम का विवाह 2019 में मेरठ पीएसी में तैनात शेखर सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी में 25 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष के लोग क्रेटा कार की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ मारपीट की गई और पति द्वारा दूसरी शादी करने की धमकी दी गई। दिसंबर 2025 में आरोपियों ने पीड़िता को अभद्र व्यवहार कर घर से निकाल दिया। मायके पहुंचने पर भी आरोपियों ने वहां आकर गाली–गलौज की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति शेखर सिंह, सास राकेश देवी, ससुर तेजपाल, ननद रजनी और नंदोई अर्जुन ननद सतौनी, नंदोई गौरव सहित सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी विकास कुमार सहरावत ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 1000 छात्रों ने दी अंबेडकर प्रतिभा खोज परीक्षा

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर आदर्श शिक्षा सेवा समिति द्वारा अंबेडकर प्रतिभा खोज परीक्षा–2026 का सफल आयोजन किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 6 से 8 तक के 1000 से अधिक छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। क्षेत्र के कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और तार्किक क्षमता पर आधारित इस परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। आयोजक समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के मेधावी छात्रों को एक मंच प्रदान करना है। परीक्षा में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले तीन–तीन विजेताओं को आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** धामपुर–नूरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। वह अपनी बेटी के घर होली का सामान देने जा रहे थे। अमखेड़ा गांव निवासी महिपाल सिंह बाइक से अपनी बेटी के गांव ढाठ नगला जा रहे थे। नींदड़ू क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। महिपाल गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र खेम सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

खबरें पेज 9 पर भी

## न्यायिक कर्मी के हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- मोहम्मद सादिक पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था
- 11 जनवरी को पत्नी-बच्चों के सामने पीट-पीटकर की गई थी हत्या

**अमृत विचार:** न्यायिक कर्मी राशिद हुसैन की पीट-पीटकर हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी नब्बू उर्फ मोहम्मद सादिक ने डिडौली थाने पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। वह 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी था। । इससे पहले दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

अमरोहा के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन, सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय में क्लर्क के पद पर तैनात थे। 11 जनवरी को अपनी पत्नी रुखसार, तीन बच्चों और भतीजे सलमान के साथ कार से मुरादाबाद जनपद के गांव पट्टी स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। बंबूगढ़ से आगे पथकोई-हुसैनपुर की पुलिया के पास पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने गलत दिशा से ओवरटेक किया तो कार बाइक से को छू लिया। इस बात पर बाइक भड़क गए और उन्होंने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने राशिद की कार का करीब तीन किलोमीटर तक पीछा कर रुकवा लिया।

इसके बाद राशिद को उनकी पत्नी और बच्चों के सामने बाहर खींच लिया गया और बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी कलीम निवासी गांव हुसैनपुर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था। एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब तीसरे आरोपी नब्बू उर्फ मोहम्मद सादिक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस शेष आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार को आरोपी नब्बू ने डिडौली थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

## श्याम बाबा के संकीर्तन में भक्तों ने खेली होली



संकीर्तन में उपस्थित भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर स्थित श्याम बाबा के मंदिर पर श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा संकीर्तन का आयोजन किया गया।

सौरभ मित्तल, लव शर्मा, याशिका शर्मा, दीपक बेधड़क ने बाबा के भजन सुनाए। संकीर्तन के अंत में रंग की एकादशी के अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा के समक्ष फूल एवं गुलाल की जमकर होली खेली। अंकुर अग्रवाल, मुकेश गोयल, हिरदेश अग्रवाल, शैंकी अग्रवाल, आशु चौहान, राहुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सतबीर गिरी, महेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, पप्पू गिरी, मोहित चौहान, अशोक रस्तोगी, प्रवीण प्रजापति, शोभित शर्मा, मोहित शर्मा, हनी अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह

**हसनपुर, अमृत विचार:** रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की वर्षा कर प्रेम व सौहार्द की होली खेली। प्रबंधक सुशील चंद सक्सेना ने कहा कि त्योहार प्रेम, भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं। हमें सभी पर्व शांति और सादगी के साथ मनाने चाहिए। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने होली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य निशांत त्यागी सहित सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, भावना सक्सेना, मंजरी दीक्षित, अतुल माथुर, सीमा वर्मा और समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शफीक द्वारा संस्था गुले गुस्तफा विकास समिति, ग्राम कुन्डेसरा तहसील टांडा, जिला रामपुर का मंत्री दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. मौ. सुहेल–अध्यक्ष 2. अनीस–उपाध्यक्ष 3. शफीक–मंत्री 4. अहमद हुसैन–उपमंत्री 5. गुलवशर–कोषाध्यक्ष 4 सुलेमान 7. शफी अहमद 8. रहीम शाह 9. तस्लीम 10. सलीम हुसैन 11. हसरत अली–सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक**

**कार्यालय अब्दुल सलाम मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलिज**
**भट्टी स्ट्रीट मुरादाबाद**

**अब्दुल सलाम मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलिज भट्टी स्ट्रीट मुरादाबाद में सहायक लिपिक पद हेतु आवेदन की सूचना**

**पद का नाम :** सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी)

**वेतनमान** – (5200–20200 ग्रेड पे–2000 लेवल–3 पे मैट्रिक्स 21700–69100)

**शैक्षिक अर्हता :** इण्टरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा सी.सी.सी प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) वर्ष 2025 में 50% एवं अधिक परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र होंगे तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट।

**आयु सीमा**–01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष

**आवेदन शुल्क** – सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिये रूपये 750.00 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/ई.डब्लूएस. के लिए 500.00 आवेदन निर्धारित प्रारूप दिनांक 22.03.2026 तथा प्रबन्धक अब्दुल सलाम मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कालिज मुरादाबाद के पदनाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) संलग्न करते हुए, इसी पते पर स्पीडपोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करेंगे। आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद की ईमेल आई.डी (moradabaddios@gmail.com) पर भी प्रेषित करेंगे। सम्पूर्ण जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट http://www.asmgicmbd.com पर दिशा निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है।

**Manager**
**Abdul Salam Muslim Girls Inter College, Moradabad**

# पूरी तैयारी के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगा रापद

## राष्ट्रीय परिवर्तन दल अध्यक्ष डीपी यादव ने कहा, गठबंधन पर जल्द फैसला, चुनाव मैदान में उतारेंगे सैकड़ों प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डीपी यादव ने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में पार्टी पूरी रणनीति और तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवर्तन दल कुछ गिने-चुने नहीं बल्कि सैकड़ों प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारेगा। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी विभिन्न स्तरों पर बातचीत चल रही है। यह फैसला पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी करेगी कि चुनाव गठबंधन में लड़ा जाए या अकेले। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल देश और समाज के प्रति ईमानदार भावना से काम करेगा, पार्टी उसी के साथ आगे बढ़ेगी।

शनिवार को संभल के धनारी में आयोजित सम्मेलन में डीपी यादव ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को साफ संदेश दिया कि आगामी चुनावों में राष्ट्रीय परिवर्तन दल मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा। कहा कि वह अभी से खुद को तैयार करें। किसानों, मजदूरों व नौजवानों के हक की लड़ाई लड़ने के साथ ही समाज में एकता व समानता का



संभल के धनारी में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते डीपी यादव। ● अमृत विचार

- 2027 के लिए राष्ट्रीय परिवर्तन दल का जन-जागरण अभियान शुरू

माहौल बनाने का काम करें। डीपी यादव ने कहा कि समाज को जाति और वर्ग के नाम पर बांटना देश की संस्कृति के खिलाफ है। गैर-बराबरी पैदा करना और समाजों को आपस में लड़ाने की राजनीति भारत की परंपरा नहीं रही है। राष्ट्रीय परिवर्तन दल का लक्ष्य किसान और मजदूरों की स्थिति में सुधार, युवाओं को रोजगार, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भेदभाव की राजनीति को समाप्त कर एक समतामूलक समाज का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश को आज अच्छे, ईमानदार और मेहनती नेतृत्व की आवश्यकता है। विशेष रूप से गंगा के किनारे का क्षेत्र गरीबी, अभाव और अशिक्षा से जूझ रहा है। इस क्षेत्र को जन-जागरण अभियान के जरिए मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य पार्टी करेगी। खुद के चुनाव लड़ने के सवाल पर डीपी यादव ने कहा कि वह वहीं से चुनाव लड़ेंगे, जहां से पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और जनता की इच्छा होगी। उन्होंने हमेशा जनता के साथ रहकर राजनीति की है और आगे भी जनता की भावना के अनुसार ही निर्णय लेंगे। वह कभी भी राजनीति से अलग नहीं रहे हैं। क्षेत्र में आज भी उनके समर्थक ब्लॉक प्रमुख,



धनारी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डीपी यादव। ● अमृत विचार

### राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन दुश्मनी नहीं

पत्रकारों से बातचीत में डीपी यादव ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुश्मनी का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने बताया कि शिवपाल यादव आज भी उनसे मिलते हैं और संवाद बना रहता है। अखिलेश यादव से भी मुलाकात और बातचीत होती रहती है। इसके अलावा भाजपा नेताओं और मायावती से भी समय-समय पर संवाद होता है। उन्होंने कहा कि राजनीति कोई दुश्मनी का अखाड़ा नहीं, बल्कि विचारों और संवाद का मंच है। धर्मगुरु अविमुक्तेश्वरानंद पर कार्रवाई के सवाल पर डीपी यादव ने कहा कि किसी भी महापुरुष, धर्मगुरु या सामाजिक व्यक्ति के साथ शक्ति का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। गलत पर कार्रवाई जरूरी है, लेकिन सही का फैसला भी निष्पक्ष और उचित स्तर पर होना चाहिए। यादव जी की लव स्टोरी फिल्म से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि किसी भी जाति या समाज के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला कोई भी प्रयास गलत है। समाज को तोड़ने के बजाय जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने का काम ही सच्ची राजनीति है।

ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि एक नए जन-जागरण अभियान के माध्यम से जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाए और इसी उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय परिवर्तन दल एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

डीपी यादव ने कहा कि संभल को जिला बनाए जाने में उनकी अहम भूमिका रही है। यह मांग उन्होंने सबसे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती के सामने रखी थी। क्षेत्र में कोई बड़ी इंडस्ट्री नहीं है, जिसके कारण युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। इस दौरान अहीर रेजिमेंट की लड़ाई लड रहे गगन यादव ने भी युवाओं में उत्साह का संचार किया। सतवीर यादव, रामप्रसाद प्रधान,सीताराम यादव,तुलाराम प्रधान आदि ने भी विचार रखे। संचालन अशफाक भारती ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नाली विवाद में मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रहोली में नाली के पानी के निकास को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया, जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गया। अफजल पुत्र इकबाल ने पुलिस को तहरीर देकर सलीम खां, आस मोहम्मद, उवैस और जीशान के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सलीम खां और उवैस को चितौरा गांव के पास से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### कल्कि धाम में सत्संग में होगी फूलों की होली

**संभल,अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम में 1 मार्च को नियमित मासिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह सत्संग श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के जगद्गुरु की उपाधि से विभूषित होने के बाद पहला मासिक सत्संग होगा, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। होली से एक दिन पूर्व आयोजित इस धार्मिक समागम में सत्संग के उपरांत फूलों की होली खेली जाएगी। फूलों की होली श्री कल्कि धाम का एक विशिष्ट और पारंपरिक उत्सव है, जो दशकों से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। इस बार आयोजन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है, क्योंकि यह जगद्गुरु बनने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम का पहला मासिक कार्यक्रम होगा। श्री कल्कि धाम के प्रवक्ता पंकज चाहल ने बताया कि इस अवसर पर देशभर से श्री कल्कि भक्तों के पहुंचने की संभावना है। सत्संग और फूलों की होली के माध्यम से भक्त आध्यात्मिक आनंद के साथ आपसी सौहार्द और भक्ति भाव का अनुभव करेंगे।

### मासूम के साथ कुकर्म में कार्रवाई की मांग

**संभल,अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव में आठ वर्षीय मासूम के साथ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पिता का कहना है कि 22 की शाम उस आठ वर्षीय बेटा गांव के एक बरात घर में बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले दो लोग उसे बहला-फुसलाकर एक कमरे में ले गए और वहां उसके साथ कुकृत्य किया गया। पिता ने आरोपियों से पूछताछ की तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हजोई कोतवाली पुलिस ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है।

### ट्यूबवेल पर करंट से सात साल की बच्ची की मौत

संवाददाता,चंदौसी/संभल अमृत विचारः थाना बनियाठेर क्षेत्र में ट्यूबवेल के पास खेल रही सात वर्षीय बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस्माइल कॉलोनी कस्बा चंदौसी निवासी शाहिद की सात वर्षीय बेटी नाजमीन शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर से लगभग ढाई सौ मीटर दूर शकील के खेत पर लगे ट्यूबवेल के पास खेल रही थी। इसी दौरान वह पानी पीने के लिए ट्यूबवेल के पास गई, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गई। करंट लगते ही बच्ची झुलसकर वहीं गिर पड़ी। परिजन मौके पर पहुंचे और बच्कोची चंदौसी के एक निजी अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची कक्षा एक की छात्रा थी और चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर की थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ले बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि ट्यूबवेल पर करंट लगने से बच्ची की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक नाजमीन।

# यादव जी की लव स्टोरी का विरोध, दिया ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते यादव समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा संभल एवं यादव समाज उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने 'यादवजी की लव स्टोरी' फिल्म के विरोध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। महासभा ने फिल्म पर रोक लगाने और शीर्षक में संशोधन की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें यादव समाज की परंपराओं और सम्मान को गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने की आशंका है। इससे समाज के लोगों में नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। महासभा का कहना है कि फिल्म की पूरी यूनिट में यादव समाज का कोई सदस्य शामिल नहीं है और इसमें दर्शाई गई घटनाएं वास्तविकता से परे प्रतीत होती हैं।

### वायरल वीडियो पर शिक्षिका को दिया नोटिस

**चंदौसी, अमृत विचारः** एसएम महाविद्यालय में अमर्यादित भाषा के कथित प्रयोग से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद कॉलेज प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य ने संबंधित शिक्षिका को नोटिस जारी कर 7 मार्च तक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

वीडियो में प्राचार्य कक्ष के बाहर शिक्षिका द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे संस्थान की गरिमा प्रभावित हुई है। कहा गया कि अक्टूबर 2024 में परीक्षा भवन में इसी तरह की घटना सामने आ चुकी है। इस प्रकार की घटनाएं शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। प्राचार्य ने पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजते हुए अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

- जाम लगाने का प्रयास,पुलिस ने परिजनों को समझाकर किया शांत

कार्यालय संवाददाता , संभल



असमोली में दुर्घटना स्थल पर इकट्ठा मृतक के परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अमरोहा के थाना डिडोली क्षेत्र के गांव खैय्या माफी निवासी आसिम (25) पुत्र रहीस की सड़क हादसे में मौत के एक दिन बाद शनिवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी पहुंच गए और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया।



मृतक आसिम।

शुक्रवार शाम आसिम असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी स्थित रेडीमेड गारमेंट की दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। मनोटा-चौधरपुर मार्ग पर मंसूरपुर माफी चौकी के पास दो बाइकों की भिड़ंत के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा था। इसी दौरान किसी वाहन ने उसे कुचल दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। शनिवार सुबह परिजन व ग्रामीण चौकी पर एकत्र हो गए और हंगामा किया। । सूचना पर थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि तहरीर मिलने के बाद मामले में निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए । मृतक के भाई जावेद आलम ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए हादसे में शामिल अज्ञात वाहन और फरार बाइक सवारों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच तेज कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# गुन्नौर में दुकान से नकली टाइल्स बरामद , रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचारः** टाइल्स निर्माता कंपनी कजारिया सिरेमिक के नाम का फर्जी उपयोग कर नकली उत्पाद बेचने के मामले में कोतवाली गुन्नौर में एक टाइल्स विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कंपनी की प्रतिनिधि चेतना खन्ना ने थाना गुन्नौर में तहरीर देकर बताया कि मार्केट सर्वे के दौरान उन्हें सूचना मिली कि कस्बा गुन्नौर के नेहरू चौक स्थित डिलाइट मार्बल नामक दुकान पर कंपनी के नाम से नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। दुकान संचालक शफीक अहमद पर आरोप है कि वह कजारिया गोल्ड नाम का मार्का लगाकर टाइल्स एडहेसिव बेच रहा था, जबकि कंपनी इस नाम से कोई उत्पाद ही नहीं बनाती है। शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस टीम के साथ दुकान पर पहुंचकर जांच की गई। मौके से कजारिया गोल्ड नाम अंकित टाइल्स के चार कट्टे बरामद किए गए। कंपनी प्रतिनिधि का कहना है कि इस प्रकार का उत्पाद उनकी कंपनी द्वारा निर्मित नहीं है और आरोपी कंपनी के ब्रांड नाम का दुरुपयोग कर ग्राहकों को गुमराह कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर टाइल्स विक्रेता के खिलाफ ट्रेडमार्क एक्ट और कॉपीराइट एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रोहित कुमार को सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। बरामद माल को कब्जे में लिया गया है।

# ऋण वसूली को लगाई खेतों पर लाल झंडी

- प्रशासन ने निबौरा गांव में किसानों को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम
- कराई मुनादी, नहीं चुकाया कर्जा तो जमीन की होगी नीलामी

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचारः** बैंक से ऋण लेकर पैसे की अदायगी न करने वाले किसानों के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को सख्त रुख अपनाया। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम शनिवार दोपहर तहसील संभल के गांव निबोरा पहुंची, जहां बकायेदार किसानों के खेतों पर लाल झंडी लगा दी। साफ कहा गया कि 15 दिन के भीतर पैसा नहीं चुकाया तो जमीन की नीलामी होगी।

प्रशासनिक टीम में नायब तहसीलदार अरविंद कुमार खिरनी के साथ रसूलपुर स्थित बैंक के मैनेजर, खिरनी बैंक के मैनेजर तथा तहसील संग्रह अमीन दलीप कुमार शामिल रहे। टीम ने गांव में घूम-घूमकर मुनादी के माध्यम से ऋण बकायेदारों को चेताया। चंद्रकेश पुत्र बलवंत द्वारा रसूलपुर स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से लिए गए 3 लाख 99 हजार 733 रुपये की अदायगी नहीं की गई थी। इसी प्रकार सोमवती पुत्र मनीराम पर बैंक से लिए गए 4 लाख 20 हजार 922 रुपये के ऋण के बकाया है। मनवीर पुत्र राजेंद्र ने पंजाब नेशनल बैंक से 3 लाख 80 हजार 958 रुपये का ऋण लिया। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि यह कार्रवाई राजस्व वसूली अभियान के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने किसानों से कहा है कि बकाया ऋण जमा कर दें, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि नीलामी की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।



निबौरा गांव में खेतों में लाल झंडी लगाती टीम। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी



### उज्ज्वल ने बनाया कनाडा की यूनिवर्सिटी में टॉप-5 में स्थान

**संभल, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा के उप महाप्रबंधक राजन कुमार दीक्षित एवं उप प्रधानाचार्या उर्विजा दीक्षित के पुत्र उज्ज्वल दीक्षित ने कनाडा की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सस्केचेवान से कंप्यूटर साइंस में उपाधि प्राप्त कर शैक्षणिक सत्र 2024–2025 की डी ऑनर्स टॉप-5 सूची में स्थान बनाया है। उज्ज्वल की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, निष्ठा और प्रतिभा रही है। उनकी उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ डीएसएम परिवार और शिक्षा जगत में भी गर्व और खुशी का माहौल है। शैक्षणिक सफलता के साथ ही उज्ज्वल का चयन सास्काचेवन हेल्थ विभाग में डिजिटल हेल्थ एनालिटिक्स, मॉडलिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पद पर अच्छे पैकेज पर हुआ है। उज्ज्वल की इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं। उज्ज्वल धामपुर शुगर मिल के ईडी सुभाष पांडेय के नाती हैं।



### होली से पूर्व जायन्टस सखी-सहेली ने वृद्धाश्रम में बांटीं खुशियां

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच पहुंचकर होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का आरंभ सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी ने किया। सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उन्हें सम्मानपूर्वक अंग वस्त्र और खाद्य सामग्री भेंट की। इस पहल से बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। ग्रुप की सदस्यों ने कहा कि ऐसे प्रयासों से बुजुर्गों को अपनापन और सम्मान का अहसास होता है। इस दौरान ग्रुप की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहभागी बनीं।

### खाते से रुपये निकालने के आरोप की जांच को पहुंची टीम

**सौंधन, अमृत विचार :** सौंधन में संचालित मिनी एसबीआई संचालक पर एक बुजुर्ग महिला द्वारा ढाई लाख रुपये निकाल लेने के आरोप की जांच के लिए शनिवार को नायब तहसीलदार की टीम पहुंची। प्रारंभिक जांच में संबंधित महिला के नाम से कोई खाता होने की पुष्टि नहीं हो सकी। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सिहबली निवासी बुजुर्ग भुदेई ने कमिश्नर को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि सौंधन में संचालित मिनी भारतीय स्टेट बैंक के संचालक ने उसके खाते से 2 .50 लाख रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए गुरुवार को उपजिलाधिकारी रामानुज ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। उस दौरान संचालक ने स्पष्ट किया कि उनके यहां भुदेई नाम से कोई खाता नहीं है। संचालक का कहना था कि महिला का आधार कार्ड या अन्य बैंकिंग दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उसका खाता किस बैंक में है या नहीं। शनिवार को नायब तहसीलदार अरविंद कुमार महिला के गांव पहुंचे लेकिन घर बंद मिला।



### बाबा श्याम खाटू नरेश के संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**संभल, अमृत विचार :** होली की एकादशी-द्वादशी पर बाबा श्याम खाटू नरेश का संकीर्तन आयोजित किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से बाबा का दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संभल कोतवाली क्षेत्र स्थित प्राचीन श्रीकृष्णेश्वर नाथ महादेव सूर्यकुंड मंदिर परिसर के श्री श्याम मंदिर में किया गया। हरियाणा से आए भजन गायक रोहित राजपूत, संभल कल्कि नगरी के अतुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल के भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। विनीत ने बताया कि भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाने का प्रयास किया गया है। संकीर्तन कार्यक्रम में अध्यक्ष अनुज गर्ग, विशेष गुप्ता, विजय चंद्रा, प्रशांत रुहेला, नितिन गुप्ता, विशाल रुहेला, मनोज अग्रवाल, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर, अनिकेत अग्रवाल, निखिल गुप्ता, हर्ष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# होली पर कायम रखें आपस में शांति और सद्भाव

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पीस कमेटी की बैठक की।

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने लोगों से होली पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, होलिका दहन स्थलों, जुलूस मार्गों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील की कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को प्रभावित न होने दिया जाए। पर्व के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए। देर रात तक तेज आवाज में डीजे अथवा लाउडस्पीकर बजाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। कहा गया कि होली के जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं, किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने से बचें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध या भ्रामक सूचना सामने आती है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पीस कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्ति या संभावित विवाद की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाएं। बताया गया कि होली के दौरान बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा नगर निकायों को साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार पैदल व वाहन गश्त कराई जाएगी। सभी से होली पर्व को सौहार्द, आपसी सम्मान और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



बहजोई में पीस कमेटी की बैठक में लोगों से संवाद करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- डीएम व एसपी ने लोगों के साथ किया संवाद
- असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की चेतावनी

### वेतन के लिए शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन

**संभल,अमृत विचारः** चंदौसी के एसएम डिग्री कॉलेज में वेतन न मिलने के कारण स्ववित्तपोषित शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने शनिवार को धरना-प्रदर्शन किया। आर्थिक तंगी का हवाला दिया और डीएम से संज्ञान लेकर त्योहारों से पूर्व वेतन दिलाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नवंबर 2025 से वेतन नहीं मिला है, जिससे खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। चेतावनी दी कि शीघ्र वेतन नहीं मिला तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। डॉ. अभय प्रकाश, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ. वंदना गुप्ता, पूजा अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. नेहा, अंजू चौहान, एकता भारती, शिवांगी शर्मा, दीपमाला, डॉ. कंचन कुमार, नरेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, शिवशंकर मां, जाने आलम, संजय कुमार, राहुल सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, मनु यादव, आकाशदीप आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## अग्रवाल धर्मशाला में होली मिलन आज

हसनपुर, अमृत विचार : अग्रवाल सभा हसनपुर (सम्बद्ध अग्रवाल विकास ट्रस्ट) के तत्वाधान में रविवार को नगर स्थित अग्रवाल धर्मशाला के प्रांगण में शाम 7 बजे एक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भर के कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से अपनी प्रस्तुति दी जाएगी और जिसमें फूलों की होली का कार्यक्रम विशेष रहेगा। अग्रवाल सभा हसनपुर के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है नगर के सभी अग्र बंधु सम्मिलित होंगे।

## स्विस नागरिक के पास मिला सैटेलाइट फोन

वाराणसी, एजेंसी : वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। इसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सीआईएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई। विदेशी नागरिक की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (34) के रूप में हुई है। फूलपुर पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे सीआईएसएफ ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (निवासी : लुशान, स्विट्जरलैंड) के बैग से यह प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद लगभग 13 :30 बजे उन्हें स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जहां आईबी, एटीएस, एलआईयू सहित अन्य एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की।

## कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर दूसरी बार बम की धमकी

कानपुर, एजेंसी : कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 36 घंटे के भीतर दूसरी बार बम की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार शाम को रेलवे स्टेशन पर व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया गया। हालांकि गहन तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शाम करीब सात बजे 112 नियंत्रण कक्ष पर एक आपातकालीन फोन आया, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि रेलवे स्टेशन को उड़ा दिया जाएगा।

# सिपाही का फंदे पर लटका मिला शव

## पत्नी से कहा-सुनी के बाद उठाया आत्मघाती कदम, पोस्टमार्टम में आई हैंगिंग

संवाददाता, सीबीगंज/ बरेली

- सिपाही की अमरोहा में थी तैनाती एक सप्ताह पहले मुरादाबाद हुआ था ट्रांसफर

अमृत विचार : सीबीगंज में सिपाही का शव फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि पत्नी से कहा-सुनी के बाद सिपाही ने आत्मघाती कदम उठाते हुए फंदे पर लटक कर जान दे दी। सिपाही की तैनाती अमरोहा में थी, लेकिन एक सप्ताह पहले ही मुरादाबाद ट्रांसफर हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई है।



मनोज मौर्य।

सीबीगंज के मोहल्ला लेबर कॉलोनी निवासी 37 साल के मनोज मौर्य सिपाही थे। उनकी तैनाती अमरोहा में थी। एक सप्ताह पूर्व मुरादाबाद के लिए ट्रांसफर हुआ था, लेकिन आमद दर्ज नहीं कराई थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर पत्नी ज्योति उर्फ मीनू से कहा-सुनी हो गई। इसके बाद सिपाही मनोज ने गले में रस्सी का फंदा डालकर छत के कुंडे में लटक कर कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। शनिवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई है। सिपाही की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच हुआ है।

### एक सप्ताह पहले ही नए मकान में किया था गृह प्रवेश

सिपाही मनोज मौर्य वर्तमान में कैंफर स्टेट कालोनी में अपने निजी मकान में रहते थे। एक सप्ताह पूर्व गृहप्रवेश किया था। इससे पूर्व वहीं किराये के मकान में रह रहे थे। धीरे-धीरे वह अपने नए मकान में सामान भी शिफ्ट कर रहे थे। मृतक तीन भाइयों संतोष, मनोज, मुनीश में बीच का था। मृतक की एक बेटी और एक बेटा है।

### पत्नी ने दी थी हार्ट अटैक की सूचना

मनोज की पत्नी ज्योति उर्फ मीनू ने ससुराल वालों को पहले हार्ट अटैक की सूचना दी, लेकिन जब भाई मौके पर पहुंचे तो असलियत सामने आई। परिजन मनोज को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मनोज की जीभ बाहर निकली हुई थी। गले में रस्सी के निशान थे। शरीर पर नाखून की खरोंच के निशान बताए गए हैं, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद पुलिस उसे सुसाइड ही मान रही है।

### आत्म हत्या की वजह से नहीं दी गई सलामी

पुलिस के किसी जवान की मौत के बाद पुलिस लाइन में सलामी देने के बाद भी शव उसके परिवार को सौंपा जाता है। जबकि अंतिम संस्कार भी पुलिस जवानों की मौजूदगी में होता है। लेकिन सिपाही मनोज मौर्य की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद इसे आत्मघाती कदम मानते हुए उन्हें पुलिस लाइन में सलामी भी नहीं दी गई।

> सिपाही के फांसी लगाने की सूचना पर मौके पर गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। परिवार के लोगों ने भी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।
> –प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सीबीगंज

## तेरे दरवाजे पे एक अर्जी छोड़ी है, पढ़ लेना ओ बाबा...

मंडी धनौरा, अमृत विचार : टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर परिसर में आंवला रंग भरनी एकादशी के पावन पर श्री खाटु श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भव्य संकीर्तन एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने लखदातार श्याम सरकार का आकर्षक श्रृंगार कर 330वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की और पूरे श्रद्धा-भाव से भजनों का गुणगान किया।

दीपक शर्मा ने तेरे दरवाजे पे एक अर्जी छोड़ी है, पढ़ लेना ओ बाबा ये बहुत जरूरी है सुनाया। अर्पित, कौशिक, कृष वर्मा, मीनू शर्मा, नमन रस्तोगी और देव शर्मा ने भी एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत किए। सेवादार दीपक शर्मा, सचिन, पूनम, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मोहित, नीरज रस्तोगी, मनोज सैनी, अंकुर, ज्योति, विशाल, नरेंद्र अग्रवाल, पुष्पेंद्र, राखी, विनीत, जय श्री, नूतन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कृषि शिक्षा और किसानों की प्रगति जरूरी

बरेली कार्यालय

- एमजेपीआरयू में आयोजित कृषक संगोष्ठी में बोले कुलपति प्रो. केपी सिंह

अमृत विचार : एमजेपीआरयू के कृषि एवं प्रौद्योगिकी संकाय में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत जनपद स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें प्रगतिशील किसानों, कृषक उत्पादक संघ और स्वयं सहायता समूह के तैयार शहद, मसाले, आचार, मुरब्बा, सरसों का तेल, सब्जियों की पौध आदि जैविक उत्पादों के स्टाल लगाए गए।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. के पी सिंह ने कहा कि कृषि शिक्षा और किसानों की प्रगति आवश्यक है। कृषि संकाय के माध्यम से स्थानीय किसान सीधे लाभान्वित होंगे। उन्होंने डिजिटल प्लेटफार्म और इंटीग्रेटेड मॉडल की जरूरत पर बल देते हुए बताया कि छात्रों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को मिलकर आम किसानों से जुड़ना चाहिए। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर रहमान खैरा लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ शैलेंद्र राजन ने कहा कि आम और अमरूद के बाग लगाने से पहले प्रजातियों की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। कृषि एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विभागाध्यक्ष और डीन डॉ. उपेंद्र कुमार ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को कृषि विषय की शिक्षा अवश्य दिलाएं। केवीके के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह ने बाग लगाने की तकनीक और विविधीकरण के रूप में मुर्गी व बकरी पालन का महत्व बताया। जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने किसानों को योजना के तहत 35 से 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध होने की जानकारी दी। सीआईएसएच के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी के शर्मा, सौरभ प्रधान, डॉ. मोहम्मद गुफरान खान, डॉ. मोहित चौधरी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विनय वर्मा, तपन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में चार शिकायतों का निस्तारण



शिकायतों का निस्तारण करतीं सीओ अंजलि कटारिया। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : थाना समाधान दिवस में 10 समस्याओं में सिर्फ चार शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया।

सीओ अंजली कटारिया की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सीओ ने अधिकारियों से कहा कि जो भी समस्या है, उसका समय से निस्तारण करें, जिससे फरियादी को थाने का चक्कर काटने को मजबूर नहीं होना पड़े। सीओ ने कहा कि कोई भी शिकायतों का फर्जी निस्तारण न हो, यदि ऐसा कोई पुलिसकर्मी करता पाया जाता है, तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा की भूमि संबंधी शिकायतों का निस्तारण पुलिस और राजस्व की टीम के द्वारा गुणवत्ता पूर्वक किया गया है। विभिन्न विभागों की 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह में दिया एकता का संदेश

अमरोहा, अमृत विचार: जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

चेयरमैन शाहनवाज़ अली ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और काव्य-पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।फार्मेसी डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद मुजाहिद, नर्सिंग प्रधानाचार्य साहिल चौधरी एवं डॉ. जफर वासी, डॉ. आफरीन, डॉ. अनीस, अजीत, नवनीत मनस्वी, राखी, हिमांशी, शालिनी, नेहा, सोरन, प्रमोद, शिवाली, रूपल, क्रिस्टीना, शबा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कागजों में अरबों का कारोबार, 9.94 करोड़ टैक्स चोरी

बरेली कार्यालय

- जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने तीन प्रोपराइटरों पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- सत्यापन में नहीं मिला कोई ऑफिस, इज्जतनगर पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार : शहर में तीन फर्मों के प्रोपराइटरों नें कागजों पर अरबों का कारोबार किया। लेकिन, हकीकत में तीनों के पास कार्यालय तक नहीं था। राज्य कर विभाग की जांच में सामने आया कि ये तीनों फर्म के प्रोपराइटर सिर्फ कागजों में करोड़ों रुपये का कारोबार करते हुए सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिये बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास-ऑन कर सरकार को 9.94 करोड़ रुपये का चूना लगाया। खुलासा होने के बाद सहायक आयुक्त नित्यानंद मणि तिवारी ने तीनों के खिलाफ इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सहायक आयुक्त नित्यानंद मणि तिवारी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि मैसर्स गोयल इंटरप्राइजेज के प्रो. परमजीत सिंह की फर्म ने 1.30 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई पर 19.97 लाख आईजीएसटी की आईटीसी क्लेम की, जबकि 14.76 करोड़ रुपये की बोगस आईजीएसटी आईटीसी अन्य फर्मों को पास-ऑन कर दी। जांच में यह फर्म कागजों तक ही सीमित मिली। इस मामले में 2.85 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है। मौके पर पहुंची टीम ने सत्यापन किया तो दिए गए पते पर कुछ भी न मिला। साथ ही वहां आस-पास में रह रहे लोगों ने भी इस तरह का कोई कार्यालय होने से साफ इनकार कर दिए।

उधर उपायुक्त खंड आठ बरेली धर्मेंद्र सिंह सचान ने भी इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि मैसर्स जागेश्वर ट्रेडर्स के प्रो. अमन हैं। जिन्होंने वर्ष 2023-24 में 19.12 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई दिखाई और 1.31 करोड़ रुपये की आईटीसी क्लेम किया। इसके बाद 17.89 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए 68.58 लाख सीजीएसटी और 62.58 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी आगे पास-ऑन कर दी। जब विभाग ने मौके पर जांच की तो घोषित पते पर कोई कारोबार नहीं मिला। इस फर्म पर 3.6 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है। फर्म का पंजीयन पहले ही निरस्त किया जा चुका है।

सचान ने दूसरा मुकदमा भी इज्जतनगर थाने में दर्ज कराया है। आरोप है कि मैसर्स आकाश ट्रेडर्स के प्रो. सोनू श्रीवास्तव ने 21.72 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई दिखाकर भारी आईटीसी क्लेम की। फिर 23.38 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई के नाम पर 90.29 लाख सीजीएसटी और 90.29 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी पास-ऑन कर दी। जांच टीम जब दिए गए पते पर पहुंची तो वहां कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। फर्म का पंजीयन 7 अक्टूबर 2023 से सुओ-मोटो निरस्त है। इस मामले में 4.63 करोड़ रुपये के कर अपवंचन के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### कागजों में चला कारोबार, माल की आपूर्ति का कोई सबूत नहीं

जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि विभाग की जांच में सामने आया कि दिल्ली और अन्य राज्यों की फर्मों के साथ मिलकर सिर्फ जीएसटीआर-एक और ई-वे बिल के जरिये कागजी लेन-देन दिखाया गया। लेकिन, माल की कोई आपूर्ति नहीं हुई। कानून की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन कर फर्जी आईटीसी क्लेम की गई और उसे आगे पास-ऑन कर दिया गया। फर्जी पंजीयन और बोगस आईटीसी के पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# होली पर ट्रेनों में लंबी वेटिंग, रोडवेज ने संभाली कमान

बरेली कार्यालय

- दिल्ली-लखनऊ रूट पर 150 बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाने का लिया निर्णय
- यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर सेटेलाइट और पुराना बस स्टैंड से होगी मॉनिटरिंग
- क्षेत्रीय प्रबंधक ने रीजन के सभी एआरएम को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

अमृत विचार : होली पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर परिवहन निगम ने विशेष तैयारी की है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग, कन्फर्म टिकटों की कमी और सीटों की मारामारी के बीच बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बसों का रूख करेंगे। वहीं, चार दिन अवकाश के कारण सरकारी कार्यालयों, बैंकों, शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां घोषित होने से घर लौटने वालों की संख्या बढ़ेगी। इसके चलते निगम ने दिल्ली और लखनऊ मार्ग पर 150 बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अफसरों के अनुसार त्योहार के दौरान इन रूटों पर सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना यात्री भार बढ़ जाता है।

आरएम दीपक चौधरी का कहना है कि सीमित चालक और परिचालकों के बीच सेवाएं सुचारू बनाए रखना निगम के लिए चुनौती बना हुआ है। मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से विशेष





प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गई है, जो नौ मार्च तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत अतिरिक्त ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालकों को अतिरिक्त मानदेय, भत्ता और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बरेली परिक्षेत्र में शामिल बरेली, रुहेलखंड, पीलीभीत और बदायूं डिपो के एआरएम को कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आरएम दीपक चौधरी के अनुसार नौ मार्च तक चालक और परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

इस समय अवधि में चालक और परिचालक निर्धारित लक्ष्य से अधिक फेरे लगाएंगे और अतिरिक्त ड्यूटी करेंगे। उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन अवधि में 300 किलोमीटर प्रतिदिन संचालन 10 दिनों तक होता है तो 450 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 4500 रुपये एकमुश्त धनराशि मिलेगी। न्यूनतम नौ दिनों तक ड्यूटी करने वालों को प्रतिदिन 400 रुपये के हिसाब से प्रोत्साहन धनराशि मिलेगी।

जबकि संविदा चालक-परिचालकों को अतिरिक्त किमी पर 55 पैसे प्रति किमी की दर से भुगतान किया जाएगा।

### जहां यात्री हाथ दें, वहीं रोकी जाए बस

बरेली और रुहेलखंड डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने चालकों-परिचालकों के साथ ही डिपो के सभी स्टाफ को पत्र जारी कर दिया है। चालकों को रूटों पर जहां भी यात्री हाथ दें, वहीं बस रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि कहीं से शिकायतें नहीं आनी चाहिए। डिपो पर आने वाले यात्रियों को भी सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। किसी को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

> शनिवार से होली को लेकर बसों का संचालन शुरू करा दिया गया है। अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएगी। दिल्ली रूट पर सबसे ज्यादा बसें लगाई गई हैं। अन्य रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं।
> –दीपक चौधरी, आरएम, बरेली परिक्षेत्र

## ब्रज की होली की छवि धूमिल करने वालो पर होगी कार्रवाई

मथुरा, एजेंसी : ब्रज की होली से जुड़े पुराने विवादित वीडियो को अब का बताकर प्रसारित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस के अनुसार कई वर्ष पुराने वीडियो को कुछ यू-ट्यूबर्स द्वारा हालिया बताकर वायरल किया जा रहा था। इन वीडियो में महिलाओं के साथ अभद्रता अथवा जबरन रंग डालने जैसी घटनाएं दिखाई गई हैं। जिससे धार्मिक नगरी की छवि धूमिल हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर साइबर सेल और आईटी टीम को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों की पहचान कर रही है, जिन्होंने भ्रामक तरीके से पुराने वीडियो को नए घटनाक्रम के रूप में प्रस्तुत किया। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि ब्रज की होली आस्था, परंपरा और उल्लास का प्रतीक है और इसे फर्जी प्रचार या सस्ती लोकप्रियता का माध्यम बनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# होली के सामान से बाजार गुलजार



दुकानों पर बिकता, रंग, गुलाल और पिचकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

- बच्चों के साथ बड़े भी खरीद रहे रंग,गुलाल, पिचकारी

अमृत विचार : होली की खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार देर रात तक गुलजार दिखाई दे रहे हैं। रंग की दुकानें भी सजी हैं। बच्चों के साथ ही युवा भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

होलिका दहन के बाद 4 मार्च को रंग खेला जाएगा। पर्व में अब तीन दिन बाकी रह गए हैं। होली पर हर घर में पकवान बनाए जाते हैं। सबसे ज्यादा गुझिया बनाने का क्रेज है। ऐसे में महिलाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसे लेकर बाजार में भी खरीदारी शुरू कर दी गई है। महिलाएं पकवान बनाने का सामान खरीद रही हैं तो बच्चे व युवा रंग-पिचकारी आदि की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। शनिवार को भी लोगों ने खरीदारी की, दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। कपड़े के अलावा मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारी करने वालों की खासी भीड़ रही। बच्चे मोटू-पतलू की पिचकारी खरीद रहे हैं। वहीं युवाओं को मोदी-योगी के मुखौटे पसंद आ रहे हैं। रंग कारोबारी दीपक गुप्ता ने बताया कि इस बार केसरिया व हरे रंग के गुलाल की डिमांड ज्यादा है।

# तौकीर के बहनोई ने हिस्ट्रीशीटर से बताया खतरा

बरेली कार्यालय

- लगाया आरोप- 20 लाख रुपये की मांग रहा रंगदारी
- बार-बार दर्ज करा रहा झूठी शिकायतें, जांच की मांग

अमृत विचार : बरेली बवाल के मामले में जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा खां के बहनोई और आला हजरत खानदान के सबसे बुजुर्ग मन्नानी मियां के दामाद मोहसिन खां ने इज्जतनगर थाने के हिस्ट्रीशीटर नासिर सिद्दीकी से जान का खतरा बताया है।

नवल्टी प्लाजा स्थित क्लब में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि हिस्ट्रीशीटर नासिर सिद्दीकी उन्हें लगातार निशाना बना रहा है। नासिर सिद्दीकी न केवल उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है, बल्कि मना करने पर उनके खिलाफ एक के बाद एक झूठे मुकदमे और फर्जी शिकायतें दर्ज करवा रहा है। उन्होंने कहा कि नासिर सिद्दीकी ने शासन और प्रशासन को गुमराह करने की हर मुमकिन कोशिश की है। नासिर ने हाल ही में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उन्हें 'भू-माफिया' करार दिया था। मोहसिन खां ने बताया कि नासिर सिद्दीकी ने अब तक उन पर 10 मुकदमे दर्ज कराए हैं, लेकिन पुलिस की विस्तृत जांच के बाद अधिकतर मामलों में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। उनका परिवार 60 साल से शहर में रह रहा है। पुलिस और प्रशासन से फर्जी शिकायतें करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

## मथुरा पुलिस ने जब्त की साढ़े तीन करोड़ की संपत्ति

मथुरा, एजेंसी : थाना गोवर्धन क्षेत्र के जुल्हेंदी गांव में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने चार आरोपियों रमाकांत दीक्षित, रामवीर दीक्षित, देवेंद्र दीक्षित और कमल द्वारा आपराधिक गतिविधियों से अर्जित चल-अचल संपत्ति को जब्त किया। मामले की जांच उपरांत मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की के आदेश जारी किए। जांच में अवैध आय से संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, सदर बाजार मजिस्ट्रेट तथा थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव में मुनादी कर संपत्ति जब्ती की कार्रवाई की।

# काशी में मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म से खेली गई होली

वाराणसी, एजेंसी

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन शनिवार को चिता की भस्म से होली खेली गई। कार्यक्रम के आयोजक गुलशन कपूर ने बताया कि सुबह से ही लोग चिता की भस्म से खेली जाने वाली दुनिया की दुर्लभ होली की तैयारी में जुटे हुए थे। जहां दुख व अपनों से बिछड़ने का संताप देखा जाता था, वहां आज के दिन शहनाई की मंगल ध्वनि बजती रही। हर कोई अपने-अपने लिए उपयुक्त स्थान खोज कर इस दिव्य व अलौकिक दृश्य को अपनी अंतरात्मा में उतार कर शिवोहम होने को अधीर हुए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में काशी का मणिकर्णिका घाट ही एक ऐसा महा मसान है जहां दुःख नहीं उत्सव होते हैं।

ये वो मंगल स्थान है, जहां लोग देह त्यागने आते हैं फिर भी जिनके किस्मत में होता है वहीं यहां देह त्याग पाता हैं। गुलशन कपूर ने बताया कि मणिकर्णका घाट पर नव निर्माण कार्य के कारण अस्त-व्यस्त व्यवस्था के कारण शिव भक्तों को ललिता एवं सिंधिया घाट पर भारी पुलिस बल एवं अवरोधकों को पार कर मणिकर्णिका घाट जाने से रोका गया, जिससे उनको काफी निराशा हुई। हालांकि जो कुछ इंतजार कर पाए, उन्हें दो बजे के बाद बाबा महाश्मशान नाथ जी को भस्म अर्पित करने का सौभाग्य मिला। कपूर ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि बाबा दोपहर में मध्याह्न स्नान करने मणिकर्णिका तीर्थ पर आते हैं। तत्पश्चात सभी तीर्थ स्नान करके यहां से पुन्य लेकर अपने स्थान जाते हैं और उनके वहां स्नान करने वालों को वह पुन्य बांटते हैं। बाबा स्नान के बाद अपने प्रिय गणों के साथ मणिकर्णिका घाट पर आकर चिता की भस्म से होली खेलते हैं। यह परंपरा अनादि काल से यहां भव्य रूप से मनायी जाती रही हैं। गुलशन कपूर ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से इस परंपरा को भव्य रूप देकर दुनिया के कोने-कोने तक जन सहयोग से पहुंचा पा रहा हैं। गुलशन कपूर ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि काशी में यह मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ माता पार्वती का गौना (विदाई) करा कर अपने धाम काशी लाते हैं जिसे उत्सव के रूप में काशीवाशी मनाते हैं।

# घर बैठे कर सकेंगे श्री बांके बिहारी के दर्शन

मथुरा, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय द्वारा ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के कुशल प्रबंधन के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अगुवाई में गठित की गई उच्चाधिकारी प्राप्त प्रबंधन समिति सरलता एवं सुगमता से श्रद्धालुओं को ठाकुर जी के दर्शन कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समिति द्वारा पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुसार तय की गई एजेंसी द्वारा 27 फरवरी से ठाकुर जी के दर्शनों का सीधा प्रसारण शुरू कर दिया गया है।

श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को न केवल सुबह व शाम की ठाकुरजी की राजभोग व शयनभोग आरती आदि विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन दर्शन किए, बल्कि अपराह्न एक बजे से रंगभरनी एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित रंगीली होली का सीधा प्रसारण भी देखा। समिति की ओर से बताया गया है कि श्रद्धालु दुनिया के किसी भी शहर में बैठकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर जाकर घर बैठे अथवा यात्रा करते समय भी, जब वे चाहें, समयानुसार दर्शन कर सकते हैं। समिति के अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अशोक कुमार ने बताया कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसलिए श्रद्धालु भी धक्का-मुक्की से बचना चाहते हैं।

ऐसे में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने दर्शन के सीधा प्रसारण की व्यवस्था बनाई है।



लालयेत् पंचवर्षाणि
दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं
मित्रवदाचरेत्॥

बच्चों को पांच साल की उम्र तक प्यार और देखभाल के साथ रखना चाहिए। दस साल की उम्र तक उन्हें अनुशासन में रखना चाहिए। लेकिन जब वे सोलह साल के हो जाएं, तो उनके साथ दोस्तों की तरह व्यवहार करना चाहिए।

# होली भारतीय लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूर्ण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल।

प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव, लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक् यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबंदी है। वसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। वसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर वसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। वसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को वसंत में, जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है, लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी वासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी वसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े वन बबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गाएं उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गम की उमस और बेचैनी। वसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। वसंत इसीलिए ऋतुराज है।

> प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है यह, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दसों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं, लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह वसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखंड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। संवत्सर, युग और मंवंतर आते हैं, पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। वसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असंभवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग-तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मन आनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवंत महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शायी है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परंपरा एक सतत् प्रवाह है। परंपरा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखंड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती, लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गए। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधम हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

# सभ्यता के मानक: शोर में डूबती संवेदनाएं

शादियों और त्योहार का समय है, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का भी। एक तरफ विद्यार्थी अपनी तैयारी में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ तड़क-भड़क वाला संगीत जोर-जोर से बजता है। दोनों परिस्थितियों में गजब का विरोधाभास है, लेकिन हम हमेशा से यह सहते आ रहे हैं। आज के समय में परिस्थितियां ज्यादा विकट हो रही है। कानफोडू संगीत, जिसमें गीत के बोल पता ही नहीं चलते या मन को नहीं भाते, उस पर भौंडा डांस। शादी वाले परिवार से आप आवाज कम करने को नहीं कह सकते। आपकी बात सुनी ही नहीं जाएगी। दुश्मनी हो जाएगी। कई बार तो रात दस वाले मानक का पालन भी नहीं किया जाता। यूं भी संगीत जितना धीमा हो, जितना मृदुल हो, उतना मधुर लगता है। फिर आपकी स्वतंत्रता भी वहां पर समाप्त हो जाती है, जहां दूसरे की शुरू होती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इस संदर्भ में एक दो घटनाएं ध्यान आ रही हैं। एक हमारे बचपन की, जब हम लोग स्कूल में पढ़ते थे। हमारे घर से लगा हुआ मकान था। दरवाजे आपस में आमने-सामने मिलते थे। उस घर में टीवी फुल वॉल्यूम में लगता था। मां जब वॉल्यूम कम करने को कहती थी तो वह आंटी बड़े गर्व से कहती थीं कि दीदी, यह नया टीवी है, इसमें वॉल्यूम ज्यादा ही है। अक्षरशः उन्होंने क्या कहा मुझे याद नहीं है, लेकिन भाव याद हैं। मां और पापा उनकी बुद्धि पर तरस खाकर हंसते थे। फिर एक दिन मां ने खुद जाकर वॉल्यूम कम करके उन्हें दिखाया था कि नए टीवी में भी वॉल्यूम कम की जा सकती है। टेक्नोलॉजी जितनी विकसित होगी, उतनी सुविधा संपन्न होगी।

> एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो।


एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो। डिस्टर्बेंस होने पर पड़ोस की आंटी ने पुलिस में कंप्लेंट कर दी। तुरंत पुलिस आई। बताया कि पड़ोस से कंप्लेंट आई है और वॉल्यूम कम करने को कहा। पुलिस का आना वहां पर कोई बड़ी बात नहीं है। यह एक सामान्य घटना है और जाते समय पुलिस वाले असुविधा के लिए खेद जताते हुए सॉरी भी बोल कर गए। क्योंकि यह कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं था। अनजाने में की गई गलती थी। ये होते हैं सभ्यता के मानक। जहां पर हर संबंधित पक्ष अपनी गलती मानकर उस पर विचार कर लेता है। हमारे देश में इस तरह के मानक नहीं दिखाई देते। एआई से हम अपनी सुंदर तस्वीरें बना लेते हैं, पर मन को संवारने वाला कोई एआई हमने अभी तक विकसित नहीं किया है। इस तरह की सभ्यता और संस्कार से हम अभी भी कोसों दूर हैं।

# पतझड़ से सबक लेने की जरूरत

मौसम पतझड़ का क्या आया कि साल भर से जिस पेड़ के सहारे पत्ते हरे-हरे दिख रहे थे, उनमें सारे के सारे पत्ते पेड़ से अलग हो गए। अलग होने के पहले ही पत्तों का हरापन गायब हो गया था और जब जमीन पर गिरे तो ज्यादातर पत्ते पीले हो गए, लगता है कि इन पत्तों को पीलिया रोग हो गया। एक भी पत्ता पेड़ से यह नहीं कह रहा कि साल भर के रिश्ते को वह नहीं तोड़ेगा और पेड़ का साथ निभाएगा।

पत्तों के संबंध विच्छेद कर लेने के बावजूद पेड़ जैसे वस्त्रविहीन हो गया हो, लेकिन अपनी डालों के साथ जस का तस खड़ा है। उसे अपनी डालों पर भरोसा है कि जल्द इन डालों पर नए पत्ते आएंगे और उसकी आभा और अच्छे रूप में निखरेगी। पेड़ को यह भरोसा किसी से मिल रहा है, तो पेड़ों की जड़ से मिल रहा है। पत्तों के गिरने के बावजूद पेड़ जड़ के सहारे खड़ा है।

ऐसी ही कुछ स्थिति मनुष्य की होती है। कभी इतना सुखमय और आनंदमय जीवन होता है कि उसकी प्रतिष्ठा समाज में बढ़ जाती है। लोगबाग उसे इर्द-गिर्द मंडराते रहते है। क्योंकि अच्छे दिनों में वह मनुष्य सबकी मदद करता रहता है। किसी ने कुछ मांगा तो इंकार नहीं किया, लेकिन समय किसी को छोड़ता नहीं। समय अनुकूल आता है, तो साधारण व्यक्ति राजसी जीवन जीने लगता है और समय बिगड़ता है, तो राजसी से वह रंक जैसा साधारण एवं निर्धन हो जाता है। जहां मनुष्य साधारण और निर्धन हुआ, तत्काल उसके इर्द-गिर्द रहने वाले किनारा कसने लगते हैं। जबकि इसी समय अपनों के सहारे की जरूरत पड़ती है, लेकिन मतलबी दुनियां में मतलब निकलते तत्काल मुंह मोड़ने वाले ज्यादा होते हैं। जब अपने लोग विपन्नता की स्थिति आते किनारा कसते हैं तब कमजोर मन वाला व्यक्ति हताश और निराश होने लगता है तथा अवसाद में चला जाता है, लेकिन बुद्धि-विवेक वाला पतझड़ से पत्ते विहीन हुए पेड़ों से सबक लेता है। उसे लगता है कि वह अपने बुद्धि-विवेक की जड़ के बल पर पुनः हरे-भरे पेड़ जैसा हो जाएगा। वह हिम्मत हारता नहीं। कहा भी गया है, 'हारिए न हिम्मत, बिसारिए न राम'। यहां राम का आशय समय के पुनः बलवान होने की उम्मीद से है। जो इन पंक्तियों पर भरोसा करता है तब वह नए सिरे से पुनः अपने को स्थापित करने की कोशिश करता है। कोशिशों का नतीजा प्रायः अनुकूल होता है और पुनः पत्ते विहीन पेड़ जो हो गए, वे समय के अंतराल पर हरे-भरे हो गए, उसी प्रकार सुनियोजित प्रयास से व्यक्ति भी पेड़ों की तरह हरा-भरा जरूर होने लगेगा।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

तमाम उदाहरण है कि कल तक फकीरों जैसा जीवन जीने वाला, समय बदलते धन-धान्य तथा यश-कीर्ति से परिपूर्ण हो जाता है। आशय यही है कि समय अच्छा हो या बुरा, जड़ों के सहारे खड़ा व्यक्ति कभी परास्त नहीं हो सकता।

# स्वच्छता का पर्व है होली

होली की पहचान देश की संस्कृति के रूप में होती है। वसंत ऋतु जनजीवन में नई चेतना का संचार कर रही होती है, फागुन की सुरमई हवाएं वातावरण को मस्त बनाती हैं, तभी होली के रंग लोकजीवन में घुल जाते हैं। इन्हीं दिनों नई फसल भी तैयार होती है और किसानों के लिए यह उल्लास का समय होता है। तभी होली के बहाने नए अन्न की पूजा पूरे देश में की जाती है। यही नहीं पूरी दुनिया में होली की ही तरह अलग-अलग समय में त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका असल मकसद तनावों से दूर कुछ पल मौज-मस्ती के बिताना और अपने परिवेश के गैरजरूरी सामान से मुक्ति पाना होता है।

> तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है।

वास्तव में होली का अर्थ है- हो ली, यानी जो बीत गई सो बीत गई, अब आगे की सुध है। गिले-शिकवे मिटाओ, गलतियों को माफ करो और एक दूसरे का रंगों में सराबोर कर दो-रंग प्रेम के, अपनत्व के, प्रकृति के। विडंबना है कि भारतीय संस्कृति की पहचान कहलाने वाला यह पर्व पर्यावरण का दुश्मन नशाखोरी, रंग की जगह त्वचा को नुकसान पहुंचाने, आनंद की जगह भोंडे उधम के लिए कुख्यात हो गया है। कहानियां, किवदंतियां कुछ भी कहें, लेकिन इस पर्व का वास्तविक संदेश तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही है। यह दुखद है कि अब इस त्योहार ने अपना पारंपरिक रूप और उद्देश्य खो दिया है और इसकी छवि पेड़ व हानिकारक पदार्थों को जलाकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने और रंगों के माध्यम से जहर बांटने की बनती जा रही है। हालांकि देश के कई शहरों और मुहल्लों में बीते एक दशक के दौरान होली को प्रकृति-मित्र के रूप में मनाने के अभिनव प्रयोग भी हो रहे हैं। हमारा कोई भी संस्कार या उत्सव उल्लास की आड़ में पर्यावरण को क्षति की अनुमति नहीं देता। होलिका दहन के साथ सबसे बड़ी कुरीति हरे पेड़ों को काटकर जलाने की है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

वास्तव में होली भी दीपावली की ही तरह खलिहान से घर के कोठार में फसल आने की ख़ुशी व्यक्त करने का पर्व है। याद करें कि होली में गोबर के बने उपले की माला अवश्य डाली जाती है। असल में ठंड के दिनों में जंगल जा कर जलावन लाने में डर रहता था, सो ऐसे समय के लिए घरों में उपलों को भी एकत्र कर रखते थे। चूंकि अब घर में नया अनाज आने वाला है सो, कंडे-उपले की जरूरत नहीं, तभी उसे होलिका दहन में इस्तेमाल किया जाता है। उपले की आंच धीमी होती है, लपटें ऊंची नहीं जातीं, इसमें नए अन्न- गेहूं की बाली या चने के छोड़ को भूना भी जा सकता है, सो हमारे पूर्वजों ने होली में उपले के प्रयोग किए। एक बात और आदिवासी समाज में प्रत्येक कृषि उत्पाद के लिए "नवा खाई' पर्व होता है, जो भी नई फसल आई, उसके लिए प्रकृति का धन्यवाद। होली भी किसानों के लिए कुछ ऐसा ही पर्व है। होलिका पर्व का वास्तविक समापन शीतला अष्टमी को होता है। पूर्णिमा की होली और उसके आठ दिन बाद अष्टमी का यह अवसर! शक संवत का पहला महीना चैत्र और इसके कृष्ण पक्ष पर बासी खाना खाने का बसौड़ा। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता और एक दिन पहले ही पक्की रसोई यानी पूड़ी कचौड़ी, चने, दही बड़े आदि बन जाते हैं। सुबह सूरज उगने से पहले होलिका के दहन स्थल पर शीतला मैया को भोग लगाया जाता है। स्कंद पुराण शीतलाष्टक स्त्रोत के अनुसार "वन्देहं शीतलां देवींरासभस्थां दिगम्बराम। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।" अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि समाज को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। हकीकत में संदेश यही है कि यदि स्वच्छता रखेंगे, तो ये रोग नहीं हो सकते।

तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है। समापन पर स्वच्छता की देवी की पूजा कर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया जाता है। होली पर बसौड़ा चढ़ावा गरीबों के लिए सहारा बनता है। यही लोग नई उमंग से खेतों में श्रम करते हैं। अतः होली समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मनोविनोद का मूल दर्शन प्रस्तुत करती है।

# शिक्षा सुधार या शिक्षक नियंत्रण

सबसे खतरनाक और सुविधाजनक भ्रम है कि शिक्षक की भूमिका केवल आदेशों का पालन करने तक सीमित है। जैसे शिक्षक कोई स्विच हो-ऊपर से निर्देश आए और नीचे क्रियान्वयन हो जाए। समाज और व्यवस्था, दोनों ही अक्सर इसी धारणा में सुकून महसूस करते हैं, क्योंकि इससे जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधों से उतर जाता है। अगर परिणाम अच्छे नहीं आए, तो उंगली शिक्षक पर और अगर सब ठीक चला, तो श्रेय व्यवस्था का। यही सबसे बड़ी बौद्धिक बेईमानी है।



प्रवीण त्रिवेदी
शिक्षक

शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का दूत नहीं होता, वह कक्षा में खड़ा एक जीवित विवेक होता है। वह बच्चों के सवालों से रोज टकराता है, उनकी जिज्ञासाओं, भय और संभावनाओं को अपने सामने खुलते देखता है। आदेश कागज पर लिखे जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर बच्चों के दिमाग और भविष्य पर पड़ता है। इस अंतर को समझने की जहमत समाज अक्सर नहीं उठाता। आदेश मानने की अपेक्षा तो रखी जाती है, पर यह नहीं पूछा जाता कि वह आदेश बच्चों के जीवन में क्या बदल रहे हैं। विडंबना यह है कि जब भी शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार की बात होती है, शिक्षक को सबसे पहले "अनुशासन में लाने" का लक्ष्य बनाया जाता है। प्रशिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन सबका उद्देश्य यही मान लिया जाता है कि शिक्षक को और अधिक नियंत्रित किया जाए। यह मानकर चला जाता है कि शिक्षक सोचने लगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। दरअसल डर यह है कि अगर शिक्षक सचमुच सोचने लगा, सवाल पूछने लगा, तो कई खोखले आदेश टिक नहीं पाएंगे। समाज भी इस खेल में बराबर का भागीदार है। वही समाज जो अपने बच्चों की हर कमी का ठीकरा स्कूल पर फोड़ देता है, वही समाज शिक्षक से यह उम्मीद नहीं करता कि वह व्यवस्था से सवाल पूछे। शिक्षक आदर्श बने, त्यागी बने, राष्ट्रनिर्माता बने, लेकिन चुपचाप बने। बोलने वाला शिक्षक असुविधाजनक हो जाता है और असुविधाजनक सच किसी को पसंद नहीं आता।

अब समय है कि शिक्षक को केवल निर्देशों का पालनकर्ता मानने की सुविधा छोड़ दी जाए। अगर शिक्षा को सचमुच सुधारना है, तो शिक्षक को केंद्र में लाना होगा। केवल जिम्मेदारी देने के लिए नहीं, बल्कि अधिकार और विश्वास देने के लिए भी। वरना हम हर साल नई योजनाओं, नए आदेशों और वही पुराने नतीजों के बीच घूमते रहेंगे और दोष हमेशा उसी पर डालेंगे जो सबसे सामने, सबसे ईमानदारी से खड़ा है।

# मेलों पर संकट: सुरक्षा व आजीविका के बीच संतुलन की तलाश

भारत के पारंपरिक मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, वे हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का जीवंत हिस्सा हैं। गांव-गांव, शहर-शहर लगने वाले ये मेले सदियों से लोगों के मेल-मिलाप, लोक संस्कृति और आजीविका का आधार रहे हैं। यहां झूले लगाने वाले, खिलौने बेचने वाले, बर्तन, चूड़ी, हस्तशिल्प बेचने वाले दुकानदार, बुनकर, लोक कलाकार और छोटे कुटीर उद्योगों से जुड़े हजारों परिवार अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, लेकिन आज यह पारंपरिक कारोबार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। विशेष रूप से गुजरात में तो स्थिति ऐसी बन गई है कि मेले लगभग समाप्ति की ओर हैं। अन्य राज्यों में भी कड़े नियमों की आशंका से मेला आयोजकों और झूला संचालकों के बीच असुरक्षा का माहौल है।



राजकोट में एक गेमिंग जोन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस हादसे के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त नियम लागू किए। जन सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन नियम बनाते समय इस बात पर शायद ध्यान ही नहीं दिया गया कि राजकोट की घटना एक बंद, पक्के और अवैध गेमिंग जोन में हुई थी, जबकि पारंपरिक मेले और झूले खुले वातावरण में अस्थायी ढांचे में लगाए जाते हैं।



जगराम गुर्जर
लेखक

खुले मेलों के झूले न तो पक्के भवनों में होते हैं, न ही उनमें जटिल बिजली व्यवस्था या आग पकड़ने वाली बनावट होती हैं। इसके बावजूद नए नियमों का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं छोटे मेला आयोजकों और झूला संचालकों पर पड़ा है। नए प्रावधानों के तहत महंगे इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट, भारी बीमा कवर, जटिल लाइसेंस प्रक्रिया और बार-बार निरीक्षण जैसी शर्तें लागू कर दी गई हैं। छोटे स्तर पर काम करने वाले ये लोग पहले ही भारी कर्ज लेकर अपने झूले खरीदते हैं। उनके लिए महंगे प्रमाण पत्र और बीमा प्रीमियम जुटाना लगभग असंभव है। गौर करने वाली बात है कि कोई भी मेला आयोजक या झूला संचालक सुरक्षा नियमों को हटाने की मांग नहीं कर रहा। बंद गेमिंग जोनों के लिए कठोर नियम आवश्यक हैं और उनका पालन होना चाहिए, लेकिन खुले मेलों के पारंपरिक झूलों के लिए अलग, सरल और व्यावहारिक नियम बनाए जाने चाहिए।

आज देश में अनेक झूला निर्माता कार्यरत हैं। क्या उनके निर्माण मानकों की नियमित जांच होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर झूला तकनीकी कसौटियों पर खरा उतरता है? यदि निर्माण स्तर पर ही त्रुटि रह जाए तो उसका खामियाजा अंतिम संचालक और आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल संचालन स्तर पर कठोरता बढ़ाने में नहीं है, बल्कि निर्माण से लेकर संचालन तक एक संतुलित और व्यावहारिक निगरानी व्यवस्था बनाने में है। पारंपरिक मेलों को समाप्त होने देना केवल आर्थिक क्षति नहीं होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी आघात होगा। आज जब बड़े मॉल और डिजिटल मनोरंजन के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तब भी मेले लोगों को खुला, सामुदायिक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को संबल देने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और मेला आयोजकों के प्रतिनिधि मिलकर एक व्यवहारिक नीति तैयार करें। एक ऐसी नीति जो भले ही सुरक्षा से समझौता न करे, लेकिन छोटे व्यवसायियों को काम करने से भी नहीं रोके। यदि समय रहते संतुलित निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां शायद केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी हमारे गांव-शहरों में रंग-बिरंगे मेले लगते थे, जिनमें बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज होती थी। सुरक्षा और आजीविका के बीच संतुलन ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। यही समय की मांग है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज एसटीपी को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के देखरेख और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 24 फरवरी को द अशोका होटल में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। 326 एमएलडी स्थापित क्षमता वाला प्रयागराज एसटीपी 81 नालों के सीवेज का उपचार कर गंगा और यमुना में अशोधित प्रवाह को रोक रहा है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी आधारित पीपीपी मॉडल पर प्रयागराज वाटर लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का सहयोग रहा।

### शक्ति भवन के 56 कर्मी बने समीक्षा अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पहले शक्ति भवन में शनिवार को खुशी का माहौल देखा गया। विद्युत कारपोरेशन में कार्यरत 56 कर्मचारियों को प्रमोशन करके समीक्षा अधिकारी बना दिया गया है। प्रदेश मुख्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री आशीष तिवारी ने बताया कि शक्ति भवन मुख्यालय में 54 सहायक समीक्षा अधिकारियों की प्रोन्नति समीक्षा अधिकारी के पद पर और दो समीक्षा अधिकरियों की प्रोन्नति अनुभाग अधिकारी के पद पर हुई है। प्रबंधन ने कारपोरेशन मुख्यालय के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने कार्मिकों को प्रोन्नति दी है। संघ के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल एवं प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर धन्यवाद दिया।

### चेयरमैन और विद्युत कर्मचारी नेता 5 मार्च को होंगे आमने-सामने

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर कारपोरेशन के निजीकरण करने के प्रयास और कर्मचारियों को कथित तौर पर दलाल कहने के आरोप में कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है। इस मुद्दे पर 5 मार्च को पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी आमने-सामने बैठकर कोई रास्ता निकालेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को समिति के पदाधिकारी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से वार्ता के लिए शक्ति भवन पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब उन्होंने 5 मार्च को बातचीत करने का समय दिया है।

# योगी के सिंगापुर-जापान दौरे में 1.5 लाख करोड़ के एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय विदेश यात्रा में उप्र. का भविष्य गढ़ने को हर क्षण का किया उपयोग



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हालिया सिंगापुर और जापान दौरा केवल औपचारिक विदेश यात्रा नहीं, बल्कि निवेश और विकास के स्पष्ट एजेंडे के साथ किया गया अभियान रहा। चार दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों, औद्योगिक समूहों और भारतीय प्रवासियों से लगातार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया। सरकार के अनुसार इस दौरे के दौरान करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी।

समयांतर की चुनौतियों और लंबी हवाई यात्राओं के बावजूद मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम लगातार व्यस्त रहा। सिंगापुर पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही उन्होंने भारतीय राजनयिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों से बैठकें शुरू कर दीं। दो दिनों तक औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण, निवेशकों से संवाद और रोड शो जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह टोक्यो के लिए रवाना हुए। इस दौरान कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, लगातार बैठकों, औद्योगिक दौरों और प्रतिनिधिमंडलों से संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने समय का अधिकतम उपयोग किया। अधिकारियों के अनुसार दौरे में औपचारिक कार्यक्रमों की बजाय निवेश-केंद्रित बैठकों पर फोकस रखा गया।

सरकार का दावा है कि इन प्रस्तावित निवेशों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। निवेशकों ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर कानून-व्यवस्था और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली को सकारात्मक संकेतक बताया।

### निवेश बढ़ाने का एजेंडा स्पष्ट

जापान में भी उन्होंने प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद बैठकें शुरू हो गईं। वहां भी दो दिन तक निवेश आकर्षित करने पर केंद्रित कार्यक्रम चले। अधिकारियों का कहना है कि हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था और प्राथमिकता उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर रही।

### उद्योगों को मिलेगी नई गति

प्रदेश सरकार इस दौरे को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है। यदि प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है। सरकार का मानना है कि यह दौरा वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की बदलती छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# यूपी में आतंक के लिए कोई जगह नहीं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूट्यूबर पर हमले को लेकर दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचार:** गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के आदेश देते हुए कहा कि यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। पुलिस ने एआईएमआईएम के नेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। उधर घायल यूट्यूबर की हालत गंभीर बनी हुई है।

यूट्यूबर सलीम पर शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया था। बताया जाता है कि यूट्यूबर सलीम ने कथित तौर पर मुस्लिम धर्म छोड़ दिया है। इसी की रंजिश में उस पर हमला किया गया। उधर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर समेत सात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं।

# बसपा विधायक के यहां छापेमारी के बाद आयकर की टीम वापस

## 98 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी का खुलासा होने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जेवर, नकदी और दस्तावेजों की सूची बनाकर कराई रिसीव
- स्ट्रांग रूम में जमा कराए गए सीज दस्तावेज व जेवर-नकदी

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ समेत अन्य ठिकानों पर चल रहे आयकर के छापे तीन दिन बाद समाप्त हो गए। शुक्रवार की आधी रात के बाद करीब ढाई बजे टीमें चली गईं। दावा है कि करीब 98 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। छापे के दौरान सीज किया जेवर, नकदी और अन्य दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर विधायक के परिजनों को एक कापी सौंपी और रिसीविंग भी ली गई। उसके बाद आयकर विभाग की टीम ने सभी सीज सामान को विभाग के लाकर में सुरक्षित रख दिया। अब नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित गोमतीनगर के आवास और छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन व साईराम इंटरप्राइजेज आफिस के साथ ही बलिया, कौशांबी और सोनभद्र समेत कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। जांच में पाया कि कंपनियों के नाम पर खनन और निर्माण के ठेकों से करोड़ों की बेनामी संपत्ति एकत्र की गई। आयकर विभाग की टीमों ने कार्रवाई के दौरान बरामद नकदी, जेवर, बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, खर्चे की पर्चियां, डायरियां और हाथ से लिखे हिसाब-किताब के साथ इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर सीज कर दिया गया। अब टीमें बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। हालांकि आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई का कोई भी अधिकृत ब्यौरा नहीं दिया है। उधर विधायक के एक नजदीकी ने बताया कि आयकर विभाग की कार्रवाई में कुछ खास नहीं मिला है।

### बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा : युकेश

आयकर विभाग की कार्रवाई समाप्त होने के बाद बसपा विधायक के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने एक्स पर लगातार दो पोस्ट किए। एक पोस्ट में लिखा कि बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा होती हैं। इन्कम टैक्स के अधिकारियों की जांच प्रक्रिया थी, जो अब खत्म हो चुकी है। इस परिस्थिति में जो लोग हमारे परिवार का संबल बने। हमारा हौसला बढ़ाया, उसके लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। वहीं दूसरे पोस्ट विधायक के बेटे ने महाभारत को दो लाइन लिखीं है। कहा- मेरे रथ की रस्सी कस कर पकड़ना माधव, ये मेरे संघर्षों का आखिरी युद्ध होने वाला है।

### विधायक के करीबियों की बढ़ी बैचेनी

आयकर विभाग की टीम चली गई है और अभी फाइनल असेसमेंट की कार्रवाई होनी है। फिर भी बसपा विधायक के निकट के लोग जो कि खनन और निर्माण कार्य के ठेकों में शामिल रहे, उनके चेहरों पर खासी बैचेनी देखी गई। शुक्रवार को दोपहर में कई लोग विपुल खंड स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन के आफिस के बाहर देखे गए। उनमें आयकर कार्रवाई के दौरान क्या हुआ, उसे जानने की जिज्ञासा थी।



लखनऊ स्थित केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केजीएमयू के सभागार में प्रधानमंत्री के टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**अमृत विचार :** देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर (राजस्थान) से कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया।

कार्यक्रम के दौरान 15 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर प्रदेश में अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सभागार में देखा गया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती चिंता को देखते हुए यह ऐतिहासिक पहल की गई है। उन्होंने इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र बालिका तक यह जीवनरक्षक टीका पहुंचाना है।

अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि इस अभियान से भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी और मातृ-स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा टीका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक वर्ष में प्रदेश की लगभग 24 लाख 39 हजार 210 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष से कम हैं। शुरुआती तीन महीनों में टीका जिला अस्पतालों और ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा, बाद में इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# पीजीआई में जल्द शुरू होगा कॉर्निया प्रत्यारोपण, प्रदेश में बढ़ेंगे सरकारी आई बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजीआई) के नेत्र रोग विभाग में इसी वर्ष कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। संस्थान प्रशासन ने इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

चिकित्सा शिक्षा के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने शनिवार को संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में बताया कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में सरकारी आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्रों की संख्या 11 से बढ़ाकर 21 की जाएगी। प्रत्यारोपण प्रक्रिया को गति देने के लिए शासन स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जिसमें शासन के अधिकारी, स्टेट अंग और टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) व नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**दो चरणों में खुलेंगे 10 नए केंद्र :** सोटो के प्रदेश संयुक्त निदेशक एवं एसजी पीजीआई के एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि दो वर्षों में दो चरणों में पांच-पांच नए आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में निजी क्षेत्र में लगभग 75 केंद्रों पर आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा संचालित हो रही है। समारोह में अमित घोष ने डॉ. हर्षवर्धन की किताब फ्रॉम होप टू हीलिंगः ए प्रैक्टिकल गाइड टू ट्रांसप्लांट सिस्टम इन इंडिया का विमोचन किया। इस मौके पर पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान, नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अल्का गुप्ता, डॉ. शेफाली मजूमदार, डॉ. अभिषेक चंद्रा ने अहम जानकारी साझा की।

# रेड सैंड बोआ व पैंगोलिन की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पकड़े गए अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मिर्जापुर में अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अदलहाट थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर शनिदेव मंदिर के पास छापेमारी कर टीम ने एक रेड सैंड बोआ सर्प और करीब दो किलोग्राम पैंगोलिन की खाल बरामद की। बरामद खाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में वाराणसी के उमर फारूक, कोलकाता के अजहरूद्दीन अहमद और मिर्जापुर के राम प्रकाश पाठक शामिल हैं। इनके पास से केमिकल व इंजेक्शन भी बरामद किए गए। एसटीएफ के अनुसार गिरोह पूर्वी उत्तर प्रदेश में सक्रिय था और दुर्लभ वन्य जीवों की तस्करी करता था। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना पर कार्रवाई की गई।

पूछताछ में सामने आया कि रेड सैंड बोआ और पैंगोलिन की खाल का उपयोग कथित तौर पर शक्तिवर्धक दवाओं व कॉस्मेटिक उत्पादों में किया जाता है। वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# खादी प्रदर्शनी में 54 लाख से अधिक की बिक्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उद्यमियों को सम्मानित करते प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित "लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी" का शनिवार को समापन हो गया। बोर्ड मुख्यालय परिसर में 20 से 28 फरवरी तक चली इस प्रदर्शनी में 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खादी वस्त्र, हर्बल गुलाल, शहद, पापड़-बड़ी, नमकीन, आंवला उत्पाद, रेशम व सिल्क साड़ियां तथा हस्तशिल्प वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में इस वर्ष 54.23 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 50.17 लाख रुपये से अधिक है। समापन समारोह में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर को, द्वितीय श्रुति शुक्ला (लखनऊ) और तृतीय द्राक्षा फैशन (लखनऊ) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे, जिससे कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा मंच मिला।

# होली पर अवैध शराब पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने होली पर्व के मद्देनजर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आबकारी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में अवैध या जहरीली शराब के सेवन से कोई दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने शनिवार को संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने और अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों और अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए तथा अधिक दर पर बिक्री की शिकायत न मिले। भांग की अधिकृत दुकानों पर गांजा बिक्री रोकने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी गोयल ने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल सकता है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ही बंदी का निर्णय लिया जाए, ताकि व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

**अभियान** मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला दिवस 8 मार्च की समय-सीमा तय : मुख्य सचिव

# स्कूलों में शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले राज्य सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर सहित 42 जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूरी तरह क्रियाशील बनाने की समय-सीमा तय कर दी गई है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित सफाई, स्वच्छता, जल उपलब्धता, आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

सरकार का विशेष जोर छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिलने से छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को होने वाली असुविधा भी कम होगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### स्वच्छ शौचालयों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

शौचालयों की निगरानी के लिए 'प्रेरणा पोर्टल' पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी, जिससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हो सके। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लघु उद्योगों को दें बढ़ावा

## राज्यपाल ने इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर में किसानों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट कार्य के लिए किसान को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता एवं स्वयं सहायता समूह कृषि विकास की महत्वपूर्ण धुरी बनते जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत कृषि बजट, उर्वरक सब्सिडी, कृषि अनुसंधान जैसे प्रावधान कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। एग्रोटेक प्रदेश की कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में पुल का कार्य करेगा।

राज्यपाल शनिवार को गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर-ग्लोबल एग्रोटेक-2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कृषि के नवयुग की प्रस्तावना है। इण्डियन चैम्बर ऑफ फूड एण्ड एग्रीकल्चर के साथ ही राज्य सरकार एवं सभी सहयोगी संस्थानों की इस दूरदर्शी पहल के लिए बहुत साधुवाद है।

उन्होंने कहा कि एग्रोटेक तकनीक एवं परंपरा, अनुसंधान एवं अनुभव तथा नीति एवं प्रकृति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। बीज से बाजार तक और किसान से उपभोक्ता तक कृषि को समग्र मूल्य श्रृंखला के रूप में देखने का यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण की राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किया गया है। उसका प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देखा।

## एयरलाइंस को 11 हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को ईरान, सऊदी अरब और यूएई सहित 11 देशों के हवाई क्षेत्रों का उपयोग दो मार्च तक न करने की सलाह दी है। इन देशों में ईरान, इजराइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसके बाद कई हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद हैं। भारतीय एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया के लिए सेवाएं स्थगित कर दी हैं।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 1 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505 **किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100 **चावल**– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200 **दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100 **चीनी**– पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260 **बरेली सर्राफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 161000, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 157000, सिल्वर ( पक्की) 2700 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### गुजरात में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना शुरू

**नयी दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की अनुषंगी इकाई 'अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव सी लिमिटेड' ने गुजरात के खावड़ा में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,472 .2 मेगावाट हो गई है।

### जिंदल पॉली फिल्म्स मामले में एनसीएलएटी का स्टे से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें जिंदल पॉली फिल्म्स के शेयरधारकों द्वारा कंपनी के खिलाफ दायर 'क्लास एक्शन' याचिका को स्वीकार कर लिया था। 'क्लास एक्शन' या सामूहिक कार्रवाई याचिका कानूनी प्रक्रिया का एक तरीका है, जिसमें लोगों का बड़ा समूह किसी कंपनी या संस्था के खिलाफ एक साझा मुकदमा दायर करते हैं। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने माना कि अल्पसंख्यक शेयरधारकों द्वारा दायर याचिका, जिसमें 2,500 करोड़ से अधिक की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।

## नई पहचान



गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर फैसिलिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी के एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्लांट का उद्घाटन किया। कर्मचारियों से बात करते पीएम और साथ में माइक्रोन के सीईओ संजय मेहरोत्रा। फोटो : एजेंसी

## सेबी प्रमुख और कनाडा के वित्त मंत्री के बीच चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कनाडा के वित्त मंत्री फ्रैंकोइस-फिलिप शैम्पेन के साथ संस्थागत निवेश को सुविधाजनक बनाने और नियामक सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।चर्चा के दौरान सेबी प्रमुख के साथ पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान और कार्यकारी निदेशक मनिंदर चीमा भी उपस्थित थे। सेबी द्वारा शनिवार को ''एक्स'' पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने, नियामक समन्वय को सुदृढ़ करने और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# घट सकती है बुलेट ट्रेन में हो रही देरी

- घरेलू टीबीएम को बजट में प्रोत्साहन से जागी उम्मीद
- बजट में उन्नत उपकरणों के घरेलू विनिर्माण संवर्धन के लिए था प्रस्ताव

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चीन से टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) के आयात में हो रही देरी के बीच, उच्च श्रेणी के निर्माण उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के फैसले से भारत की तेज रफ्तार वाली रेल आकांक्षाओं को बल मिल सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च मूल्य और तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के लिए निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण (सीआईई) संवर्धन योजना का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि यह बहुमंजिला अपार्टमेंट में लिफ्ट, छोटे और बड़े अग्निशमन उपकरणों से



लेकर मेट्रो और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़क बनाने के लिए टनल बोरिंग उपकरणों तक हो सकता है।' भारत के पहले बुलेट ट्रेन गलियारे मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शीलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने के लिए कुछ सबसे बड़ी टीबीएम की आवश्यकता है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर तक समुद्र के नीचे का हिस्सा भी शामिल है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जर्मनी में बने टीबीएम को पिछले साल सितंबर में चीन से मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट भेजा जाना था। बताया कि केवल एक खेप पहुंची है और बाकी को तकनीकी कारणों से कुछ और महीनों के लिए रोक दिया गया है, जिससे समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई शुरू करने में देरी हो रही है।

# हार्डवेयर में भी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा भारत: मोदी

### पीएम मोदी ने किया साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन

- दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है: प्रधानमंत्री

**साणंद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर की ताकत के लिए लंबे समय से पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूती से बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग का प्रमाण है, विशेष रूप से एआई और चिप प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में, जहां दोनों देशों के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने 20वीं सदी के दौरान औद्योगिक क्रांति का दौर देखा। उस समय जो देश कारखानों, मशीनों और बड़े पैमाने पर उत्पादन में आगे थे, उन्होंने तेजी से प्रगति की। लेकिन यह सदी एआई क्रांति की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सेतु हैं। छोटी सी चिप औद्योगिक क्रांति और एआई क्रांति दोनों को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सदी में तेल की अहमियत थी, तो इस सदी की दिशा तय करने वाले माइक्रोचिप्स होंगे। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि देश ने अपने ''सेमीकंडक्टर मिशन'' की घोषणा उस समय की थी जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महामारी के दौरान सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो रहा था, लेकिन जो बीज हमने दृढ़ विश्वास के साथ बोए थे, वे अब बढ़ रहे हैं और फल दे रहे हैं। बताया कि उनकी सरकार ने अब तक 'सेमीकॉन इंडिया' कार्यक्रम के तहत 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और माइक्रोन संयंत्र के अलावा तीन और परियोजनाओं में बहुत जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम जो सेमीकंडक्टर परिवेश बना रहे हैं, वह किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए है।'' नोएडा (उत्तर प्रदेश), असम, ओडिशा और पंजाब में स्थित परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि इस बजट में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, भारत में सामग्री घटकों और सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात में पिछले 11 वर्षों में हुई भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। यह नया संयंत्र साणंद में एक नया परिवेश तैयार करेगा। प्रधानमंत्री ने टाटा नैनो फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा, कि जब एक बड़ी वाहन कंपनी यहां आई थी, तो उसके साथ एक पूरा परिवेश विकसित हुआ। भविष्य में साणंद सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी सफलता का एक नया अध्याय लिखेगा। एक सरकारी बयान के अनुसार यह संयंत्र एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) भंडारण उपकरण के साथ ही रैम प्रकार के डीरैम और एनएएनडी उत्पादों का निर्माण करेगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने इस संयंत्र में 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## गेल महाराष्ट्र में 1,736 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**दिल्ली,एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है।

गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है।

# एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

- एनएसई और बीएसई ने जारी किये अलग-अलग नोटिस

**मुंबई, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं।

दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाये हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित है।

यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को



बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।

वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।

एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में उसके निदेशक मंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

# टेक्सटाइल पार्क योजना में तेजी

- तमिलनाडु के विरुधुनगर में 23 निवेशकों को भूखंड आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर भूखंडों के आवंटन किये गये।

कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये। इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है। इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

विज्ञप्ति के अनुसार विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत



संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं।बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की। इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को भी स्वच्छ प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीम मित्र पार्क योजना के तहत विरुधुनगर सहित देश के सात स्थानों पर वृहद टेक्सटाइल उद्योग पार्क मंजूर किये गये हैं। विरुधुनगर लगभग 1,894 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसमें जल- मल शोधन संयंत्र के अलावा 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट, केंद्रीकृत स्टीम बॉयलर और लगभग 13 लाख वर्गफुट में विकसित प्लग-एंड-प्ले इकाइयों के लिए काम करने की जगह विकसित की गयी है।

## ईरान पर हमले के कारण तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों में उछाल आया तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद आपूर्ति चिंता बढ़ने के बीच बाजार में अफरा तफरी फैल गयी। दाम कम होने की वजह से किसानों की ओर से आवक घटाने के बाद कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों ने सरसों के दाम 150-150 रुपये क्विंटल बढ़ाये भी हैं।

# जनवरी में 152.49 लाख लोगों ने देश में की हवाई यात्रा

**मुंबई, एजेंसी**

देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल



कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही।

इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई।

विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

# आईआईएम के छात्रों का पैकेज 71.4 लाख तक पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई ने शनिवार को अपने 2024-2026 बैच के प्लेसमेंट के परिणामों की घोषणा की, जिसमें अधिकतम घरेलू वेतन पैकेज सालाना 71.4 लाख रुपये तक पहुंच गया। संस्थान द्वारा जारी एक बयान के अनुसार बैच के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों को औसतन 47.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला, जबकि शीर्ष 20 प्रतिशत के लिए यह औसत 41.4 लाख रुपये और शीर्ष 50 प्रतिशत के लिए 34.5 लाख रुपये रहा।

सूचना में कहा गया है कि स्नातकों को बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई), परामर्श, एफएमसीजी, सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, परिचालन, लॉजिस्टिक,



- परामर्श क्षेत्र रहा सबसे बड़ा नियोक्ता, 50 फीसदी को मिले 34.5 लाख सालाना

दवा और स्वास्थ्य सेवा तथा उत्पाद प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में नियुक्तियां मिली हैं। परामर्श क्षेत्र सबसे बड़े भर्ती क्षेत्र के रूप में उभरा, जिसमें 123 प्रस्ताव दिए गए। वहीं, बीएफएसआई क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में नियुक्तियों में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस सत्र की सबसे अधिक क्षेत्रीय वृद्धि है।

## जानकारी


**शेयरों में निवेश करने से पहले जानिए कुछ जरूरी बातें**

# डीमैट अकाउंट खोलना क्यों है जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान

**प्रकुल सक्सेना, कारोबार डेस्क**

**अमृत विचार:** निवेश को सुरक्षित और पेपरलेस बनाने के लिए सेबी ने 1 अप्रैल 2019 से फिजिकल शेयरों को डिजिटालाइज्ड यानी डिमैट करना अनिवार्य कर दिया है।

स्टेट बैंक समेत कई सरकारी और निजी बैंक अपने बैंकिंग ऐप्स से डीमैट अकाउंट बनाने की सुविधा दे रहे हैं। अगर आप भी शेयर ट्रेडिंग शुरूकरने की सोच रहे हैं या अभी आपने अपने फिजिकल शेयर को डिमैट नहीं किया है तो यहां दी गयी जानकारी आपके काम की है। आईए जानते हैं डिमैट अकाउंट से संबंधित सभी जरूरी बातें-



सीए शरद मिश्रा कहते हैं कि निवेश की शुरुआत के लिए सबसे पहले डीमैट अकाउंट को समझना बेहद जरूरी है। यह है क्या? सरल शब्दों में कहें तो यह आपके शेयरों का खाता या एक डिजिटल लॉकर है। जैसे बैंक खाते में पैसे रहते हैं, वैसे ही यहाँ आपके शेयर सुरक्षित डिजिटल रूप में रखे जाते हैं। **कैसे खोलें?** आप इसे किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या बैंक के माध्यम से खोल सकते हैं। **डीपी की भूमिका :** एक डीपी आपके डिजिटल अकाउंट और डेटा का पूरा रखरखाव करता है, जिससे आपकी ट्रांजेक्शन सुरक्षित रहती हैं। सुरक्षित निवेश की ओर यह आपका पहला कदम है।




### आवश्यक मुख्य दस्तावेज

भौतिक शेयरों को डीमैट में बदलने के लिए आपको ये कागजात तैयार रखने होंगे :

- ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट्स : वे सभी फिजिकल सर्टिफिकेट जिन्हें आप डिजिटल करना चाहते हैं। सुनिश्चित करें कि इन पर कंपनी का नाम, फोलियो नंबर और सर्टिफिकेट नंबर स्पष्ट हो।
- डीआरएफ (डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म) : यह फॉर्म आपको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) यानी आपके ब्रोकर से मिलेगा। हर कंपनी के शेयरों के लिए अलग डीआरएफ भरना होता है।
- पैन कार्ड : पैन कार्ड अनिवार्य है और यह आपके डीमैट खाते से लिंक होना चाहिए।
- केवाईसी दस्तावेज : आधार कार्ड या पासपोर्ट जैसे पते के प्रमाण।
- बैंक विवरण : एक कैंसल्ड चेक जिसमें आपका नाम और बैंक का आईएफएससी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो।

### स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

- डीमैट खाता खोलें : यदि आपके पास पहले से खाता नहीं है, तो किसी भी सेबी–पंजीकृत ब्रोकर से या ऐप से डीमैट खाता खोलें।
- डीआर फार्म भरें : अपने ब्रोकर से ' 'डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म' ' प्राप्त करें। इस फॉर्म पर वैसे ही हस्ताक्षर करें जैसे आपने पुराने शेयर सर्टिफिकेट पर किए थे।
- सर्टिफिकेट सरेंडर करें : हर शेयर सर्टिफिकेट पर 'सरेंडर्ड फॉर डीमटेरियलाइजेशन' लिखें। इससे सर्टिफिकेट की भौतिक वैधता समाप्त हो जाती है और सुरक्षा बढ़ती है।
- ब्रोकर को जमा करें : डीआर फॉर्म और मूल सर्टिफिकेट अपने ब्रोकर (डीपी) को सौंप दें। आगे की करवाई डीपी करेगा।
- डिजिटल क्रेडिट : एक बार जब कंपनी और आरटीए आपके हस्ताक्षरों और सर्टिफिकेट की पुष्टि कर देते हैं, तो भौतिक शेयर नष्ट कर दिए जाते हैं और उतने ही शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में आपके डीमैट खाते में जमा कर दिए जाते हैं।

### महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखें

- नाम में अंतर : यदि आपके पुराने सर्टिफिकेट और वर्तमान पैन कार्ड के नाम में मामूली अंतर है तो आपको एक एफ़िडेविट या नाम सुधार फॉर्म देना पड़ सकता है।
- नामांकन : सेबी के नए नियमों के अनुसार, डीमैट खाते में नॉमिनी का होना अब अनिवार्य है।
- संयुक्त धारक : यदि भौतिक शेयर संयुक्त नाम में हैं, तो डीमैट खाता भी उसी क्रम में उन्हीं व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए।
- यह प्रक्रिया आमतौर पर 15 से 30 दिनों में पूरी हो जाती है। चूंकि सेबी ने 2026 तक की समयसीमा और विशेष खिड़की की बात की है, इसलिए यही सही समय है।कि आप अपनी पुरानी कागजी संपत्तियों को सुरक्षित डिजिटल रूप में बदल लें।

अमृत विचार www.amritvichar.com



# कम दृश्यता, रनवे के रखरखाव में कमी से क्रैश हुआ था अजीत पवार का विमान

● एएआईबी ने जारी की अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती में 28 जनवरी 2026 को हुई विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शनिवार को जारी की, रिपोर्ट में दुर्घटना के समय दृश्यता न्यूनतम सीमा से कम होने और हवाई पट्टी तथा रनवे के रखरखाव में कमी की बात का खुलासा हुआ है।

इस हादसे में महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी। जांच में पता चला है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से ठीक पहले



पायलट ने कहा था - उफ, उफ। वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 एक्सआर विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-एसएसके) मुंबई से पवार को लेकर बारामती पहुंचा था। वहां उतरते समय रनवे 11 की बाईं तरफ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती हवाई पट्टी पर सिर्फ वीएफआर (वीजुअल फ्लाइट रूल्स) के तहत परिचालन की अनुमति है जिसके लिए न्यूनतम दृश्यता पांच किलोमीटर होनी चाहिए। पायलट और एटीसी के बीच हुए संचार से पता चलता है कि उस समय दृश्यता तीन किमी थी जिसके बारे में एटीसी ने पायलट को सूचना दी थी। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के माध्यम से बताया गया है कि उस समय पुणे के आसपास बादल नहीं था, लेकिन 81 किलोमीटर दूर स्थित बारामती में हल्का कोहरा था।

## आखिर क्यों बिगड़ी बात

अमेरिका और ईरान के संबंध कभी दोस्ती तो कभी दुश्मनी के चरम पर रहे हैं, लेकिन फरवरी 2026 की घटनाओं ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने उस कूटनीतिक धागे को तोड़ दिया है, जिसे महीनों की मेहनत से मस्कट और जिनेवा में बुना गया था। यह विवाद महज दो देशों की रंजिश नहीं है, बल्कि वर्चस्व, सुरक्षा और परमाणु हथियारों की दौड़ का एक ऐसा जटिल ताना-बाना है जिसने पूरे पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर बिठा दिया है। विवाद की गहराई को समझने के लिए हमें 2015 के परमाणु समझौते और फिर 2018 में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उससे हटने के फैसले को देखना होगा। ट्रंप का मानना था कि पिछला समझौता ईरान को बम बनाने से नहीं रोकता, बल्कि उसे केवल टालता है।

## अमेरिका-ईरान वार्ता



### ट्रंप की नाराजगी के कारण

● शून्य संवर्धन की मांग : अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि ईरान को एक ग्राम यूरेनियम भी संवर्धित करने की अनुमति न मिले।

● स्थायी क्लॉज : ट्रंप पुराने समझौते के 'सनसेट क्लॉज' (जिसके तहत कुछ प्रतिबंध समय के साथ खत्म हो जाते) के सख्त खिलाफ हैं। वह एक स्थायी प्रतिबंध चाहते हैं।

● ईरान का आक्रामक रुख : बातचीत के दौरान भी हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमले जारी रहे, जिससे ट्रंप को लगा कि ईरान केवल बातचीत का नाटक कर रहा है।

### विवाद की मुख्य वजह

● परमाणु बम का डर : अमेरिका को संदेह है कि ईरान फतवा (परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक आदेश) की आड़ में गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।

● मिसाइल प्रोग्राम : ईरान के पास मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार है। अमेरिका चाहता है कि परमाणु वार्ता में मिसाइलों को भी शामिल किया जाए, जिसे ईरान अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।

● क्षेत्रीय विस्तारवाद : ईरान द्वारा हमास (गाजा), हिजबुल्ला (लेबनान) और हूतियों (यमन) को दिया जाने वाला समर्थन अमेरिका और उसके मित्र देशों (इजरायल, सऊदी अरब) के लिए बड़ा खतरा है।

● आर्थिक प्रतिबंध : अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'तेल निर्यात' पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिसे ईरान 'आर्थिक आतंकवाद' कहता है।

वर्तमान स्थिति दिखाती है कि कूटनीति केवल औपचारिकता रह गई है। ईरान पीछे नहीं हटता और अमेरिका हमले जारी रखता है, तो दुनिया ऊर्जा संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता की चपेट में आ जाएगी।

### मस्कट से जिनेवा तक

● **सहमति के बिंदु : ईरान इस बात पर राजी हो गया था कि वह 60% संवर्धित यूरेनियम के स्टॉक को फ्रीज कर देगा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को अधिक पहुँच प्रदान करेगा।**

● **टकराव के बिंदु : ईरान चाहता था कि अमेरिका पहले सभी प्रतिबंध हटाए और भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति द्वारा समझौते से दोबारा न हटने की कानूनी गारंटी दे।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में हो सकता है विलंब

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने शनिवार को यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी कर आगाह किया कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है या उनके मार्ग में बदलाव किया जा सकता है। हवाई अड्डे ने कहा कि संभावित व्यवधान कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों के अस्थायी रूप से बंद होने और प्रतिबंधों के कारण हैं। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने परामर्श में कहा कि यात्रियों को हवाई अड्डे की यात्रा करने से पहले संबंधित एयरलाइनों के साथ उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच करने और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### हूती विद्रोही जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे।

### सिएरा लियोन के 16 सैनिकों को किया रिहा

**कोनाक्री (गिनी)।** अफ्रीकी देश गिनी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश सिएरा लियोन के उन 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में सीमा विवाद में गिरफ्तार किया गया था। सिएरा लियोन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएरा लियोन के सूचना मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा, गिनी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सुरक्षा अधिकारियों को सिएरा लियोन को सौंप दिया गया है।

### एएनटीएफ ने अफीम सहित युवक को पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में मादक पदार्थ निरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे करीब ढाई किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने शनिवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ चौकी ने शुक्रवार देर रात चंदेरिया रोलाहेड़ा मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण करने की अपील की

● ईरान को बताया दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़े पैमाने पर युद्ध अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है और अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलों को विकसित करने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि कुछ समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले सभी खतरों को समाप्त करके अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, ईरानी शासन 47 वर्षों से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है और अमेरिका, हमारे सैनिकों और कई देशों में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर रक्तपात और सामूहिक हत्या का एक अंतहीन अभियान चला रहा है। ट्रंप ने कहा, शासन के शुरुआती कृत्यों में से एक तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर हिंसक कब्जे का समर्थन करना था, जिसमें दर्जनों अमेरिकी नागरिकों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सहयोगी हमास ने ही सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले किए, जिसमें 46 अमेरिकियों सहित 1,000 से अधिक निर्दोष की हत्या कर दी गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश है, और उसने हाल ही में विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने हजारों नागरिकों को मार डाला।



ईरानी मिसाइल हमले की आशंका में तेल अवीव में एक आश्रय स्थल में शरण लिए लोग।

### खामनेई के मारे जाने की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई जहां तक मुझे पता है जीवित हैं। अराघची ने एनबीसी न्यूज से उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि इजराइली हमलों में खामेनेई की मौत हो गई है। उनके मरने का दावा कुछ इजराइली मीडिया घरानों ने किया था। अराघची ने इतना अवश्य कहा कि उनके एक या दो कमांडर मारे गए हैं, लेकिन अधिकांश अधिकारी जीवित हैं। अराघची ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को असंभव कार्य करार देते हुए कहा कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई संवाद नहीं हो रहा है, कहा कि बातचीत की किसी संभावना से पहले हमलों को रुकना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करें

**ब्रुसेल्स।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया और क्षेत्र के देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की। इन देशों ने शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजराइली हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि उनके देशों ने ईरान पर हुए हमलों में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के अन्य साझेदारों के साथ घनिष्ठ संपर्क में हैं। इन तीनों देशों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के जरिए समाधान निकालने के प्रयासों का नेतृत्व किया है।

## शांति बहाली में सहयोग करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं? अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

## अफगान बलों ने गिराया पाकिस्तानी जंगी विमान

● पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को मनगढ़ंत-झूठा बताया

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया और पायलट को हिरासत में ले लिया। स्थानीय मीडिया में रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुलु न्यूज़ के अनुसार, अफगान बलों ने पायलट को हिरासत में ले लिया है।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को अफ़गान मीडिया के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उसने नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराने और उसके पायलट को ज़िंदा पकड़ने का दावा किया था। इस बीच, समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने नंगरहार पुलिस कमान के प्रवक्ता सैयद तैयब हम्माद के हवाले से कहा कि नंगरहार हवाई अड्डे पर वायु रक्षा प्रणाली के चालू होने के तुरंत बाद लडाकू विमान को मार गिराया गया। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी कामयाबी बताया। उल्लेखनीय है कि तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान के हमलों में कई अफगानों की जान जा चुकी है, जबकि अफगानिस्तान आत्म रक्षा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान ने सैन्य विमान गिराने को झूठा और मनगढ़ंत वाकया बताया। सूचना मंत्रालय ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि पाकिस्तान सैन्य बलों का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया गया है और कोई भी पायलट लापता या पकड़ा नहीं गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान सैन्य बलों ने किसी भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मंत्रालय ने कहा कि आरोप को साबित करने के लिए क्रैश का मलबा, मलबा या पकड़े गए पायलट का कोई भी विज़ुअल सबूत पेश नहीं किया गया है।

### संरा प्रमुख ने हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने और नागरिक आबादी पर इसके प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।

## एसआईआर के बाद बंगाल में 7.04 करोड़ से अधिक वोटर

● राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

कोलकाता, एजेंसी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया।

## बोलीविया में विमान क्रैश, 15 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया की राजधानी के पास नकदी ले जा रहा एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे राजमार्ग पर लगभग एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोलीविया की वायु सेना से संबंधित हरक्यूलिस विमान देश के 'सेंट्रल बैंक' से अन्य शहरों में नए नोट पहुंचाने जा रहा था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जमीन पर बड़ी संख्या में नोट बिखरे हुए थे। दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना में मारे गए लोग विमान में थे या ला पाज हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर खड़ी कारों में सवार थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

## पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

● खुफिया जानकारी पर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था। यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** – आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। सरकारी कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**कर्क** – आज रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं। फालतू में अपना समय बर्बाद न करें। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**सिंह** – आज अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा।

**कन्या** – आज आपको जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलेंगे। अपना मनोबल व आत्मविश्वास बनाए रखें।

**तुला** – आज समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृश्चिक** – आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**मकर** – आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**कुंभ** – आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनाएंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें।

**मीन** – आज किसी से करियर को लेकर सलाह लेना उचित रहेगा। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। प्रेमी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## शिक्षक भर्ती घोटाला: कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा

● विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार सिन्हा को दी बेल

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अभियोजन की मंजूरी देने में लंबे समय तक देरी करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को सशर्त जमानत देते हुए सिन्हा को एक लाख रुपये के मुचलके के साथ इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने और विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी सहायक शिक्षक का पद दिलाने का वादा करके विद्यालयों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, ये आरोप शायद चिटफंड संचालकों द्वारा किए गए अपराधों से भी कहीं अधिक जघन्य हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत अभियोजन की स्वीकृति से जुड़े आंतरिक रूप से संबद्ध मुद्दे का उल्लेख किए बिना नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा यदि सभी आरोपियों को लंबी हिरासत के कारण धीरे-धीरे जमानत मिल जाए, लेकिन राज्य द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण मुकदमा रुक जाए।

डीयू दीक्षांत समारोह | उपराष्ट्रपति ने कहा-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें विश्वविद्यालय

# भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

● वैश्विक रैंकिंग पाने के लिए ऊंचा लक्ष्य रखना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की। राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का है। विवि में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। कहा कि डीयू देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में है, फिर भी वैश्विक रैंकिंग में ऊंचा स्थान पाने को ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए।




### डिग्रियां प्रमाणपत्र ही नहीं राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु चुनौतियों और लोकतंत्र पर बढ़ते दबावों के दौर में उन्होंने कहा कि आपकी डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं बल्कि मानवता और राष्ट्र के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने छात्रों से आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने, नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपनी उपलब्धियों से परिवार, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में स्नातक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19 .09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 20 .34 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

### सुडोकू -76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |



कश्मीरी 'विलो' (बल्ला) कई चैंपियनों की किट का हिस्सा रही है। जम्मू-कश्मीर का चैंपियनों को सक्षम बनाने से लेकर खुद चैंपियन बनने तक का सफर देखना बेहद खूबसूरत है। यह सत्र निरंतरता, जुझारूपन और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित था।

–सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 1 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| जिम्बाब्वे-द. अफ्रीका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-वेस्टइंडीज | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अपने अभियान का सकारात्मक अंत चाहेगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

### वरुण अब भी टी-20 के नंबर गेंदबाज हैं : डेरेन सैमी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता। सैमी ने शनिवार को मैच से पहले मीडिया से बातचीत में कहा पिछली बार जब मैंने देखा था तो मुझे लगता है कि वह टी20 क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज थे। हम हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं।

### मिशेल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता

दुबई, 28 फरवरी (वार्ता) न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया।



# जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज, गेंदबाजी में करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**टी-20 विश्व कप**

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे।

वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेला है।





अभ्यास सत्र के दौरान पिच का निरीक्षण करते वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप (दाएं)। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।



कुलदीप यादव। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |

### तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे : सहायक कोच रेयान डोएशे

**कोलकाता।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरूरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है।

## बल्लेबाजी की कमजोरी को दूर करना होगा भारतीय महिला टीम को

**होबार्ट, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा व अंतिम वनडे आज
- दो मुकाबले हारकर भारत पहले ही गंवा चुका है सीरीज

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंद्वी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।

पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है।





भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

## पाकिस्तान टी-20 विश्व कप से बाहर

**पल्लेकल, एजेंसी**

- 212 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद नहीं रोक पाए श्रीलंका को
- साहिबजादा फरहान का शतक और फखर जमां की विस्फोटक पारी गई बेकार

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (84 रन) के बीच टी20 विश्व कप इतिहास में किसी भी विकेट के लिए 176 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से शनिवार को यहां सुपर आठ मैच में श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके बावजूद श्रीलंका को निर्धारित लक्ष्य पर रोक नहीं पाया और सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। पाकिस्तान को नेट रन रेट में न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ने और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को 147 रन से कम के स्कोर पर रोकना था। श्रीलंका 17 ओवर तक 5 विकेट पर 162 रन बना चुका था।

इससे पहले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर बनाने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन श्रीलंका के मैदान पर खराब प्रदर्शन ने प्रतिद्वंद्वी टीम को फायदा पहुंचाने में योगदान दिया। जमां 16वें ओवर में आउट हुए, उन्होंने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद की पारी खेली जिसमें नौ चौके और चार छक्के जड़े थे। जब वह 15 रन पर थे तो दासुन शनाका की गेंद पर महीश तीक्षणा के हाथों से निकलकर एक चौका लग गया। जब वह 46 रन पर थे तब श्रीलंकाई विकेटकीपर ने कैच लेने की जोरदार अपील की लेकिन टीम ने डीआरएस नहीं लिया। फरहान (60 गेंद में नौ चौके, पांच छक्के) ने धमाकेदार बल्लेबाजी की पहल की जिससे पाकिस्तान ने पांचवें ओवर के अंदर 50 रन का आंकड़ा पार किया। इससे उन्हें हर ओवर में कम से कम 10 रन बनाने की लय मिली जिसे उन्होंने अच्छी तरह बनाए रखा। दाएं हाथ के बल्लेबाज फरहान ने टी20 विश्व कप के एक चरण में सबसे ज्यादा रन (319) बनाने का भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा और टूर्नामेंट में अपना दूसरा शतक भी लगाया। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण का पूरा फायदा उठाया जो दबाव में अपनी लाइन एवं लेंथ से चूकते दिखे। श्रीलंका के गेंदबाजों के पास फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज के खिलाफ कोई रणनीति नहीं दिख रही थी।





शतक लगाने के बाद जश्न मनाते साहिबजादा फरहान। एजेंसी

**सफलता**

**67 साल का लंबा इंतजार खत्म, आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को हराया, फाइनल के पहले ही प्रवेश में जीती रणजी ट्रॉफी**

# जम्मू-कश्मीर ने 10 दिनों में दूसरी बार रचा इतिहास

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर ने युवा खिलाड़ियों के दृढ़प्रतिज्ञ प्रदर्शन से 10 दिनों के भीतर दूसरी बार इतिहास रचा और राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में फाइनल के पहले ही प्रयास में आठ बार के पूर्व चैम्पियन कर्नाटक को उसके घर में हराकर ऐतिहासिक खिताबी जीत भी हासिल कर ली।

गत 18 फरवरी की ही बात है, जब कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन मेजबान पश्चिम बंगाल को छह विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण के बाद 67 वर्षों में पहली बार फाइनल का सफर तय किया था। पारस डोगरा की अगुआई वाली मेहमान टीम ने यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर भी अपना वही जोश व जज्बा कायम रखा और शनिवार को ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर चैम्पियन का श्रेय अर्जित कर लिया। जम्मू-कश्मीर टीम के लिए इससे अधिक गर्व का क्षण और क्या हो सकता था कि मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बनने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। उमर अब्दुल्ला शुक्रवार की शाम ही यहां आ गए थे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्रिकेट जगत व अन्य क्षेत्रों के लोगों ने पहली बार चैम्पियन बनने पर जम्मू-कश्मीर को बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में लिखा, 'जम्मू और कश्मीर टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई! यह ऐतिहासिक जीत टीम के जबर्दस्त धैर्य, अनुशासन और जुनून को दिखाती है। यह जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का पल है।



कर्नाटक के हुबली में टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी। एजेंसी

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 342 |
| कर्नाटक | 293 |

### एक समय कमजोर टीम माना जाता था जम्मू-कश्मीर को

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था।

### यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण : कप्तान डोगरा

**हुबली।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

डोगरा ने मैच के बाद कहा सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### उमर अब्दुल्ला ने दो करोड़ रुपये की घोषणा की

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए दो करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गर्व और प्रेरणा से भर दिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हुबली (कर्नाटक) पहुंचे थे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम का उत्साहवर्धन किया।